खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 29 सितंबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु. । वर्ष-6 । अंक-270



खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ



# नेपाल: लगातार बारिश के चलते पूरे देश के एयरपोर्ट बंद, आंतरिक उड़ानों पर रोक, इंटरनेशनल उड़ानों को भारत किया डाइवर्ट

**काठमांडू, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** नेपाल में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही भारी बारिश से देशभर का जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। बारिश के चलत पूरे देशे के एयरपोर्ट को बंद कर दिया गया है। काठमांडू से शुक्रवार रात से ही आंतरिक उड़ानों को रोक दिया गया है, जबकि इंटरनेशनल फ्लाइट्स को भारत के अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डाइवर्ट किया गया है।

नेपाल में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के कारण सरकार ने काठमांडू स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय विमानस्थल से आंतरिक उड़ानों पर रोक लगा दी है। इस एयरपोर्ट पर एयर सुबह से एयर तीन अंतरराष्ट्रीय विमान की लैंडिंग हो सकी। बारिश के कारण यहां की विजिबिलिटी बहुत ही कम होने के कारण विमानों के उड़ान और अवतरण बाधित हो रही है।

नागरिक उड्डयन विभाग के महाप्रबंधक प्रदीप अधिकारी ने बताया कि काठमांडू सहित देशभर के सभी एयरपोर्ट को अगली सूचना तक के लिए बंद करने का आदेश दे दिया गया है। काठमांडू से आंतरिक उड़ानों पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को कई अंतरराष्ट्रीय विमानों को भारत के लखनऊ, कोलकाता और वाराणसी डाइवर्ट कर दिया गया था। शनिवार को भी सुबह से ही हो रही मूसलाधार बारिश के कारण अधिकांश एयरलाइंस को भारत डाइवर्ट किया गया है। बीच बीच में बारिश कम होने और विजिबिलिटी ठीक होने पर अपराह्न 1 बजे तक सिर्फ तीन इंटरनेशनल एयरलाइंस को ही लैंडिंग की अनुमति मिल पाई है।

महाप्रबंधक अधिकारी के मुताबिक दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु से आने वाले विमानों को वहीं रोका गया है। इसके अलावा चीन के बीजिंग, सिचुवान, ल्हासा और ग्वांजाओ से आने वाले विमानों को चीन के ही ताइफू के तरफ मोड़ दिया गया है। इसके अलावा सिंगापुर, मलेशिया, जापान, कोरिया, तुर्की सहित दुबई, कतर आबूधाबी से आए विमानों को भारत के अलग अलग एयरपोर्ट के तरफ डाइवर्ट किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### रावलपिंडी में टकराव की आशंका, पीटीआई की रैली से पहले धारा 144 लागू




**रावलपिंडी।** पाकिस्तान के रावलपिंडी शहर में अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और पुलिस के बीच टकराव आशंका बढ़ गई है। पंजाब सरकार ने पीटीआई की रैली से पहले शहर में धारा 144 लागू कर दी है। पंजाब सरकार ने शनिवार को आहूत रैली के मद्देनजर धारा 144 के तहत सभी प्रकार की सभाओं, रैलियों, विरोध प्रदर्शनों और हथियार प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध 28 और 29 सितंबर को प्रभावी रहेगा। इसी के साथ अटक, झेलम और चकवाल जिलों में भी धारा 144 लागू कर दी गई है। इस बीच, पीटीआई ने समर्थकों से लियाकत बाग में इकट्ठा होने का आह्वान किया। नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा, मैं आप सभी से दोपहर दो बजे लियाकत बाग में बड़ी संख्या में आने का आग्रह करता हूं। हम एक सभा करेंगे, यह हमारा कानूनी और संवैधानिक अधिकार है। उल्लेखनीय है कि पीटीआई ने मंगलवार को डीसी से 28 सितंबर को रावलपिंडी में सार्वजनिक रैली के लिए अनुमति मांगी थी।

### श्रीलंका के पूर्व मंत्री कुमार वेलगामा का निधन

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व मंत्री और कलूटारा के पूर्व सांसद कुमार वेलगामा का निधन हो गया। उन्होंने



74 वर्ष की आयु में राजधानी कोलंबो के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। पूर्व मंत्री कुमार वेलगामा का इस अस्पताल में चल रहा था। साल 2020 से वे न्यू लंका फ्रीडम पार्टी के नेता रहे हैं और समागी जन बालवेगया के साथ चुनाव लड़े हैं। वेलगामा 1984 से 2000 के बीच अगालावटे निर्वाचन क्षेत्र में श्रीलंका फ्रीडम पार्टी के मुख्य आयोजक थे। वेलगामा 2007 से 2010 तक औद्योगिक विकास मंत्री और 2010 से 2015 की शुरुआत तक एसएलएफपी के नेतृत्व वाली सरकार में परिवहन मंत्री थे।

### पाकिस्तान में भिड़ रहे शिया-सुन्नी, अब तक 64 की हो गई मौत, नहीं हो पाया समाधान



**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की सीमा से सटे आतंक प्रभावित कुर्रम जिले में हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। एक महीने पहले ही यहां सीजफायर का समझौता किया गया था। बावजूद इसके यहां खूनी झड़प रोकी नहीं जा सकी हैं। बीते एक सप्ताह में ही इस संघर्ष में कम से कम 64 लोगों की मौत हो गई है। इससे पहले भी हिंसा में लगभग 50 लोगों की मौत हो गई थी। विवाद को गहराता देख सरकार ने दखल देकर दोनों समुदायों के बीच अगस्त महीने में समझौता करवाया था। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि फिर भड़की हिंसा की वजह से यातायात प्रभावित हुआ है। इसके आलावा खाने-पीने के सामान की सप्लाई भी कम हो गई है। लोगों को फ्यूल और दवाई के लिए भी तरसना पड़ रहा है। हिंसा की वजह से शैक्षिक संस्थान बंद कर दिए गए हैं। कुर्रम पहाड़ी इलाका है और इसका बॉर्डर अफगानिस्तान के साथ लगता है। यहां करीब सात लाख लोग रहते हैं जिनमें से 42 फीसदी शिया समुदाय से हैं। लगभग 24 करोड़ की आबादी वाले सुन्नी बहुल पाकिस्तान में पाराचिनार शहर के आसपास सुन्नियों की संख्या ज्यादा है। यहां पर जातीय हिंसा लंबे समय से चली आ रही है।बीते सप्ताह शनिवार को शुरू हुई हिंसा गुरुवार को छठे दिन भी जारी रहीं। पुलिस के अनुसार, दोनों पक्ष छोटे-बड़े हथियारों से एक-दूसरे को निशाना बना रहे हैं। तनाव के चलते पाराचिनार-पेशावर मुख्य सड़क और पाक-अफगान खारलाची सीमा बंद हो गई है। इससे भोजन, ईंधन और दवाओं सहित आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित है। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता बैरिस्टर सैफ अली ने कहा, अधिकारी कबायली बुजुर्गों की मदद से तनाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। डिप्टी कमिश्नर जावेदउल्लाह महसूद ने कहा कि संघर्ष विराम के लिए प्रयास जारी हैं, जिला प्रशासन, पुलिस, सैन्य नेतृत्व और आदिवासी बुजुर्ग क्षेत्र में शांति लाने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। खूनी संघर्ष कुर्रम से शुरू हुआ और बालिशखेल, सद्दा, खार कल्ले, पीवार और मकबल जैसे क्षेत्रों में फैल गया। ये इलाके अफगानिस्तान के खोस्त, पक्तिया, लोगर और नांगरहार प्रांतों की सीमा से लगे हैं, जिन्हें आईएसआईएस और पाकिस्तान तालिबान का गढ़ माना जाता है। यहां जुलाई महीने में 50 लोग मारे गए और 225 घायल हो गए थे।

## सुरक्षित स्थान पर जाने के बाद इजराइल पर बरसे ईरानी नेता खामनेई, कहा–

# सभी ताकतें हिजबुल्ला के साथ खड़ीं

**तेहरान, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** इजराइल लगातार लेबनान के शहरों पर मिसाइल हमले कर रही है। शुक्रवार को इज़राइली डिफेंस फोर्स ने दक्षिणी बेरूत के एक इलाके में जबरदस्त हवाई हमला किया। इजराइल ने इस हमले में हिजबुल्ला चीफ नसरल्ला के मारे जाने का दावा किया है। इन हमलों का असर अब ईरान में भी देखने को मिल रहा है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई को कड़े सुरक्षा प्रबंधों के साथ देश के अंदर एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।

सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को दक्षिणी बेरूत में हुए हवाई हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला मार जाने के बाद से ईरान आगे की रणनीति तय करने के लिए लेबनान के हिजबुल्ला और कई क्षेत्रीय गोरिल्ला समूहों के साथ लगातार संपर्क में था। यही नहीं इसके पहले शुक्रवार देर रात को खामनेई ने तेहरान में सुरक्षा परिषद के साथ बैठक भी की थी। सुरक्षित स्थान पर जाने के बाद ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई के आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक के बाद एक कई ट्वीट किए गए हैं। बयान में कहा गया है कि, लेबनान में निहत्थे नागरिकों की हत्या ने एक बार फिर जायोनीवादियों की बर्बर प्रकृति को सबके सामने उजागर कर दिया है। दूसरी ओर इन कार्रवाईयों ने यह भी साबित कर दिया है कि कब्जा करने वाली सरकार के नेताओं की नीतियां कितनी अदूरदर्शी और पागलपन भरी हैं।

खामनेई ने आगे लिखा कि, आतंकवादी गिरोह (इजराइली सरकार) ने गाजा में अपने 1 साल के आपराधिक युद्ध से कुछ नहीं सीखा है। उसे यह समझ नहीं आया है कि, महिलाओं, बच्चों और नागरिकों का नरसंहार प्रतिरोध के मजबूत ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचा सकता है या उसे घुटने टेकने पर मजबूर नहीं कर सकता है। अब वो लेबनान में भी उसी बेतुकी नीति का परीक्षण कर रहे हैं। ईरानी नेता ने आगे लिखा कि, क्षेत्र में सभी प्रतिरोधी



शक्तियां हिज्बुल्ला के साथ खड़ी हैं और उसका समर्थन करती हैं। इस क्षेत्र का भाग्य प्रतिरोध की शक्तियों द्वारा तय किया जाएगा। जिसमें गर्वित हिज्बुल्ला सबसे आगे होगा। लेबनान के लोग उन दिनों को नहीं भूले हैं जब सत्ता हथियाने वाली सेना बेरूत तक पहुंच गई थी। यह हिज्बुल्ला ही था। जिसने उनको आगे बढ़ने से रोक दिया था और लेबनान को सम्मान और गौरव वापस दिलाया था। आज, ईश्वर की शक्ति से लेबनान फिर से दुश्मन को उसके किए पर पछतावा करने के लिए मजबूर करेगा।

इससे पहले शुक्रवार को इस्राइली सेना ने बेरूत में हिजबुल्ला के मुख्यालय पर हमला किया था। हमले के बाद इजराइली खेमे ने हिजबुल्ला के मुख्य कमांडर हसन नसरल्ला की मौत होने का दावा किया। यह हमला प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संयुक्त राष्ट्र को संबोधित करने के कुछ ही समय बाद किया गया। इस हमले में हिजबुल्ला प्रमुख नसरल्ला के मारे जाने की खबर है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक हमले में छह लोगों की मौत हुई है। इस्राइली हमले में 91 लोग घायल भी हुए हैं। इस्राइली सेना ने बेरूत क्षेत्र में हवाई हमले करने को लेकर कहा कि सेना स्थानीय निवासियों को वहां से हटने की चेतावनी दे चुकी है। सेना ने बेरूत की उन तीन इमारतों को खाली करने को कहा, जहां हिजबुल्ला अपने हथियार छिपाने का काम करता है। इस्राइली सेना का दावा है कि उसने हिजबुल्ला के मुख्यालय पर हमला किया है।

### मालदीव की चीन से नहीं बैठी पटरी, वापस भारत की शरण में आ रहे मुइज्जू

**माले।** मालदीव ने सोचा था चीन से दोस्ती करके भारत पर दबाव बना लेगा ये उसकी गलत फहमी निकली। अतत: मालदीव की सभी गलत फहमियां दूर हो गई और उसे वापस भारत की शरण में लौटना पड़ रहा है। ये इसलिए कहा जा रहा है कि खुद मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इंडिया आउट के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके देश में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक गंभीर समस्या थी। अब मुइज्जू अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में भारत की यात्रा करने वाले हैं। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में आई कड़वाहट को दूर करने की कोशिश के तौर देखा जा रहा है। वे 6-10 अक्टूबर के दौरान द्विपक्षीय यात्रा के लिए भारत में रहेंगे। नाम नहीं बताने की शर्त पर दोनों देशों के लोगों ने बताया कि पीएम मोदी के साथ उनकी बैठकें 7 अक्टूबर को होने की संभावना है। बता दें कि मुइजू पिछली बार 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए छह अन्य क्षेत्रीय देशों के नेताओं के साथ नई दिल्ली आए थे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम 'डीन्स लीडरशिप सीरीज' में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा कि हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे। यह भारत को बाहर करना नहीं है। मालदीव के लोगों को अपने देश में विदेशी सेना की उपस्थिति से एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। मुइज्जू ने कहा कि मालदीव के लोग नहीं चाहते कि एक भी विदेशी सैनिक देश में रहे।भारत और मालदीव के बीच संबंध पिछले साल नवंबर से ही तनावपूर्ण हो गए थे, जब चीन के प्रति झुकाव रखने वाले मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति का पदभार संभाला था।

# विनाशकारी तूफान हेलेन का असर व्यापक और विनाशकारी रहा



**फ्लोरिडा, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** तूफान हेलेन शुक्रवार देर रात कमजोर होकर श्रेणी 1 का तूफान बन गया, लेकिन इसके बावजूद इसका असर व्यापक और विनाशकारी रहा। तूफान ने लगभग 140 मील प्रति घंटे की तेज हवाओं और भारी बारिश के साथ फ्लोरिडा को प्रभावित किया, जिससे कई इलाकों में बड़े पैमाने पर बिजली गुल हो गई।

फ्लोरिडा में 1.3 मिलियन और जॉर्जिया में 583,000 से अधिक लोग बिजली के बिना रह गए, वहीं दक्षिण कैरोलिना और उत्तरी कैरोलिना में भी हजारों घर और व्यवसाय प्रभावित हुए। तूफान के कारण कम से कम तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जिनमें जॉर्जिया और फ्लोरिडा के लोग शामिल हैं।

इन मौतों में से एक व्यक्ति की मौत टैम्पा क्षेत्र में एक वाहन पर यातायात संकेत गिरने से हुई। स्थिति को संभालने के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने 3,500 नेशनल गार्ड्समैन को तैयार रखा है, जबकि हवाई यात्रा पर भी व्यापक असर पड़ा है, जिससे लगभग 1,300 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

**भारी बारिश के बीच लाखों घरों की बिजली हुई गुल, कम से कम तीन लोगों की मौत**

तूफान केंद्र ने दक्षिण-पूर्वी अमेरिका में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के खतरे की चेतावनी दी है। कुछ क्षेत्रों में 6 से 12 इंच तक बारिश होने की संभावना है, जबकि कुछ स्थानों पर यह 20 इंच तक भी पहुंच सकती है। इसके चलते बाढ़ और भूस्खलन का खतरा अधिक हो गया है, जिससे हजारों लोग प्रभावित हो सकते हैं, और यह स्थिति जीवन के लिए खतरा बन सकती है।

# पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से ज्यादा धन मिल रहा है कमला हैरिस को



**न्यूयॉर्क, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस को चुनाव में ज्यादा चंदा मिल रहा है। वह चुनाव में रिपब्लिकन प्रत्याशी से ज्यादा खर्च कर रही हैं। अमेरिका में मतदाता जिस पार्टी के उम्मीदवार को जिताना होता है, उस उम्मीदवार को ज्यादा चंदा मिलता है। 2020 के इलेक्शन में जो वाईडेन के चुनाव में ट्रंप से ज्यादा पैसा चुनाव प्रचार में खर्च हुआ था। वर्तमान मे राष्ट्रपति का चुनाव लड़ रही, कमला हैरिस को अगस्त माह मेंपूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से 376 करोड रुपए अधिक चंदा मिला था। कमला हेरिस को अभी तक 8300 करोड रुपए से ज्यादा का चंदा मिल चुका है। जबकि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को अभी तक चुनाव चंदे के रूप में 5700 करोड रुपए ही मिले हैं। चुनावी चंदा बता रहा है,कि राष्ट्रपति पद के चुनाव में इस बार कमला हैरिस ने बढ़त ले ली है। कमला हैरिस अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं।

# प्रो यूनुस ने वैश्विक समुदाय से नए बांग्लादेश के निर्माण में सहयोग मांगा

**न्यूयॉर्क, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मोहम्मद यूनुस ने वैश्विक समुदाय से नए बांग्लादेश के निर्माण में सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा वह बांग्लादेश में स्वतंत्रता और लोकतंत्र सुनिश्चित करना चाहते हैं। प्रो. यूनुस ने कल न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस के संबोधन में बांग्लादेश के मौजूदा सूरत-ए-हाल पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के आम लोगों, खासकर युवाओं की शक्ति ने देश को व्यवस्था में सुधार लाने और भेदभाव को समाप्त करने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं अंतरराष्ट्रीय समुदाय से लोकतंत्र, कानून के शासन, समानता और समृद्धि के लिए बांग्लादेश के साथ जुड़ाव जारी रखने और उसे गहरा करने का आह्वान करता हूं, ताकि हम एक न्यायपूर्ण और समावेशी लोकतांत्रिक समाज के रूप में उभर सकें। संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में 193 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों, सरकारों या उनके प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, वह सामूहिक संकल्प (जिसके कारण शेख हसीना को हटाया गया) भविष्य के बांग्लादेश को परिभाषित करेगा और राष्ट्रों के समुदाय में एक



उत्तरदायी और जिम्मेदार राज्य के रूप में स्थापित करेगा। यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश में हाल के आंदोलन के समय न्यायपूर्ण, समावेशी और कार्यशील लोकतंत्र का सपना देखा गया। इस आंदोलन मेंआठ सौ से ज्यादा लोग शहीद हुए। प्रो. यूनुस ने कहा, अंतरिम सरकार ने देखा है कि बांग्लादेश में भ्रष्टाचार, संस्थाओं का निर्मम राजनीतिकरण, कुलीनतंत्र और धन-संपत्ति का गबन हो रहा है। सरकार की मुख्य प्राथमिकता सार्वजनिक पदों और संस्थाओं में बैठे लोगों को जवाबदेह बनाना है। अंतरिम सरकार सुशासन सुनिश्चित करेगी। मौलिक अधिकारों को बढ़ावा देगी। उनकी रक्षा करेगी। भव्य बुनियादी ढांचे के विकास पर शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए आवंटन को प्राथमिकता देगी। यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश में छोटे किसानों और कारीगरों को आजीविका चलाने वालों को जोखिम का सामना करना पड़ता है। पूर्वी बांग्लादेश में पांच मिलियन से अधिक लोगों ने अपने जीवन में सबसे विनाशकारी बाढ़ देखी है। इसलिए वह बांग्लादेश जैसे जलवायु-संवेदनशील देशों में जलवायु अनुकूलन के लिए मजबूत संसाधनों को चैनलाइज करने का आग्रह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश मानवीय आधार पर 1.2 मिलियन से अधिक रोहिंग्याओं को महत्वपूर्ण सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लागतों पर शरण दे रहा है। म्यांमार में लंबे समय से चल रहा संकट बांग्लादेश के लिए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सुरक्षा निहितार्थों के साथ बढ़ते जोखिम पैदा करता है। बांग्लादेश को उनके स्थायी प्रत्यावर्तन को अंजाम देने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के निरंतर समर्थन की आवश्यकता है। गाजा के हालात पर प्रो. यूनुस ने कहा कि फिलिस्तीन के लोगों के खिलाफ मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

# संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को भारत का करारा जवाब

**न्यूयॉर्क, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने पर करारा जवाब दिया है। भारत ने इस पर प्रतिक्रिया देने के लिए अपने जवाब देने के अधिकार का शुक्रवार को इस्तेमाल किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने भारत के जवाब देने के अधिकार के तहत प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा, यह महासभा आज सुबह खेदजनक रूप से हास्यास्पद घटना की गवाह बनी। आतंकवाद, मादक पदार्थ के कारोबार और अंतरराष्ट्रीय अपराध के लिए दुनियाभर में पहचाने जाने वाले एवं सेना से संचालित एक देश ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला




करने का दुस्साहस किया। दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने पड़ोसियों के खिलाफ हथियार के तौर पर सीमा पार आतंकवाद का लंबे समय से इस्तेमाल करता रहा है।

भारतीय राजनयिक भाविका मंगलानंदन ने जवाब में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूहों के भारतीय संसद पर 2001 के हमले और मुंबई के 26/11 आतंकी हमलों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, उसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजार तथा तीर्थस्थलों पर हमला किया है। यह सूची लंबी है। ऐसे देश का हिंसा के बारे में कहीं भी बोलना पूरी तरह पाखंड है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा था कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए भारत को अनुच्छेद 370 को बहाल करना होगा और जम्मू-कश्मीर के मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत शुरू करनी होगी। इस पर भाविका मंगलानंदन ने कहा कि भारत आपसी सामरिक व्यवस्था के उनके देश के प्रस्ताव को ठुकरा चुका है। भारत कह चुका है कि आतंकवाद के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं हो सकता। बल्कि पाकिस्तान को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के अनिवार्य रूप से परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

मंगलानंदन ने वैश्विक समुदाय को स्मरण कराया कि यह वही देश है जिसने लंबे समय तक अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन को पनाह दी। दुनियाभर में कई आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान का हाथ है। भारतीय राजनयिक ने कहा, इसमें किसी को कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि उसके (पाकिस्तान के) प्रधानमंत्री इस प्रतिष्ठित मंच में ऐसा बोलेंगे। बावजूद इसके हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके शब्द हम सभी के लिए कितने अस्वीकार्य हैं। हम जानते हैं कि पाकिस्तान सच्चाई का सामना और अधिक झूठ से करना चाहेगा। बार-बार झूठ बोलने से कुछ नहीं बदलेगा। भारत का रुख स्पष्ट है। उसे दोहराने की जरूरत नहीं है। चुनाव में धांधली के इतिहास वाले देश के लिए एक लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करना अजीब है।

उन्होंने कहा, सच यह है कि पाकिस्तान की नजर हमारे क्षेत्र पर है। उसने भारत के अविभाज्य और अभिन्न अंग जम्मू-कश्मीर में चुनाव को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया है। यह ऐसा देश है जिसने 1971 में नरसंहार किया। अब भी अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार करता है। अब वह असहिष्णुता और भय के बारे में बोलने की हिमाकत करता है। यह हास्यास्पद है। पाकिस्तान की असलियत दुनिया जानती है। इसके बाद पाकिस्तान के एक राजनयिक ने जवाब देने के अधिकार के तहत मंगलानंदन के बयान पर प्रतिक्रिया दी।

Naresh Agarwal - 9848020960
Ankush Agarwal - 9885450000
Naresh Agencies
Dealers in :
Welding Electrodes, Welding Accessories, Safety Equipment, Power Tools, Self Drilling Screws and Cutting Wheels
15-9-216, Near Dargah, Gowliguda, Hyderabad - 500 012

खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 29 सितंबर, 2024 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । epaper.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-6 । अंक-270

# हवाई हमले में मारा गया हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह

**तेल अवीव, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

इज़राइल और हिजबुल्ला के संघर्ष के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। हिजबुल्ला का प्रमुख हसन नसरल्ला मारा गया है। इज़राइली सेना ने इसकी पुष्टि कर दी है। इज़राइली रक्षा बल(आईडीएफ) ने बयान जारी कर कहा, कल (शुक्रवार) इज़राइल के हवाई हमले में हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन के नेता और इसके संस्थापकों में से एक हसन नसरल्लाह मारा गया। इसके साथ ही हिजबुल्लाह के दक्षिणी मोर्चे के वरिष्ठ कमांडर अली कार कराकी और अन्य हिजबुल्लाह कमांडर भी मारे गए हैं। इज़राइल की सेना आईडीएफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा है कि हसन नसरल्ला अब कभी दुनिया को आतंकित नहीं कर पाएगा। शुक्रवार को लेबनान के बेरूत में इज़राइली हवाई हमले में हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्ला के मारे जाने की सुगबुगाहट उसी वक्त शुरू हो गई थी, जब ये जानकारी सामने आई थी कि इज़राइली सेना ने हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया है। साथ ही हमले के बाद इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी अपना अमेरिका दौरा बीच में छोड़कर ही इज़राइल के लिए रवाना हो गए थे। उसके बाद से ही हिजबुल्ला के शीर्ष नेता के मारे जाने के कयास लगाए जा रहे थे। अब इज़राइली सेना ने हसन नसरल्ला की मौत की पुष्टि कर इन कयासों को सच साबित कर दिया है। हालांकि अभी तक हिजबुल्ला की तरफ से इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया गया है।



**इज़राइली सेना ने कहा अब कभी दुनिया को डरा नहीं पाएगा**

**अली कार कराकी और अन्य हिजबुल्लाह कमांडर भी मारे गए**

बताते चलें कि इज़राइली सेना ने शुक्रवार को लेबनान की राजधानी बेरूत में कई ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इन हमलों में हिजबुल्ला के ठिकानों को निशाना बनाया गया था। अब इज़राइली सेना ने बयान जारी कर कहा है कि उनके हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला और हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे का प्रमुख अली काराकी कई अन्य कमांडर्स के साथ मारा गया है। इज़राइली सेना ने बताया कि बेरूत के दक्षिणी उपनगर में हिजबुल्ला के मुख्यालय को निशाना बनाया गया था, जो रिहायशी इमारतों के नीचे जमीन के भीतर मौजूद था। आईडीएफ ने कहा कि हिजबुल्ला का शीर्ष कमांडर अपने अन्य सहयोगियों के साथ इज़राइल पर हमले की योजना बना रहा था, उसी दौरान हुए हमले में नसरल्ला और हिजबुल्ला के कई अन्य शीर्ष कमांडर्स की मौत हो गई।

▶10 पर

# ये नया भारत है, घर में घुसकर मारता है : मोदी

**जम्मू, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में ऐतिहासिक चुनाव हो रहे हैं, क्योंकि पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में पूर्ण बहुमत वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनेगी। श्री मोदी ने यह भी कहा कि सितंबर 2016 में हुई सर्जिकल स्ट्राइक ने भारत के दुश्मनों को हिलाकर रख दिया है और अब कोई भी देश के खिलाफ साजिश रचने की हिम्मत नहीं करेगा, क्योंकि आतंकवाद के आकाओं को पता है कि वे कहीं भी चुप जाएं मोदी उन्हें ढूंढ निकालेगा।

प्रधानमंत्री ने जम्मू में विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यह उनकी आखिरी चुनावी रैली है, क्योंकि एक अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में चुनाव खत्म हो जाएंगे। उन्होंने कहा, आज 28 सितंबर है, पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक सर्जिकल स्ट्राइक की



- जम्मू में दहाड़े प्रधानमंत्री, बोले-सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया
- सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के आकाओं को सिखाया सबसे बड़ा सबक
- अब कोई भी भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता
- जम्मू-कश्मीर में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी

सालगिरह। इसी दिन हमने दुश्मनों को उनके घरों में घुसकर मारा और दुनिया को दिखाया कि यह नया भारत है, जिसे अब और हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के आकाओं को सबसे बड़ा सबक सिखाया है क्योंकि अब कोई भी भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत नहीं कर सकता।

प्रधानमंत्री ने कहा, वर्ष 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक ने आतंकवाद के समर्थकों को सबक सिखाया है कि भारत की संप्रभुता को छूने की हिम्मत कोई नहीं करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई भारत के खिलाफ कोई हरकत करता है, तो मोदी सरकार उन्हें कहीं भी छुप जाने की जगह नहीं देगी और उन्हें सबक सिखाएगी। इस बयान में प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि वर्ष 2016 के सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया को दिखाया है कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है और अपने दुश्मनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकता है।

उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस इतनी गिर गई है कि उसने सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा। उन्होंने पूछा, क्या वे वोट के लायक हैं? उन्होंने कहा कि आज स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की जयंती भी है। उन्होंने कहा, आज मैं इस शहीद नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों के दौरान उन्होंने चुनावी रैलियों को संबोधित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के विभिन्न हिस्सों की यात्रा की। उन्होंने कहा, मैं जहां भी गया, मैंने लोगों में भाजपा के प्रति बहुत उत्साह देखा। जम्मू-कश्मीर के लोग कांग्रेस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) से थक चुके हैं।

पीएम ने कहा, वो दौर याद कीजिए, जब सीमा पार से आए दिन गोले बरसते थे। उधर से गोलियां चलती थीं और कांग्रेस वाले सफेद झंडा दिखाते थे। जब भाजपा सरकार ने गोली का जवाब गोले से दिया

▶10 पर

बाल संरक्षण पर नौवें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक चर्चा कार्यक्रम में बोले सीजेआई

# न्याय प्रणाली को दिव्यांग बच्चों की परेशानियों पर ध्यान देने की जरूरत

**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि पुलिस थानों से लेकर अदालतों तक पूरी न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की परेशानियों को समझने और उसके समाधान पर ध्यान देना चाहिए। बाल संरक्षण पर नौवें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक चर्चा कार्यक्रम में बोलते हुए सीजेआई ने कहा कि दिव्यांग लोगों की चुनौतियां शारीरिक से भी ज्यादा हैं। उन्हें शारीरिक चुनौतियों के साथ-साथ समाज में व्याप्त पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों और गलत धारणाओं से भी जूझना होता है।

मुख्य न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पुलिस थानों से लेकर न्यायालयों तक न्याय प्रणाली इन बच्चों की परेशानियों को समझें और उनका समाधान करें। किशोर न्याय अधिनियम दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और सामुदायिक सेवा जैसे विभिन्न पुनर्वास और पुनः एकीकरण उपायों की रूपरेखा तैयार करता है। दिव्यांग बच्चों के लिए, इन उपायों को अनुकूलित किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उन्हें वह विशेष सहायता मिले जिसकी उन्हें सफल होने के लिए जरूरत है। दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन यूनिसेफ, भारत के सहयोग से सुप्रीम कोर्ट की किशोर न्याय समिति के तत्वावधान में किया गया था। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दिव्यांगता अक्सर लिंग, जाति, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और जातीयता जैसी अन्य हाशिए की पहचानों के साथ जुड़ती है, जिससे बच्चों के



साथ होने वाले भेदभाव को बढ़ावा मिलता है। सीजेआई ने जोर देकर कहा कि राज्य को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दिव्यांग बच्चों को अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान की जाए। सीजेआई चंद्रचूड़, जो व्यक्तिगत रूप से विशेष जरूरतों वाली दो छोटी बेटियों का पालन-पोषण करते हैं, ने अपने पारिवारिक अनुभव से अंतर्दृष्टि साझा की, जिसमें देखभाल के साथ आने वाली अपार खुशी और चुनौतियों पर जोर दिया गया। उन्होंने देखभाल के पारंपरिक दृष्टिकोण पर टिप्पणी की, जो पितृसत्तात्मक मानदंडों से प्रभावित कार्य है और जिसे अक्सर एक निजी मामले के रूप में अनदेखा किया जाता है, इसे सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में मानने की दिशा में बदलाव का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में विकलांग व्यक्तियों पर पुस्तिका का विमोचन भी हुआ। इस पुस्तिका का उद्देश्य विकलांगों का उल्लेख करते समय समावेशी शब्दावली को अपनाने में कानूनी समुदाय और जनता की सहायता करना और उन्हें संवेदनशील बनाना है।

## कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर एएसपी समेत पांच जवान जख्मी

**जम्मू, 28 सितंबर (ब्यूरो)।**



दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के आदिगाम देवसर गांव में शनिवार सुबह सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच चल रही मुठभेड़ में दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए हैं। इस मुठभेड़ में शुरू में सेना के तीन जवानों और कश्मीर पुलिस के एएसपी रैंक के अधिकारी समेत पांच सैनिक जख्मी हो गए थे।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि देवसर गांव में सुरक्षा बलों ने दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है, जिनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने संदिग्ध स्थान की ओर तलाशी तेज की, छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। शीर्ष पुलिस अधिकारी ने चल रही मुठभेड़ में दो आतंकवादियों के मारे जाने की पुष्टि की है।

▶10 पर

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 26 नवंबर से पहले होंगे : सीईसी

**मुंबई, 28 सितंबर (एजेंसियां)**

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसके पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। तारीखों का ऐलान अगले महीने होने की उम्मीद है। राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार एवं एस एस संधू दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर हैं।

▶10 पर

यूपी के सीएम योगी ने हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में की चार जनसभाएं

## जो भारत को कोसते थे, वही आज राम-राम कर रहे हैं: योगी

**फरीदाबाद/महेंद्रगढ़/यमुनानगर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को हरियाणा में चार चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। सीएम योगी ने कहा, दो दिन चुनाव प्रचार में मैं जम्मू-कश्मीर गया था। वहां एयरपोर्ट पर एक सज्जन की राम-राम की आवाज आई। परिचय न होने के कारण मैंने देखा नहीं, फिर आवाज आई योगी साहब, राम-राम। मैंने देखा तो वह एक मौलवी साहब थे। मुझे लग गया कि यह अनुच्छेद-370 समाप्त



होने का प्रभाव है। जो लोग भारत को कोसते थे, संप्रभुता को चुनौती देते थे, आज उनके मुख से राम-राम निकल रहा है। हम बंटे तो कटे थे। हम बंटे न होते तो न राम मंदिर टूटता, न ही कृष्ण जन्मभूमि पर गुलामी का दूसरा ढांचा खड़ा होता और न ही देश कभी गुलाम नहीं होता। जो लोग राम मंदिर-श्रीकृष्ण मंदिर का विरोध कर रहे थे, भाजपा मजबूत होगी तो वही लोग सड़कों पर हरे रामा, हरे कृष्णा गाते दिखाई देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चार जनसभा की। उन्होंने फरीदाबाद एनआईटी से सतीश फागना, बल्लभगढ़ से मूलचंद शर्मा, पृथला से टेकचंद शर्मा, बड़खल से धनेश अदलखा, अटेली से आरती सिंह राव, रादौर से श्याम सिंह राणा, जगाधरी से कंवर पाल गुर्जर, यमुनानगर से घनश्याम दास, साढोरा

▶10 पर

## डेंगू बुखार के लिए डेंगीआल टीके का परीक्षण शुरू

**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

राष्ट्रीय राजधानी के डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में शनिवार को डेंगू बुखार से बचाव के लिए डेंगीआल टीके का मानव परीक्षण शुरू किया गया।

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और पैनेशिया बायोटेक के सहयोग से विकसित डेंगीआल टीके का यह तीसरा परीक्षण मानव परीक्षण देशभर में 19 स्थानों पर किया रहा है। दिल्ली में एकमात्र डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल का चयन किया गया है।

▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $31^0$
न्यूनतम : $24^0$

दुनियाभर में बज रहा वंदे भारत ट्रेन का डंका

# कनाडा समेत कई देशों ने खरीदने में दिखाई दिलचस्पी

**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेक इन इंडिया नीति का पूरी दुनिया में डंका बजने लगा है। तेजस फाइटर के बाद अब वंदे भारत ट्रेन पर दुनियाभर के देशों की नजर है। देश में वंदे भारत एक्सप्रेस तेजी से लोकप्रिय हो रही है और कई रूट्स पर इसे चलाने की मांग बढ़ रही है। इस बीच, चिली, कनाडा और मलयेशिया जैसे देशों ने वंदे भारत को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। सूत्रों के मुताबिक, वंदे भारत को खरीदने में दिखाई गई दिलचस्पी के कई कारण हो सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक, इसमें सबसे बड़ा कारण वंदे भारत ट्रेन की लागत है, जहां अन्य देशों में निर्मित समान सुविधाओं वाली ट्रेनों की लागत 160-180 करोड़ रुपए के बीच होती है, वहीं भारत वंदे भारत का निर्माण बहुत कम कीमत पर हुआ है। भारत की वंदे भारत ट्रेन की कीमत 120 से 130 करोड़ रुपए है।इसके अलावा, वंदे भारत गति पकड़ने के मामले में भी दूसरे देशों को मात दे रही है। सूत्रों की माने तो वंदे भारत को 0 से 100 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने में



सिर्फ 52 सेकंड लगते हैं, जो जापान की बुलेट ट्रेन से भी अधिक है। बता दें, जापान की बुलेट ट्रेन को 0-100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ने में 54 सेकंड का समय लगता है। सूत्रों का यह भी कहना है कि वंदे भारत को विदेशी प्रतिस्पर्धा से बेहतर डिजाइन किया गया है। इसमें विमान की तुलना में सौ गुना कम शोर का अनुभव होता है और इसकी ऊर्जा खपत बहुत कम होती है। वहीं भारतीय रेलवे भी तेजी से अपने ट्रैक नेटवर्क का विस्तार करने और पर्याप्त संख्या में ट्रेनों को बढ़ाने पर विचार कर रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि पिछले 10 सालों में 31000 किलोमीटर से अधिक ट्रैक जोड़े गए हैं। इसे बढ़ाने का लक्ष्य 40000 किलोमीटर तक का है। उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन का काम पटरी पर है और बहुत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। वहीं सुरक्षा चिंताओं के बीच, रेलवे देश भर में अपनी स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच स्थापित करने पर विशेष ध्यान दे रहा। यह लगभग 40000 किलोमीटर नेटवर्क को कवर करेगा और 10000 लोकोमोटिव में स्थापित किया जाएगा। कवच प्रभावी और कम लागत वाली सुरक्षा प्रणाली है और सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल 4 (एसआईएल-4) प्रमाणित है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि कवच लगाने के बाद दुर्घटनाओं में 80 फीसदी तक कमी आ सकती है। मंत्री ने कहा कि 10,000 लोको और 9,600 किलोमीटर ट्रैक की निविदा जारी हो चुकी है। मथुरा-पलवल और मथुरा-नागदा में 632 किलोमीटर में कवच लगाया जा चुका है। कोटा-सवाई माधोपुर में भी 108 किलोमीटर में कवच लगाया जा चुका है।

TIBCON CAPACITORS
It's all about SAVING ENERGY AND MONEY

GARG
Garg Power Products Pvt. Ltd.
Cell: -91 99 12 4444 26
-91 99 48 1234 59

# आज का राशिफल

## मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

पुरानी परियोजनाओं की सफलता आत्मविश्वास में वृद्धि करेगी। आज आप अपने घर के सदस्यों को कहीं घुमाने ले जा सकते हैं और आपका काफी धन खर्च हो सकता है। बहन का स्नेह आपको प्रोत्साहन देगा। लेकिन छोटी-मोटी बातों पर आपा खोने से बचें, क्योंकि इससे आपके हितों को नुक़सान पहुँचेगा। कुछ लोगों को कार्यक्षेत्र में तरक़्क़ी मिलेगी। आज जीवनसाथी के साथ समय बिताने के लिए आपके पास पर्याप्त समय होगा। आपके प्रेम को देखकर आज आपका प्रेमी गदगद हो जाएगा ।

## वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं। आज आपको अपने भाई या बहन की मदद से धन लाभ होने की संभावना है ।अगर आप सीधा जवाब नहीं देंगे तो आपके सहयोगी आपसे नाराज़ हो सकते हैं। इस राशि के बच्चे आज खेलकूद में दिन बिता सकते हैं, ऐसे में माता-पिता को उनपर ध्यान देना चाहिए क्योंकि चोट लगने की संभावना है। आपको और आपके जीवनसाथी को कोई बहुत सुखद ख़बर सुनने को मिल सकती है।

## मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड,छ,के,को,ह

नफ़रत की भावना महंगी पड़ सकती है। यह न केवल आपकी सहन-शक्ति घटाती है, बल्कि । आज धन लाभ होने की संभावना तो बन रही है लेकिन ऐसा हो सकता है कि अपने गुस्सैल स्वभाव के कारण आप पैसा कमाने में सक्षम न हो पाएं। बच्चे को रोमांचक समाचार ला सकते हैं। आज आप ऐसे इंसान से मिल सकते हैं, जो आपको ख़ुद अपनी ज़िन्दगी से ज़्यादा चाहता होगा। कार्यक्षेत्र में आपका कोई प्रतिद्वंदी आज आपके खिलाफ साजिश कर सकता है, इसलिए आज आपको आंख कान खोलकर काम करने की जरूरत है। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर, गुरुद्वारे या किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिता सकते हैं। मुमकिन है कि आपके माता-पिता आपके .

## कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आप खाली समय का आनंद ले सकेंगे। धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं। आपके बच्चे के पुरुस्कार वितरण समारोह का बुलावा आपके लिए ख़ुशनुमा एहसास रहेगा। वह आपकी उम्मीदों पर खरा उतरेगा और आप उसके ज़रिए अपने सपने साकार होते हुए देखेंगे। आप महसूस करेंगे कि प्यार में बहुत गहराई है और आपका प्रिय आपको सदा बहुत प्यार करेगा। पैसे बनाने के उन नए विचारों का उपयोग करें, जो आज आपके ज़ेहन में आएँ। यात्रा आपके लिए आनन्ददायक और बहुत फ़ायदेमंद हैं

## सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

मौज-मस्ती और मनपसंद काम करने का दिन है। आज सफलता का मंत्र यह है कि उन लोगों की सलाह पर पैसे लगाएँ, जो मौलिक सोच रखते हों और अनुभवी भी हों। पारिवारिक तनावों को अपनी एकाग्रता भंग न करने दें। बुरा दौर ज़्यादा सिखाता है।अगर आप अपने काम पर ध्यान दें तो क़ामयाबी और प्रतिष्ठा आपकी होगी। इस राशि के उम्रदराज जातक आज के दिन अपने पुराने मित्रों से खाली समय में मिलने जा सकते हैं। जीवनसाथी से बिना पूछे योजना बनाएंगे, तो उनकी ओर से नकारात्मक प्रतिक्रिया मिल सकती है।

## कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे। बच्चों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए थोड़ा समय अलग से निकालें। आज के दिन अपने प्रिय से कोई तल्ख़ बात न कहें। किसी भी स्थिति में आपको अपने समय का ख्याल रखना चाहिए बिजली कटौती या फिर किसी अन्य वजह से आपको सुबह तैयार होने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन जीवनसाथी की ओर से इससे निबटने में काफ़ी मदद मिलेगी।

## तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में किसी फंक्शन के होने की वजह से आज आपको बहुत धन खर्च करना पड़ेगा जिसके कारण आपकी आर्थिक स्थिति खराब हो सकती है। पारिवारिक तनावों को अपनी एकाग्रता भंग न करने दें। बुरा दौर ज़्यादा सिखाता है। ख़ुद को अभिव्यक्त करने के लिए अच्छा समय है- और ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कीजिए, जो रचनात्मक हों। अपने शरीर को दुरुस्त करने के लिए आज भी आप कई बार सोचेंगे लेकिन बाकी दिनों की तरह भी आज यह प्लान धरा का धरा रह जाएग ।

## वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

जिन लोगों ने अतीत में अपना धन निवेश किया था आज उस धन से लाभ होने की संभावना बन रही है। दिन को रोमांचक बनाने के लिए क़रीबी दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएँ। कोई अच्छी ख़बर या जीवनसाथी/प्रिय से मिला कोई संदेश आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। दिन की शुरुआत भले ही थोड़ी थकाऊ रहे लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपको अच्छे फल मिलने लगेंगे। दिन के अंत में आपको अपने लिए समय मिल पाएगा और आप किसी करीबी से मुलाकात करके इस समय का सदुपयोग कर सकते हैं। जिसके चलते आपके वैवाहिक जीवन में और निखार आएगा।

## धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व-विकास के काम में लगाएँ, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। लम्बे समय से अटके मुआवज़े और कर्ज़ आदि आख़िरकार आपको मिल जाएंगे। अगर आपके मन में तनाव है तो किसी नज़दीकी रिश्तेदार या दोस्त से बात करें, पैसे बनाने के उन नए विचारों का उपयोग करें, जो आज आपके ज़ेहन में आएँ। आप खाली समय में अपने पसंदीदा काम करना पसंद करते हैं, आज भी आप ऐसा ही कुछ करने का सोचेंगे लेकिन किसी शख़्स के घर में आने की वजह से आपका यह प्लान चौपट हो सकता है।

## मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान व योग करना उपयोगी रहेगा। आज का दिन ऐसी चीज़ों को ख़रीदने के लिए बढ़िया है, जिनकी क़ीमत आगे चलकर बढ़ सकती है। आपके व्यक्तिगत मोर्चे पर कोई बड़ी चीज़ होने वाली है, जो आपके और आपके परिवार के लिए उल्लास लेकर आएगी। अगर आप हुक्म चलाने की कोशिश करेंगे, तो आपके और आपके प्रिय के बीच काफ़ी परेशानी खड़ी हो सकती है। नौकरों और सहकर्मियों से परेशानी होने की संभावना को ख़ारिज नहीं किया जा सकता है। जीवनसाथी की ख़राब सेहत का असर आपके काम-काज पर भी पड़ सकता है, लेकिन आप किसी तरह चीज़ें संभालने में क़ामयाब रहेंगे।

## कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

अगर आप लोन लेने वाले थे और काफी दिनों से इस काम में लगे थे तो आज के दिन आपको लोन मिल सकता है। ग़लत बातों को ग़लत वक़्त पर कहने से बचें। जिन्हें आप चाहते हैं, उनका दिल दुखाने से बचें। ख़ुद को अभिव्यक्त करने के लिए अच्छा समय है- और ऐसे प्रोजेक्ट पर काम कीजिए, जो रचनात्मक हों। इस राशि वालों को आज ख़ुद के लिए काफी समय मिलेगा। इस समय का उपयोग आप अपने शौकों को पूरा करने में कर सकते हैं। आप कोई किताब पढ़ सकते हैं या अपना पसंदीदा म्यूजिक सुन सकते हैं। जीवनसाथी से अच्छी बातचीत हो सकती है; आप महसूस करेंगे कि आप-दोनों में कितना प्यार है।

## मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

आपको अपनी सेहत के प्रति ज़्यादा सावधानी बरतने की ज़रूरत है, ख़ास तौर पर रक्तचाप के मरीज़ों को। आपका कोई पुराना मित्र आज कारोबार में मुनाफा कमाने के लिए आपको सलाह दे सकता है, अगर इस सलाह पर आप अमल करते हैं तो आपको धन लाभ जरूर होगा। करिअर के लिए योजना बनाना उतना ही आवश्यक है, जितना कि खेलना-कूदना। इसलिए माता-पिता को ख़ुश करने के लिए दोनों में संतुलन बनाना ज़रूरी है । आपको अपने दायरे से बाहर निकलकर ऐसे लोगों से मिलने-जुलने की ज़रूरत है, जो ऊँची जगहों पर हों ।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 29 सितंबर 2024 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : आश्विन , कृष्ण पक्ष
तिथि : द्वादशी सायं 04:50 तक
नक्षत्र : मघा अहोरात्र
योग : साध्य रात्रि 12:26 तक
करण : तैतिल सायं 04:50 तक
चन्द्रराशि : सिंह
सूर्योदय : 06:06, सूर्यास्त 06:06 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:08 , सूर्यास्त 06:10 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:01 , सूर्यास्त 06:03 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:57 , सूर्यास्त 05:57 ( विजयवाडा )

### शुभ चौघड़िया

चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : द्वादशी श्राद्ध , सन्यासीनाम् श्राद्ध , गण्डमूल चालू है

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)

हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, तेलंगाना.9246159232,
Chidamber011@gmail.com

# कानून के समक्ष समानता अब एक जमीनी हकीकत : धनखड़




**जयपुर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संविधान में लिखित कानून के समक्ष समानता लंबे समय तक अमल से दूर थी लेकिन यह अब एक जमीनी हकीकत बन गई हैं।

श्री धनखड़ शनिवार को यहां इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने देश में कानून के समान अनुप्रयोग की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि संविधान में लिखित कानून के समक्ष समानता लंबे समय तक अमल से दूर थी, कुछ लोगों का मानना था कि कानून के मामले में वे उससे ऊपर हैं, वे दूसरों की तुलना में विशेष हैं और कानून की पहुंच से परे हैं लेकिन वर्तमान में एक बड़ा बदलाव हुआ है कि कानून के समक्ष समानता अब एक जमीनी हकीकत है। उन्होंने कहा कि विशेषाधिकार, वंशावली, वह विशेष वर्ग जो कोई भी यह विचार रखता था कि उन्हें कानून से छूट प्राप्त है, उन्हें अब कानून के प्रति जवाबदेह बनाया जा रहा है। यह एक बड़ा बदलाव है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि कोई भी समाज जब भ्रष्टाचार से संचालित होता है अथवा एक ऐसी प्रणाली द्वारा संचालित होता है जहां भ्रष्टाचार के बिना आपको नौकरी नहीं मिल सकती है, वह निश्चित रूप से युवाओं के उत्थान के विरुद्ध है। भ्रष्टाचार प्रतिभाशाली लोगों के खिलाफ़ है।

भ्रष्टाचार योग्यता तंत्र को निष्क्रिय कर देता है। उन्होंने कहा कि एक बड़ा परिवर्तन हुआ है। सत्ता के गलियारे जो एक समय भ्रष्ट संपर्क तत्वों से ग्रस्त थे। वे लोग जिन्होंने निर्णय लेने में कानूनी रूप से अतिरिक्त लाभ उठाया एवं जिन्होंने योग्यता पर विचार किए बिना नौकरियां प्रदान कीं उन्हें निष्प्रभावी कर दिया गया है। अब देखा होगा कि देश में आज पारदर्शी जवाबदेह शासन है और इसे गांवों तक तकनीकी पहुंच के कारण लाना संभव हो सका है जहां बिना किसी मध्यस्थ के धन हस्तांतरित किया जाता है।

# कौन, कहां प्रचार करेगा पार्टी तय करती है : सैलजा

**चंडीगढ़, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** कांग्रेस सांसद कुमारी सैलजा ने शनिवार को कहा कि कौन, कहां प्रचार करेगा, यह पार्टी तय करती है। कुमारी सैलजा सिरसा में संवाददाताओं से बात कर रही थीं। प्रचार में देरी से उतरने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जब प्रत्याशियों की घोषणा होती है, सबसे पहले प्रत्याशी तैयारियों में जुटता है। उसकी तैयारी पूरी होने के बाद प्रचार शुरू होता है। कौन, कहां प्रचार करने जायेगा, यह कार्यक्रम पार्टी तय करती है।



यह पूछे जाने पर कि क्या वह अब भी मुख्यमंत्री की दौड़ में हैं, उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला कांग्रेस में चुनाव के बाद पार्टी उच्च कमान ही करता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सभी 90 सीटों पर जीतने के लिये लड़ रही है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैलियों का धरातल पर कोई असर नहीं हो रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा बेरोजगारी, महंगाई, अपराध और नशा पर बोलने के बजाय मौन साध कर बैठी है, लोगों में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, घर के घर बर्बाद हो रहे हैं, बढ़ते अपराधों को लेकर लोगों में दहशत है, पर कांग्रेस की सरकार बनने पर सबसे पहले काम इन्हीं सब चीजों पर होगा।

# कांग्रेसियों ने ही कांग्रेस की हवा खराब कर दी : ओपी धनखड़



**रोहतक, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का कहना है कि कांग्रेस को कांग्रेसियों की नजर लग गई है। कोई 50 वोट लाओ, एक नौकरी पाओ की कह रहा है तो कोई 50 की जगह 55 नौकरी हिस्से में आने का दावा कर रहा है। उन्होंने पूछा कि कांग्रेस सेवा करने के लिए चुनाव जीतना चाहती है या प्रदेश को लूटने के लिए। एक तरह से कांग्रेसियों ने इंदिरा गांधी के कार्यकाल की याद दिला दी, जब पांच नसबंदी केस लाओ और प्रमोशन पाओ की बात कही जाती थी।

धनखड़ शनिवार को पार्टी के प्रदेश मीडिया कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। धनखड़ ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पांच सीट जीतकर कांग्रेस उत्साह में थी, लेकिन कांग्रेसियों ने ही कांग्रेस की हवा खराब कर दी। जो वोटर कांग्रेस को वोट देने की सोच रहा था, अब उनके नजदीक से नहीं गुजरेगा। अब गोहाना कांड, मिर्चपुर कांड से लेकर अशोक तंवर को कैसे लठिया कर मंच से उतारा गया। साथ ही कुमारी सैलजा को कार्यकारिणी तक नहीं बनाने दी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों की मानसिकता में 10 साल बाद भी कोई बदलाव नहीं आया है। एक सवाल के जवाब में धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र कुछ नहीं है। पहले कहते थे कि भाजपा ने कांग्रेस का घोषणा पत्र कॉपी किया है। हकीकत यह है कि कांग्रेस ने सात गारंटी गिनाई, जबकि भाजपा के संकल्प पत्र में 234 मुद्दे व 14 अध्याय हैं। यह तो वह बात हो गई, जैसे जोहड़ समुद्र से कह रहा हो कि मुझे कॉपी कर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने एक सब्जी बनाई थी, जिसका अब टेस्ट बिगड़ चुका है।

# राजस्थान में उप चुनावों में भाजपा के पास खोने को कुछ नहीं : अग्रवाल

**अलवर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल ने कहा है कि राज्य उपचुनावों में भाजपा के पास खोने के लिये कुछ नहीं है, जितनी भी सीट जीतेंगे, वे फायदे की होंगी ।

श्री अग्रवाल ने शनिवार को रामगढ़ में पार्टी की संगठनात्मक बैठक में भाग लेने के बाद पत्रकारों से कहा कि रामगढ़ में भाजपा उपचुनाव जीतेगी और ऐतिहासिक मतों से भाजपा का प्रत्याशी यहां से जीतेगा। कार्यकर्ता कमल चिह्न के साथ हैं। राजस्थान में अपराध नियंत्रण के सवाल पर उन्होंने कहा कि राज्य में पहले से ज्यादा अपराधों पर नियंत्रण है। राज्य सरकार कठोर कदम उठा रही है, काम कर रही है। बड़े-बड़े अपराध कम किये हैं, जो छोटे-मोटे अपराध हैं, उनसे निपटने के लिये राजस्थान की पुलिस सक्षम है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा, हम यहां चुनाव की चर्चा करने के लिये नहीं आए हैं और सिर्फ एक परिचय के लिये आये हैं। जब इसकी अधिसूचना जारी होगी उसके बाद तय किया जायेगा। हम चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। अभी अधिसूचना जारी नहीं हुई है। चुनाव की रणनीति बनायी जायेगी। भाजपा के यहां से दो बार लगातार चुनाव हारने के सवाल पर उन्होंने कहा, हार जीत चलती रहती है। विपक्ष ने यहां भ्रम पैदा किया। विरोधियों ने यहां की जनता को बहकाया, लेकिन अब यहां की जनता भ्रम से निकल चुकी है। बार-बार गलतियां नहीं करेगी। उधर, रामगढ़ में होने वाले उपचुनाव को लेकर यहां भाजपा की ओर से टिकट के दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन किया।रामगढ़ में आयोजित आज के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष संजय नरूका सहित कई पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे।

# रणथम्भौर में तीन जरखों की मौत से वन विभाग में हड़कम्प

**भरतपुर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान में सवाईमाधोपुर जिले के रणथम्भौर बाघ अभयारण्य की बालेर रेंज में शनिवार को एक साथ तीन जरखों (हायना) की मौत होने से वन विभाग में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तीनों जरखों का अन्य वन्यजीव के साथ संघर्ष के न निशान हैं और न ही उनके शरीर पर किसी प्रकार के चोट के निशान हैं।

लिहाजा उनकी मौत बीमारी या संक्रमण के होने की संभावना जताई जा रही है। रणथम्भौर अभ्यारण्य सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालेर कस्बे के समीप स्थित कैलादेवी मन्दिर के पास वन्यजीवों के शव मन्दिर आने वाले लोगों को दिखाई दिए। सूचना मिलने पर वन विभाग के दल ने मौके पर पहुंच कर तीनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सवाई माधोपुर भिजवाये जहां पोस्टमार्टम के बाद उनकी मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# कांग्रेस का घोषणा पत्र हाथ बदलेगा हालात जारी

**चंडीगढ़, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने शनिवार को घोषणा की कि वह सेवानिवृत्त होकर आने के बाद अग्निवीरों को हरियाणा में नौकरियां देगी।

कांग्रेस ने यह घोषणा अपना पूरा घोषणापत्र हाथ बदलेगा हालात जारी करते हुए की। पहले कांग्रेस सात गारंटियों की घोषणा कर चुकी है जिसमें दो लाख युवाओं को नौकरियां देने, महिलाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह, बुढ़ापा पेंशन 6000 रुपए प्रतिमाह करने, 300 यूनिट बिजली मुफ़्त देने, रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में देने आदि के वादे थे।

## सेवानिवृत्त अग्निवीरों को देने का वादा

आज जारी घोषणापत्र के अनुसार इसके अलावा शहीद सैनिक के परिवार को दो करोड़ रुपये सम्मान राशि और सरकारी नौकरी देने के साथ सेवानिवृत्त अग्निवीरों को नौकरी देने का वायदा है। हरियाणा में बेरोजगारी का विकराल संकट होने के कारण संविदा पर सेना में भर्ती की अग्निपथ योजना एक बड़ा मुद्दा है और कांग्रेस इसका विरोध करती आई है। भाजपा शुरू से ही योजना के विरोध के कारण बचावात्मक मुद्रा में है और हरियाणा के अग्निवीरों को नौकरी का वायदा कर चुकी है। कांग्रेस के घोषणापत्र में उक्त के अलावा युवाओं को नशे से बचाने के लिए नशा मुक्ति हरियाणा आयोग व स्पेशल टास्क फोर्स बनाने, खिलाड़ियों के लिए फिर से पदक लाओ, पद पाओ की नीति लागू करने, नौकरियों में खेल कोटे को फिर से बहाल करने और खिलाड़ियों के लिए वजीफे की व्यवस्था करने के भी वायदे हैं।




कांग्रेस ने ऐलान किया कि कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जाएगा और सीवर सफाई का काम करने वाले कर्मचारियों को पांच हजार रुपये अतिरिक्त भुगताने के साथ 30 लाख रुपए का बीमा मिलेगा। इसके अलावा ब्राह्मण, पंजाबी, स्वर्णकार कल्याण बोर्ड के साथ-साथ विभिन्न वर्गों व समाज की बेहतरी के लिए 21 कल्याण बोर्डों का गठन और पुनर्गठन किए जाने का वायदा है। घोषणापत्र में कहा गया है कि परिवार पहचान पत्र, मेरी फसल मेरा ब्यौरा जैसे घोटालों को बढ़ाने वाले अनावश्यक पोर्टलों को बंद किया जाएगा और अन्य पोर्टलों की सेवाओं को दुरुस्त किया जाएगा, जिससे जनता को ऑनलाइन कामों में सहुलियत मिल सके। घोषणापत्र को जारी करने के अवसर पर हरियाणा चुनाव के सीनियर ऑब्जर्वर व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान और घोषणा पत्र समिति की चेयरपर्सन गीता भुक्कल आदि मौजूद थे। विशेष तौर पर मौजूद रहीं। घोषणापत्र में किसान आंदोलन में मारे गए 736 किसानों की याद में सिंघू या टिकरी बॉर्डर पर शहीद स्मारक बनाने, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने, हरियाणा अल्पसंख्यक आयोग के पुनर्गठन जैसे कई वायदे किये गये हैं।

# सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों का शहरों की ओर पलायन करना चिंता का विषय: दत्तात्रेय

**जैसलमेर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने में सीमा पर संगठित एवं समरस समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है, लेकिन चिंता का विषय है कि कमाई, दवाई और पढ़ाई के लिए लोग सीमा से शहरों की तरफ पलायन कर रहे हैं।



श्री दत्तात्रेय ने शनिवार को जैसलमेर में सीमाजन कल्याण समिति की प्रांत बैठक में छह जिलों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जरूरी है कि शासन-प्रशासन जन कल्याण को प्राथमिकता दें। उन्होंने सीमाजन कल्याण समिति के कार्यक्रमों, संगठन विस्तार के लिये शक्ति केन्द्रों का गठन, ग्राम समितियों के निर्माण के साथ कार्यकर्ताओं के सुदृढ़ नेटवर्क स्थापित करने जैसे कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सीमा पर अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों से निपटने में हमारी पुलिस एवं सेना सक्षम है, लेकिन स्थानीय नागरिक एवं समाज को भी जागरुक रहने की आवश्यकता है।

श्री दत्तात्रेय ने सीमा जन कल्याण समिति द्वारा राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के उत्थान के लिये चलाये जा रहे सामाजिक समरसता, कौशल प्रशिक्षण, शिक्षा, खेलकूद कार्यक्रमों और समाज में देश हित के कार्यों की जागरूगता जैसे कार्यक्रमों की समीक्षा की और राष्ट्र हितों को प्रथम रखने का सभी को संदेश दिया।

इस अवसर पर जिलों से आये प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ सीमा सुरक्षा में आ रही अड़चनों पर प्रकाश डाला।

# भाजपा की हैट्रिक के लिए सक्रिय हुआ संघ



**चंडीगढ़, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगाने के लिए अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी मैदान में उतर गया है। अब संघ कार्यकर्ता हरियाणा में अंदर खाने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाने का काम करेंगे। संघ का उन सीटों पर खास फोकस रहने वाला है जहां भाजपा थोड़ी कमजोर लग रही है। भाजपा नेतृत्व का मानना है कि यदि इन सीटों पर पार्टी के साथ संघ कार्यकर्ताओं ने भी जोर लगाया तो परिणाम बदल सकता है। इसलिए आरएसएस ने अपने पारंपरिक तरीके से काम शुरू कर दिया है। आरएसएस कार्यकर्ता घर-घर जा रहे हैं। इसके साथ सार्वजनिक स्थलों पर भी केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर चर्चा कर रहे हैं।

## जहां भाजपा कमजोर, वहां आरएसएस की टीमें जुटीं

हरियाणा में मतदान के लिए अब मात्र छह दिन ही बचे हैं। भाजपा से जुड़े एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि अंतिम दिनों में भाजपा ने स्टार प्रचारकों के साथ पन्ना प्रमुखों की बूथ लेवल पर सक्रियता बढ़ा दी है। इसी के साथ आरएसएस भी सक्रिय हो गई है। उनका एक सिद्धांत है कि जहां कम, वहां हम। इसके आधार पर वह उन सीटों पर जा रहे हैं, जहां भाजपा कमजोर दिख रही है। राज्य में यमुनानगर, अंबाला, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, हिसार, सोनीपत और सिरसा जिलों में 23 से ज्यादा विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां कड़ा मुकाबला है। यदि भाजपा ने इन सीटों पर बढ़त बना ली तो तीसरी बार सत्ता पाने का रास्ता आसान हो सकता है। भाजपा की आंतरिक रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी ने पिछले कुछ दिनों में अपना चुनाव उठाया है।

इसलिए शीर्ष नेतृत्व ने अब हरियाणा में पूरी ताकत झोंक दी है। आरएसएस की टीमों का भाजपा से कोई लेना-देना नहीं होगा। उनकी टीमें अलग से क्षेत्रों में जाएंगी। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और आरएसएस के बीच कई समन्वय बैठकें हुई थीं, जिसमें उम्मीदवारों के चयन से लेकर बूथ स्तर के प्रबंधन पर चर्चा हुई थी।

# 2 अक्टूबर को लगेगा साल का दूसरा सूर्य ग्रहण



## भारत में नहीं दिखेगा यह सूर्य ग्रहण
## नवरात्रि से पहले लग रहा है सूर्य ग्रहण

इस साल का दूसरा सूर्यग्रहण 2 अक्टूबर 2024 को लगेगा। नवरात्रि 3 अक्टूबर 2024 से शुरु हो रही है। यह पूर्ण सूर्य ग्रहण नहीं बल्कि एक वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा। इसे रिंग ऑफ फायर भी कहा जाता है। जब सूर्य ग्रहण पड़ता है तो आसमान में एक आग का छल्ला दिखाई पड़ता है। ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा ने बताया कि वैदिक पंचांग के अनुसार 02 अक्टूबर को आश्विन अमावस्या है। सनातन धर्म में आश्विन अमावस्या तिथि का विशेष महत्व है। आश्विन अमावस्या पर वर्ष का दूसरा और अंतिम सूर्य ग्रहण लगने वाला है। यह सूर्य ग्रहण कंकण सूर्य ग्रहण होगा। यह सूर्यग्रहण कन्या राशि और हस्त नक्षत्र में लगने जा रहा है। सूर्य ग्रहण का धार्मिक और वैज्ञानिक दोनों महत्व है। इस दौरान तीन ग्रहों पर राहु की सीधी दृष्टि रहने वाली है। बुध, केतु और सूर्य तीनों ग्रह इस दौरान कन्या राशि में बुध, केतु और सूर्य रहेंगे। राहु की सीधी दृष्टि इन सभी ग्रहों पर रहने वाली है।

ज्योतिष के ग्रंथ बृहत्संहिता में ग्रहण के बारे में भविष्यवाणियां की गई हैं। इस ग्रंथ में लिखा है कि जब-जब एक ही महीने में दो ग्रहण एक साथ होते हैं, तब-तब दुनिया में हादसों की वजह से जनहानि होती है।

साल का दूसरा सूर्य ग्रहण 2 अक्टूबर को होगा। यह भी भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा। साल का आखिरी सूर्य ग्रहण एक वलयाकार ग्रहण होगा। यह तब होता है जब पृथ्वी और सूर्य के बीच चंद्रमा हो, लेकिन इसकी दूरी धरती से दूर हो। धरती से दूर होने के कारण चंद्रमा छोटा दिखता है। इस कारण यह इतना बड़ा नहीं होता कि पूरे सूर्य की किरणों को रोक ले। इस वजह इसके चारों ओर एक रिंग जैसी आकृति दिखाई देती है। इस सूर्य ग्रहण का ज्यादातर पथ प्रशांत में होगा। दक्षिण अफ्रीका के चिली और अर्जेंटीना में यह एकदम साफ दिखेगा।

सूर्य ग्रहण समय: 2 अक्टूबर की रात्रि 09:13 मिनट से मध्य रात्रि 03:17 मिनट पर समाप्त होगा

सूर्य ग्रहण की कुल अवधि: 6 घंटे 04 मिनट

कहां-कहां दिखेगा साल का दूसरा सूर्य ग्रहण

ज्योतिषाचार्या ने बताया कि यह ग्रहण दक्षिण अमेरिका, उत्तरी-अमेरिका के दक्षिणी भागों, प्रशान्त महासागर, एटलांटिक महासागर और न्यूजीलैंड, फिजी आदि देशों में कुछ समय के लिए दिखाई देगा। दिखाई देने वाले मुख्य देश होंगे-चिली, अर्जेंटीना, ब्राज़ील, मैक्सिको, पेरू, न्यूजीलैंड और फिजी में हालांकि, यहां भी बहुत कम समय के लिए दिखाई देगा। इस ग्रहण की कंकण कृति केवल दक्षिणी चिली और दक्षिणी अर्जन्टीना में ही दिखाई देगी।

### भारत में मान्य नहीं होगा सूतक काल

सूर्य ग्रहण लगने से 12 घंटे पहले इसका सूतक काल शुरू हो जाता है और ग्रहण लगने के बाद तक रहता है, लेकिन यह सूर्य ग्रहण भारत में नहीं देखा जा सकेगा, इसलिए यहां पर इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

### रिंग ऑफ फायर

ज्योतिषाचार्या ने बताया कि जैसे पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा लगाता है वैसे ही चद्रंमा सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाता है। वहीं चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर परिक्र मा लगाता है। कई बार होता है कि चंद्रमा परिक्रमा करते हुए सूर्य और पृथ्वी के बीच आ जाता है। जिस वजह से चंद्रमा कुछ समय के लिए सूर्य के प्रकाश को धरती पर आने से रोक देता है, इस घटना को सूर्य ग्रहण कहा जाता है। इस दौरान पृथ्वी पर चंद्रमा की परछाई देखने को मिलती है। दरअसल, वलयाकर सूर्य ग्रहण में चंद्रमा धरती से दूर होता है और सूर्य को पूरी तरह से ढक नहीं पाता है। इससे आकाश में आग की रिंग दिखाई देने लगती है। इसे रिंग ऑफ फायर का नाम दिया गया है।

### प्राकृतिक आपदाओं की आशंका

प्राकृतिक आपदा के साथ अग्नि कांड भूकंप गैस दुर्घटना वायुयान दुर्घटना होने की संभावना। पूरे विश्व में राजनीतिक अस्थिरता यानि राजनीतिक माहौल उच्च होगा। पूरे विश्व में सीमा पर तनाव शुरू हो जायेगा। रोजगार के क्षेत्रों में वृद्धि होगी। आय में बढ़ोतरी होगी। देश की अर्थव्यवस्था के लिए शुभ रहेगा। खाने की चीजों की कीमतें सामान्य रहेंगी। दुर्घटनाएं आगजनी आतंक और तनाव होने की संभावना। आंदोलन धरना प्रदर्शन हड़ताल, बैंक घोटाला, वायुयान दुर्घटना, विमान में खराबी, शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव होगा। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप ज्यादा होंगे। सत्ता संगठन में बदलाव होंगे। मनोरंजन फिल्म खेलकूद एवं गायन क्षेत्र से बुरी खबर मिलेगी। बड़े नेताओं का दुखद समाचार मिलने की संभावना।



ज्योतिषाचार्या नीतिका शर्मा
अजमेर

# रीवा के रहस्यमयी भैरव बाबा जिसे हिलाना भी है नामुमकिन

## जानें मंदिर का अनोखा इतिहास



रीवा जिले के गुढ़ के निकट स्थित भैरव बाबा का मंदिर आज भी रहस्य की चादर में लिपटा हुआ है । ये अद्भुत प्रतिमा न केवल अपने स्थान पर स्थिर है, बल्कि इसके हिलाने का भी कोई प्रयास सफल नहीं हो पाया है। भैरव बाबा की ये आदमकद प्रतिमा 10वीं-11वीं शताब्दी के बीच निर्मित की गई है, जो विंध्य क्षेत्र के धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती है।

मध्यप्रदेश के प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्वीय स्थल एवं अवशेष अधिनियम 1964 के तहत भैरव बाबा की प्रतिमा को प्रांतीय महत्व का राज्य संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। इसे नुकसान पहुंचाने या दुरुपयोग के लिए तीन साल की कैद और आर्थिक दंड का प्रावधान है। मंदिर परिसर में इस बात की सूचना देने वाला एक बोर्ड भी लगाया गया है।

खामडीह में स्थित ये भैरव प्रतिमा 8.50 मीटर लंबी और 3.70 मीटर चौड़ी है। प्रतिमा के दाएं हाथ में रुद्राक्ष की माला, ऊपरी हाथ में सर्प और नीचे के हाथ में कलश है। गले में लिपटी रुद्राक्ष की माला और कमर पर सिंह मुख का अंकन इसे और भी खास बनाता है। यह प्रतिमा विशालकाय और अद्वितीय कलाकृतियों से सजी देश की चिह्नित प्रतिमाओं में से एक मानी जाती है। हिंदू धर्म में काल भैरव को भगवान शिव का रौद्र रूप माना जाता है। उनके अवतार का उद्देश्य व्यक्ति को डर से मुक्ति दिलाना और नकारात्मक शक्तियों को दूर रखना है। गूढ़ स्थित इस प्रतिमा को कई बार उठाने का प्रयास किया गया, लेकिन यह अपनी जगह से हिली नहीं है, जिससे इसके वजन और निर्माण की रहस्यमयता और भी बढ़ जाती है।

हाल ही में, रीवा में भैरव नाथ मंदिर का कायाकल्प किया गया है, जिसमें सरकार द्वारा 1.65 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इस स्थल के विकास के लिए अनेक उपाय किए गए हैं, जिससे इसे एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।

काल भैरव की पूजा करने से न केवल व्यक्ति को भय से मुक्ति मिलती है, बल्कि यह नकारात्मक शक्तियों से भी रक्षा करती है। भैरव नाथ को भगवान शिव का गण मानते हुए, भक्तों का इस अद्भुत मंदिर के प्रति अपार श्रद्धा है।




# इस फूल में है साक्षात ब्रह्म शक्ति का वास

## घर में आती है सुख-शांति अपार मन मोह लेगी सुंदरता

धरती अलग-अलग प्रकार के अद्भुत और आकर्षक पुष्पों से भरी पड़ी है। अपनी खास सुगंध और सुंदरता के कारण कई फूल लोगों का ध्यान खींचते हैं, लेकिन आज हम जिस फूल के बारे में बात कर रहे हैं, उसकी मान्यता बेहद अन-ोखी है। हम बात कर रहे हैं ब्रह्म कमल की, जिसे बिना पानी के खिलने वाला अद्वितीय फूल माना जाता है। इसकी मान्यता है कि इस फूल में साक्षात ब्रह्म शक्ति का वास होता है, और इसे घर में लगाने से सुख-शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। आइए जानते हैं इसके बारे में और भी दिलचस्प बातें।

ब्रह्म कमल का पौधा बेहद सुंदर और आकर्षक होता है। दुकानदार के अनुसार, जब भी ग्राहक इसे देखते हैं, तो एक बार जरूर पूछते हैं कि यह क्या है। इसकी विशेषता और धार्मिक मान्यता की वजह से दूर-दूर से लोग इसे खरीदने आते हैं। इसकी



कीमत प्रति पीस 300 होती है, और यह पौधा हमेशा बिकता रहता है।

ब्रह्म कमल की देखभाल में विशेष सावधानी बरतनी होती है। इसे सामान्य पौधों की तरह पानी नहीं दिया जाता। इसके ऊपर केवल साफ पाउडर को पानी में घोलकर 15-20 दिनों में एक बार छिड़का जाता है। इसकी देखरेख समय-समय पर करना भी बेहद जरूरी होता है, ताकि यह सही तरीके से विकसित हो सके।

प्रख्यात आचार्य डॉ। राजकुमार पंडित ने बताया कि ब्रह्म कमल एक धार्मिक फूल है। इसकी मान्यता है कि जिस घर में यह खिलता है, वहां सुख-शांति, समृद्धि और अपार धन वृद्धि होती है। इसके खिलने से घर में संपन्नता के अद्भुत योग बनते हैं। ऐसी धारणा है कि इस फूल में साक्षात ब्रह्म शक्ति का वास होता है, जो इसे धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्व-पूर्ण बनाता है।

# यहां गिरा था मां सती का सिर, इस शारदीय नवरात्रि पर जरूर करें दर्शन

शारदीय नवरात्रि का हिंदू धर्म में बहुत ज्यादा महत्व है। यह त्योहार नौ दिनों तक चलता है। इस दौरान मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल इस व्रत की शुरुआत 3 अक्टूबर 2024 से हो रही है। ऐसी मान्यता है कि इस दौरान मां की विधिवत पूजा करने और व्रत रखने से साधक उनकी कृपा के भागी बनते हैं। वहीं, इस अवधि में यदि 51 प्रमुख शक्तिपीठों में से किसी एक के भी दर्शन लोग करते हैं, तो उनका उद्धार हो जाता है, तो आइए देवी के उस धाम की बात करते हैं, जहां पर उनका कपाल गिरा था।



### यहां पर गिरा था मां सती का कपाल

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां सती का कपाल कांगड़ा के धौलाधार की पहाड़ियों पर स्थित कुनाल पत्थरी पर गिरा था, जिसे आज लोग कपालेश्वरी मंदिर के नाम से जानते हैं। ऐसा कहा जाता है कि जो साधक इस मंदिर में आकर दर्शन और भक्ति भाव के साथ पूजा करते हैं, उनके सभी कष्टों का नाश हो जाता है। साथ ही सभी अधूरी इच्छाओं की भी पूर्ति होती है। इस पवित्र स्थल में हर रोज भक्तों की भारी मात्रा में भीड़ उमड़ती है। साथ ही ''जय माता दी'' के जयकारों से पूरा मंदिर गूंज उठता है।

### इस दिव्य जल को पीने से होते हैं सभी रोग ठीक

देवी कुनाल पत्थरी धाम में माता रानी के कपाल के ऊपर एक पत्थर सदैव पानी से भरा रहता है। प्रसिद्ध मान्यताओं के अनुसार, ऐसा कहा जाता है कि यदी इस पत्थर का पानी सूखता है, तो यहां कुछ समय के भीतर ही वर्षा हो जाती है और फिर से वह पत्थर जलमग्न हो जाता है। इस चमत्कारी स्थल की यह खासियत है कि यहां कभी भी पानी की कमी नहीं होती है।साथ ही इस पत्थर में जमा पानी को प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से बड़ी से बड़ी बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है।

# तुलसी का पौधा घर में लगाया है तो इन 5 बातों का रखें विशेष रूप से ध्यान

सनातन धर्म में तुलसी के पौधे का बहुत महत्व है। यह धार्मिक दृष्टि से तो शुभ है ही, वास्तु के अनुसार भी लाभदायक है। इसके औषधीय गुण इसे विशिष्ट दर्जा देते हैं। गांवों से लेकर शहरों तक लोग अपने घर के आंगन में तुलसी का चौरा बनाते हैं और उसमें तुलसी के पौधे की स्थापना करते हैं। यदि आपके भी घर में तुलसी विराजित हैं तो कुछ बातों का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिये।



### शुक्रवार को दूध अर्पित करें

शुक्रवार के दिन को देवी मां लक्ष्मी का दिन माना गया है। इस दिन वैभव लक्ष्मी व्रत भी रखा जाता है। इस दिन तुलसी के पौधे को दूध अर्पित करना चाहिये। ऐसा करने से मां देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और उनकी कृपा मिलती है।

### तुलसी को नियमित जल दें

अगर आपने घर में तुलसी का पौधा लगाया है तो इस बात का ध्यान रखें कि उसमें नियमित रूप से जल दें। बस इस बात का ध्यान रखें कि रविवार और ग्यारस के दिन जल नहीं देना चाहिये।

### शिवलिंग नहीं रखना चाहिये

धार्मिक मान्यता कहती है कि तुलसी के पौधे के आसपास शिवलिंग नहीं रखना चाहिये। ऐसा करने से देवी मां के प्रकोप का सामना करना पड़ सकता है।

### सफाई रखें और मंजरी हटाते चलें

आपने देखा होगा कि तुलसी के पौधे पर समय-समय पर मंजरी बन जाती है। एक नियमित अंतराल से इसे हटाते रहना चाहिये। इसका कारण यह है इसे लंबे समय तक लगा रहना ठीक नहीं माना जाता है।

### घी का दीया जलाएं

धार्मिक मान्यता के अनुसार अगर आपके घर में तुलसी का पौधा है तो रोज शाम को उसके समक्ष आपको एक घी का दीया जलाना चाहिये। इसे तुलसी की सांध्य आराधना भी कहा जाता है।

# भूल भुलैया 3 का मोस्ट अवेटेड टीजर हुआ रिलीज

कार्तिक आर्यन और विद्या बालन की मोस्ट अवेटेड भूल भूलैया 3 का टीजर आखिरकार रिलीज हो गया है। टीजर वाकई मजेदार है जिसमें हमें पता चलता है कि रूह बाबा और मंजूलिका आमने सामने होंगे। टीजर में विद्या बालन का लुक काफी डरावना है साथ ही फिल्म कॉमेडी का तड़का भी लगाया गया है। कार्तिक के अपोजिट तृप्ति डीमरी को कास्ट किया गया है जिसकी झलक भी हमें टीजर में देखने को मिलती है।भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के रूह बाबा की वापसी हुई है और इस बार उनका सामना विद्या बालन की मंजुलिका से होगा। टीजर में गुस्से में मंजुलिका को अपनी कालकोठरी से बाहर निकलने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है। वहीं मंजूलिका अपने सिंहासन के लिए लड़ते हुए दिखती हैं। इसी से पता चलता है कि फिल्म में रूह बाबा और मंजूलिका के बीच कड़ी




## रूह बाबा के रोंगटे खड़े कर रहा मंजूलिका का खौफ

टक्कर होने वाली है। टीजर में तृप्ति डिमरी की झलक भी देखने को मिलती है जो इस फिल्म में कार्तिक के अपोजिट नजर आने वाली हैं।खबरें थीं कि इस फिल्म में माधुरी दीक्षित का खास कैमियो होगा लेकिन मेकर्स ने टीजर में उनकी झलक नहीं दिखाई गई है। उनके रोल का एक्साइटमेंट बरकरार रखने के लिए मेकर्स ने उन्हें टीजर में छिपा कर रखा है। हाल ही में मेकर्स ने एक नया पोस्टर रिलीज करते हुए मंजूलिका की झलक दिखाई थी जिसे देखने के बाद फैंस की एक्साइटमेंट बढ़ गई थी और सब इसकी पहली झलक के सामने आने का इंतजार कर रहे थे। भूल भलैया 3, भूल भूलैया फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म है। पहली फिल्म में अक्षय कुमार लीड रोल में थे और विद्या बालन मंजूलिका के रूप में थी। वहीं दूसरी फिल्म में कार्तिक आर्यन रूह बाबा के रूप में लीड रोल में थे और उनके अलावा फिल्म में कियारा आडवाणी और तब्बू थीं। दोनों फिल्मों को दर्शकों का खूब प्यार मिला और अब तीसरी फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ मंजूलिका का आमना-सामना देखने को मिलेगा।दिवाली पर भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के बीच टक्कर होने वाली है, दोनों ही फिल्में दिवाली पर धमाकेदार ओपनिंग की उम्मीद कर रही हैं और अपनी रिलीज की तारीखों में बदलाव करने से इनकार कर रही हैं। भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी खास रोल में हैं।



# नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक अलग श्रेणी के अभिनेता हैं : रेजिना कैसंड्रा

रेजिना कैसांद्रा, क्राइम थ्रिलर सेक्शन 108 में नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ स्क्रीन साझा करती नजर आएंगी, जिन्हें उन्होंने एक अलग श्रेणी का अभिनेता बताया।अभिनेत्री ने बताया कि कैसे प्रशंसित अभिनेता ने उनकी हिंदी बोलने की क्षमता सुधारने में उनकी मदद की।रेजिना, जिन्होंने मुगीज, कॉन्ज्यूरिंग कन्नप्पन और एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा जैसी फिल्मों में काम किया है, ने बताया, नवाजुद्दीन सिद्दीकी निश्चित रूप से एक अलग श्रेणी के अभिनेता हैं और मुझे उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला है। वह बहुत विनम्र इंसान हैं, बहुत व्यावहारिक और बहुत केंद्रित हैं।उन्होंने बताया कि वह अक्सर हिंदी नहीं बोल पाती हैं और रसिख खान द्वारा निर्देशित सेक्शन 108 की शूटिंग के दौरान उन्होंने मदद के लिए नवाजुद्दीन की ओर रुख किया था।उन्होंने कहा, अगर मुझे कहना ही है और वास्तव में चूंकि मैं दक्षिण से आती हूं, तो मैं उतनी बार हिंदी नहीं बोल पाती जितनी मैं चाहती हूं और मैं इसका अभ्यास भी उतनी बार नहीं करती। हालांकि मैं भाषा जानती हूं, मैं पढ़ और लिख सकती हूं।अभिनेत्री ने याद करते हुए कहा, एक दिन जब हम अपने दृश्य कर रहे थे, तो मैंने उनकी ओर देखा और कहा, सर, क्या हम दृश्य का एक-दो बार अभ्यास कर सकते हैं, क्योंकि मुझे अपनी हिंदी बेहतर करनी है? तो उन्होंने मेरी ओर देखा और कहा, चिंता मत करो, मेरी अंग्रेजी इतनी अच्छी नहीं है, इसलिए हमें इन दृश्यों का अधिक से अधिक अभ्यास करना होगा।विभिन्न भाषाओं में काम करने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा: विभिन्न भाषाओं में काम करने की खूबसूरती, बस यह तथ्य कि आप जानते हैं, भावनाओं की कोई विशेष भाषा नहीं होती है, लेकिन सिर्फ यह तथ्य कि आपको इसे अलग तरीके से व्यक्त करना सीखना होता है, मुझे यह बहुत सुंदर लगता है। रेजिना को वह काम मिलना सौभाग्य की बात लगती है जो उसे मिल रहा है।

# फिल्म द सिग्नेचर का ट्रेलर रिलीज

## बुढ़ापे की चुनौतियों से जंग लड़ते दिखे अनुपम खेर

दिग्ज अभिनेता अनुपम खेर ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया है। उनकी आने वाली हर फिल्म की राह दर्शक बड़ी बेसब्री से देखते हैं।अनुपम की फिल्म द सिग्नेचर का भी दर्शकों को इंतजार है और यह इसलिए भी खास है, क्योंकि ये उनके करियर की 525वीं फिल्म है।अब उनकी इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अनुपम ने एक बार फिर दर्शकों का दिल जीत लिया है।जिंदगीभर तमाम जिम्मेदारियां निभाने के बाद बुढ़ापे में हर कोई आराम और सुकून की जिदंगी बिताना चाहता है, लेकिन असल में वृद्धावस्था की अपनी अलग चुनौतियां हैं।मां-बाप के बुढ़ापे में कैसे उसकी संतान का रवैया बदल जाता है, यही सब इस फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है। अनुपम एक बुजुर्ग पिता की भूमिका में हैं, जो वृद्धावस्था की चुनौतियों से लड़ते दिख रहे हैं।इस दिल छू लेने वाली कहानी का ट्रेलर काफी भावुक कर देने वाला है।बेहद दर्दनाक होता है किसी को खो देना, पर बेहद खौफनाक होता है किसी को खो देने का डर, ट्रेलर की यह पंचलाइन किसी को भी भावुक कर दे।ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, भाई ट्रेलर ने ऐसे रुला दिया। फिल्म देखकर क्या होगा। अनुपम सचमुच गजब के कलाकार हैं।दूसरे ने लिखा, सभी पुराने और शानदार कलाकारों को साथ देख दिन बन गया। वास्तव में जिंदगी की हकीकत यही है। अपना कोई नहीं है।फिल्म में अनु कपूर, नीना कुलकर्णी, रणवीर शौरी और महिमा चौधरी जैसे मंझे हुए कलाकार भी हैं। द सिग्नेचर का निर्देशन गजेंद्र अहिरे ने किया है।यह फिल्म जी5 पर 4 अक्टूबर को रिलीज हो रही है।अनुपम ने ट्रेलर साझा कर सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे करियर में कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिन्होंने मेरे अंदर के कलाकार को चुनौती दी और साथ ही जीवन के कुछ पहलुओं का एहसास भी कराया। द सिग्नेचर की कहानी कुछ ऐसी ही है।अनुपम अपने निर्देशन में बन रही फिल्म तन्वी द ग्रेट को लेकर भी चर्चा में हैं। इसमें वह अभिनय भी करेंगे।2002 में आई वहीदा रहमान और अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म ओम जय जगदीश के बाद यह उनके निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है।अनुपम के मुताबिक, पिछले 3 साल से वह पूरे जुनून, साहस, मासूमियत और आनंद के साथ इसकी कहानी पर काम कर रहे थे। इस साल मार्च में उन्होंने इस फिल्म का ऐलान किया था।








# भोजपुरी क्वीन नेहा मलिक ने नाइट ड्रेस में कराया बोल्ड फोटोशूट

भोजपुरी एक्ट्रेस नेहा मलिक अक्सर बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर के सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देती हैं। उनकी हर एक तस्वीर इंटरनेट पर आते ही छा जाती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी अंदाज देखकर फैंस के पसीने छूट गए हैं।एक्ट्रेस नेहा मलिक आए दिन अपने लेटेस्ट लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस के बीच तबाही मचाती रहती हैं।वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट की हैं।इन तस्वीरों में उनकी बलखाती हुई अदाएं देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस फोटोज पर लाइक्स करते नहीं थकते हैं।नेहा मलिक ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान व्हाउट कलर का सैटिन थाई स्लिट नाइट ड्रेस पहना हुआ था, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही थीं। उनका इस लुक ने इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है।बालों को कर्ली स्टाइल लुक देकर और लाइट मेकअप साथ ही पिंक लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस नेहा मलिक ने अपने इस लुक को और भी ज्यादा शानदार तरीके से निखारा है।एक्ट्रेस नेहा मलिक की इन फोटोज पर अब तक कई यूजर्स ने कॉमेंट्स कर दिए हैं। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- ब्यूटिफुल पिक। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा है- बम पटोला। तीसरे यूजर ने लिखा है- यू स्ले क्वीन।

# हाउसफुल 5 की स्टारकास्ट की तस्वीरें वायरल, अक्षय कुमार के साथ कॉमेडी करेंगे ये स्टार्स



अक्षय कुमार ने अपनी अगली फिल्म हाउसफुल 5 की शूटिंग शुरू कर दी है। पिछली बार अक्षय कुमार को कॉमेडी ड्रामा फिल्म खेल-खेल में में देखा गया था। अक्षय कुमार बीते कुछ सालों से बॉक्स ऑफिस पर फेल साबित हो रहे हैं। बीते दो सालों में रिलीज हुईं 8 से ज्यादा फिल्मों में से अक्षय कुमार की एक भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सक्सेस साबित नहीं हुई है। अब अक्षय कुमार अपनी कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल के 5वें पार्ट की तैयारियों में जुट गये हैं। फिल्म हाउसफुल की अब पूरी स्टारकास्ट सामने आ चुकी है। अक्षय कुमार और चंकी पांडे ने सेट से तस्वीरें शेयर की हैं।अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की है, इस तस्वीर में अक्षय कुमार अपनी हाउसफुल टीम के साथ हैं। इन तस्वीर में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, दीनो मोरिया और जैकलीन फर्नांडिस दिख रही हैं। इस तस्वीर को शेयर कर अक्षय कुमार ने लिखा है, इनक्रिडेबल कास्ट के साथ एक और दिन, एक क्रूज और बतानें के कभी ना खत्म होने वाली कहानी। इस तस्वीर पर जैकलीन ने हार्ट इमोजी शेयर किया है।वहीं, इससे पहले चंकी पांडे ने फ्रांस से हाउसफुल 5 की स्टारकास्ट के साथ तस्वीरें शेयर की थीं।

# अदा शर्मा की फिल्म द केरल स्टोरी का आएगा सीक्वल, निर्देशक सुदीप्तो सेन ने लगाई मुहर



अभिनेत्री अदा शर्मा की फिल्म द केरल स्टोरी को 5 मई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और यह पिछले साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। इसके निर्देशन की कमान सुदीप्तो सेन ने संभाली है।15 करोड़ रुपये की लागत में बनी द केरल स्टोरी ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 242.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।अब निर्देशक सुदीप्तो ने द केरल स्टोरी के सीक्वल पर मुहर लगा दी है।सुदीप्तो ने कहा, फिल्म द केरल स्टोरी का सीक्वल बन रहा है। फिल्म की कहानी लिखी जा रही है।इसके साथ उन्होंने बताया कि द केरल स्टोरी 2 की कहानी हेमा कमेटी पर आधारित नहीं होगी।उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि यह जानकारी कहां से सामने आई, लेकिन यह सच नहीं है। रिपोर्ट देखने के बाद मैं और विपुल शाह (फिल्म के निर्माता) हंस पड़े थे।जस्टिस हेमा कमेटी की रिपोर्ट में मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के साथ होने वाले शोषण और उत्पीड़न का खुलासा किया गया है, जिसमें कास्टिंग काउच और पुरुष प्रधान मानसिकता जैसी समस्याओं पर प्रकाश डाला गया है।द केरल स्टोरी में अदा के अलावा योगिता बिहानी, सोनिया बलानी और सिद्धि इदनानी भी मुख्य भूमिका में नजर आई थीं।फिल्म की कहानी केरल की लड़कियों का धर्म परिवर्तन कर आतंकी संगठन में शामिल कराने पर आधारित थी।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो : 3 दिन में जुटे 1.75 लाख से ज्यादा आगंतुक







**ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के उद्यमियों और उनके उत्पादों को ग्लोबल पहचान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है।

जैसी उम्मीद थी, पहले संस्करण की सफलता के बाद दूसरा संस्करण भी सफल आयोजन की ओर बढ़ चला है। तीन दिन के आयोजन में ही 1.75 लाख से ज्यादा लोगों की आमद इसका सटीक उदाहरण है। 25 सितंबर से लेकर 27 सितंबर तक तीन दिनों के अंदर 50 हजार से ज्यादा बिजनेस टू बिजनेस (बी2बी) विजिटर्स करीब 1.25 लाख बिजनेस टू कंज्यूमर्स (बी2सी) ने एक्सपो का दौरा किया है। उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में कुल 15 हॉल्स में इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 2550 एग्जिबिटर्स हिस्सा ले रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 25 सितंबर से शुरू हुए इस मेगा इवेंट के पहले दिन 14,222 बिजनेस टू बिजनेस (बीटूबी) विजिटर्स इंडिया एक्सपो मार्ट पहुंचे, जबकि 25,589 बीटूसी विजिटर्स ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस तरह पहले दिन ही ट्रेड शो में कुल 40,811 लोगों की भागीदारी रही। इसी तरह, दूसरे दिन 26 सितंबर को 16,385 बी2बी और 46,552 बी2सी विजिटर्स समेत कुल 62,937 विजिटर्स सम्मिलित हुए। इंटरनेशनल ट्रेड शो के तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 20,210 बी2बी और 51,335 बी2सी समेत कुल मिलाकर 71,545 विजिटर्स ने प्रतिभाग किया। खास बात ये है कि प्रतिदिन विजिटर्स की संख्या में वृद्धि हुई है और अंतिम दो दिन इसमें और अधिक इजाफा होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के आयोजन का मुख्य उद्देश्य पूरे प्रदेश के उत्पादों को एक ग्लोबल लेवल का प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना है, जहां दुनिया भर के बायर्स न सिर्फ उन्हें देख सकें बल्कि उसकी ग्लोबल लेवल पर मार्केटिंग भी कर सकें।

पहले संस्करण में सीएम योगी की मंशा के अनुरूप 70 हजार बी2बी विजिटर्स ने एक्सपो का दौरा किया था, जबकि 2.37 लाख बी2सी विजिटर्स भी वहां पहुंचे थे। इसी क्रम में दूसरे संस्करण में भी बड़ी संख्या में लोग इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा ले रहे हैं। आयोजकों के अनुसार, शुरुआती तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही है।

कुल मिलाकर इन तीन दिनों में 1,75,283 विजिटर्स ने यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। यह संख्या 5 दिन तक चलने वाले आयोजन में कई गुना बढ़ सकती है।

यूपी इंटरनेशनल शो की लोकप्रियता सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी देखने को मिल रही है। इस मेगा इवेंट को प्रचारित करने के लिए विभिन्न हैशटैग चलाए गए, जिन्होंने बीते 179 दिनों में करोड़ों लोगों तक अपनी पहुंच बनाई।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में आम से लेकर खास लोगों का पहुंचना जारी है। इसी क्रम में शनिवार को पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी वेन्यू का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) के पवेलियन का भी भ्रमण किया। प्राधिकरण के सीईओ डॉ अरुणवीर सिंह ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्हें प्राधिकरण की योजनाओं (मेडिकल डिवाइसेज पार्क, टॉय पार्क, अपैरल पार्क) की प्रगति से अवगत कराया गया। साथ ही साथ, प्राधिकरण द्वारा नई प्रस्तावित योजनाओं (सेमी कंडक्टर पार्क, आईटी व सॉफ़्टवेयर पार्क, फिनटेक सिटी, हेरिटेज सिटी, मिक्स्ड लण्ड यूज़, एजुकेशन हब आदि) के संबंध में भी जानकारी दी गई। दुर्गा शंकर मिश्र ने यीडा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा भविष्य की योजनाओं के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

गो-संरक्षण के लिए योगी सरकार का बड़ा कदम

## कब्जा मुक्त हुई 27 हजार हेक्टेयर गोचर भूमि



**लखनऊ, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** प्रदेश में गो-संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए योगी सरकार ने हजारों हेक्टेयर गोचर भूमि को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करा लिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश के बाद राजस्व विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध कब्जाधारियों से कुल 27 हजार हेक्टेयर से अधिक गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 12 जिलों में 100 फीसदी गोचर भूमि अब कब्जामुक्त हो चुकी हैं। वहीं अन्य जिलों में भी तेजी से अभियान को आगे बढ़ाने के निर्देश मुख्यमंत्री की ओर से दिये गये हैं। सबसे अधिक अयोध्या में 2 हजार हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जाधारियों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे मुक्त कराया गया है।

राजस्व विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार अयोध्या के अलावा आगरा, फिरोजाबाद, कासगंज, बाराबंकी, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, श्रावस्ती, रामपुर, गाजीपुर और वाराणसी में 27 हजार 688 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जामुक्त कराया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने जिलों के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामवार गोचर भूमि की सूची तैयार की जाए। बारिश के उपरांत गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने का व्यापक अभियान चलाया जाये। अतिक्रमण से मुक्त होने के उपरांत भूमि को पशुपालन विभाग द्वारा उपयोग में लिया जाए।

सीएम योगी ने यह भी निर्देश दिये हैं कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में निराश्रित गोवंश का वास्तविक आंकलन करें और गो-आश्रय स्थलों में अतिरिक्त शेड का निर्माण करें।

गोआश्रय स्थलों की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था हो, कहीं पर भी कीचड़ और जल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो। सभी आश्रय स्थलों में भूसा, हरा चारा, पानी आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिये। मृत गोवंश को ससम्मान एवं ठीक विधि से दफनाने की व्यवस्था हो।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो

## स्वाद के शौकीनों को भाया यूपी का चटपटा जायका

ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर (एजेंसियां)। छुट्टी का दिन हो, एक ही छत के नीचे अलग अलग जगहों के चटपटे जायके हो तो भला स्वाद के शौकीनों के कदम रुकें भी तो कैसे? यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को अवकाश के चलते दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। विजिटर्स ने जमकर खरीदारी तो की ही, चटपटे जायके का भी लुत्फ उठाया। नोएडा, गाजीपुर, मथुरा, प्रयागराज, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, कानपुर, बलिया, बनारस और लखनऊ के लजीज जायकों के स्टॉल पर ग्राहकों की लंबी लाइन लगी रही।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन ग्रेटर नोएडा में हो रहा है। ऐसे में ट्रेड शो पहुंचने वाला हर दर्शक नोएडा की गुर्जरी थाली का स्वाद चखने से खुद को नहीं रोक पा रहा। इसकी खासियत इसे बाकियों से भिन्न बनाती है। स्टॉल संचालक अरुण भाटी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मोटे अनाजों के प्रयोग को प्रोत्साहित करते हैं। हमारी कोशिश है कि एक बार फिर मोटा अनाज लोगों की थाली में जगह पाए। गुर्जरी थाली मोटे अनाजों से बनी है। हम थाली में ज्वार, बाजरे की रोटी, सरसो का साग, दाल देते हैं। यहीं नहीं छाछ और कढ़ी चावल के भी दीवानों की संख्या कम नहीं हैं।

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड में खुर्जा की खुरचन स्टॉल पर जायके के शौकीनों की लाइन लगी थी। दरअसल, खुरचन का स्वाद है ही ऐसा। स्टॉल संचालक ने बताया कि ट्रेड शो में इसे खूब पसंद किया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर में खुर्जा की खुरचन वैसे भी बहुत प्रसिद्ध है। ट्रेड शो आने वाले विजिटर्स इसका स्वाद भी चख रहे हैं। वहीं, लखनऊ की बिरयानी का तो कहना ही क्या। स्टॉल के बाहर की लाइन देखकर तो यही कहा जा सकता था कि जैसे बिरयानी की खुशबू लोगों की खींच लायी हो। बुलंदशहर से आए आशीष यादव ने कहा कि लखनऊ की बिरयानी का स्वाद यहां भी वैसा ही था जैसा लखनऊ शहर में मिलता है, मसालों की खुशबू ने पिछले साल लखनऊ की यात्रा की याद दिला दी।

पालक पत्ता का चाट, ट्रेड शो में जिसने भी यह सुना उसके कदम खुद ब खुद गाजीपुर के स्टॉल की तरफ बढ़ चले। कुरकुरे पालक के पत्तों पर चटपटे मसालों के साथ बनी चाट खाकर दर्शक खुद को तारीफ करने से नहीं रोक पाए। इसमें खट्टी-मीठी चटनी का ऐसा मिश्रण था कि एक बार खाने पर लोग इसे बार-बार मांग रहे थे। चटपटे के साथ ही मिठाई पसंद करने वालों के लिए भी कई स्टॉल थे। मथुरा के पेड़े दर्शकों ने खूब खरीदे। मथुरा के पेड़े की मिठास कुछ ऐसी थी कि ग्राहक पैक कराकर घर भी ले जा रहे थे। प्रयागराज के स्टॉल पर दही जलेबी, दही इमरती और कुल्हड़ लस्सी बिक रही थी। स्टॉल संचालक राजकुमार ने बताया कि जलेबी और इमरती तो राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में मिल जाती है लेकिन दही के साथ जलेबी का स्वाद तो प्रयागराज में ही मिलता है। दही संग जलेबी चखने के लिए बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं। इसका स्वाद ग्राहकों को पसंद भी आ रहा है। इसी तरह, आगरा का पंछी पेठा तो पूरे भारत में मशहूर है। पेठे की मिठास और उसकी अलग-अलग वैरायटी ट्रेड शो भी ग्राहकों का ध्यान खींच रही है।

गोरखपुर के छोले समोसे अपने चटपटे और मसालेदार स्वाद के लिए जाने जाते हैं और ट्रेड शो में इसका जादू बरकरार है। छोले और समोसे का यह संगम ग्राहकों को खूब पसंद आया। मेरठ की अंकिता ने कहा कि समोसे तो पहले भी खाए हैं लेकिन छोले के साथ खाने का मजा ही कुछ और है।

# छुट्टी के दिन इंटरनेशनल ट्रेड शो में उमड़ी भारी भीड़





**ग्रेटर नोएडा, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** इंडिया एक्सपो मार्ट में चल रहे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में शनिवार को छुट्टी के दिन लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने मेले की भव्यता और विविधता का भरपूर लुत्फ तो उठाया ही, बल्कि प्रदेश के विभिन्न जिलों के जायके का भी लुत्फ उठाया। प्रदेश के विभिन्न उत्पाद लोगों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। लोगों की भीड़ ने कारोबारियों के चेहरे पर मुस्कान ला दी है। जिस तरह उम्मीद की जा रही थी, उसी के अनुरूप मेले में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है।

लोगों में हस्तशिल्प, टेक्नोलॉजी, कृषि उत्पाद, वस्त्र और खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उत्पादों को देखने के प्रति खास क्रेज रहा। वहीं, जैविक कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। जैविक फसल उत्पादों की प्रदर्शनी में फलों, सब्जियों और अनाजों की एक विस्तृत श्रृंखला लगाई गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश के पारंपरिक हस्तशिल्प, जैसे कि मिट्टी के बर्तन, बुनाई और कढ़ाई के सामान भी दर्शकों का खूब ध्यान खींच रहे हैं।

वहीं, खाद्य एवं पेय उत्पादों का पवेलियन भी इस शो का मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहां पर विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों, मसालों और स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया है, जिसके अंतर्गत इस पवेलियन में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया है, जो दर्शकों को उनकी संस्कृति से जोड़ने का काम कर रहा है।

ट्रेड में प्रदर्शनी लगा रहे लोग का कहना है कि यह प्रदेश सरकार की बहुत अच्छी पहल है, क्योंकि इसकी वजह से ही उनके जैसे छोटे व्यापारियों को बड़ा मंच मिला है, जहां उनके उत्पादों को विश्वस्तर पर एक्सपोजर मिल रहा है। उनका कहना है कि हमें नए ग्राहकों से मिलने और अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक अद्भुत अवसर मिल रहा है, जो उन्हें अत्यंत ही सुखद अनुभव दे रहा है।

ट्रेड शो न केवल देशी बल्कि विदेशी बॉयर्स को भी भरपूर तरीके से आकर्षिक करने में सफल हो रहा है। चाहे ओडीओपी हो, एमएसएमई या फिर अन्य तरह के उत्पाद हों, उनको विदेशी बॉयर्स द्वारा खूब पंसद किया जा रहा है। अधिकांश एक्जीबिटर्स को ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाबवे, क्यूबा, सोमानिया जैसे देशों से अच्छे खासे ऑर्डर्स मिल रहे हैं। इस तरह इंटरनेशनल ऑर्डर्स मिलने से एक्जीबिटर्स में खासा उत्साह है, खासकर नए एक्जीबिटर्स इस बात को लेकर सरप्राइज हैं कि प्रदेश सरकार की यह पहल वाकई उनके जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

योगी सरकार के राज में प्रदेश की पुलिस कितनी हाईटेक हुई है, इसकी बानगी तो प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था में दिखती ही है, लेकिन ट्रेड शो में लगाए गए यूपी पुलिस के स्टॉल पर भी यह देखने को मिल रहा है, क्योंकि यहां स्मार्ट पुलिसिंग से संबंधित सारी चीजें प्रदर्शित की गई हैं।

यहां तैनात पुलिस से जुड़े हुए कर्मचारी लोगों को इस संबंध में हर वो जानकारी मुहैया करा रहे हैं, जो एक आम आदमी को पुलिस के बारे में जानना बहुत जरूरी होता है। जहां पहले विभागों में फाइलों का अंबार लगा रहता था, अब किस तरह प्रदेश की योगी सरकार विभागों को हाइटेक बना रही है, उसकी बानगी भी ट्रेड शो में देखने को मिल रही है। इस बात की कभी कल्पना नहीं की जा सकती थी कि विभागों का काम इतना आसान तरीके से होगा, लेकिन प्रदेश सरकार के अथक प्रयासों के बाद इस प्रथा को तेजी से गति मिल रही है। ट्रेड शो में हर विभाग के स्टॉल लगे हैं, जहां ये विभाग तकनीकी रूप से कितने सक्षम हो गए हैं, इसको जानने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है।

ट्रेड शो में टेक्नोलॉजी और नवाचारों के कई स्टार्टअप भी लोगों को आकर्षिक कर रहे हैं। ऐसे स्टॉल्स पर कंपनियों ने अपने नवीनतम उत्पादों का प्रदर्शन किया हुआ है, जिसमें स्मार्ट उपकरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित समाधान और औद्योगिक मशीनरी शामिल हैं। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स, ड्रोन तकनीक और स्मार्ट फार्मिंग समाधानों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है, जो भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं को दर्शा रहे हैं।

# योगी सरकार की पहल का असर, स्वच्छता की अलख जगा रहे विद्यार्थी

**लखनऊ, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** योगी सरकार की पहल के तहत प्रदेश के सभी निकायों में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 के अंतर्गत चल रहे 155 घंटे के स्वच्छता अभियान के तीसरे दिन शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा प्रदेश के लगभग 5000 स्कूलों, कालेजों व विश्वविद्यालयों में एक लाख से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता से स्वच्छता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ व अभिभावकों को स्वच्छता के इस जन आंदोलन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के साथ ही उनके स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता की अलख जागृत करने का कार्य किया गया। इस दौरान शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता शपथ लेकर इस कार्य में निरंतर अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

स्वच्छता की भागीदारी में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों के स्वच्छ सारथी क्लब का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नवयुवक हमारी धरोहर व भविष्य है। स्वच्छता की जागरूकता से लेकर स्वच्छता के प्रति विभिन्न कार्यों में इनका योगदान अतुलनीय है। इस वर्ष सभी






निकायों में स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्वच्छ स्कूल बनाए जा रहे हैं, जो प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ टॉयलेट व स्वच्छ परिसर से युक्त होंगे। प्रत्येक निकाय में स्वच्छता के मानकों को पूर्ण करने वाले तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को स्वच्छ स्कूल की उपाधि से सम्मानित भी किया गया। प्रदेश के स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा सभी निकायों में 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महा सफाई अभियान के दौरान विभिन्न आयोजनों के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देकर उनके स्वच्छता के संकल्प को साकार किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को निकायों में स्वच्छ स्कूल का चयन कर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं नुक्कड नाटक, स्ट्रीट प्ले, पेंटिंग/पोस्टर/लेख प्रतियोगिता, स्वच्छता रैली, कल्चरल इवेंट, स्वच्छता प्लेज, स्वच्छता आधारित प्रोजेक्ट, रंगोली, पौधरोपण, आर्ट एंड क्राफ्ट इत्यादि जैसे कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वच्छता के प्रति स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अभियान को और बल दिया गया।

स्वच्छता के प्रति जागरूकता के इस महाभियान में विद्यार्थियों के साथ आमजनमानस ने भी बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों द्वारा निकाली गयी स्वच्छता रैली को लोगों ने अपना बहुमूल्य समय देकर खूब सराहा। बच्चों द्वारा बनाई गयी पेंटिंग-पोस्टर को स्कूलों की दीवारों पर स्थान दिया गया, जिससे स्वच्छता का पाठ आने वाली पीढ़ी के स्वभाव और संस्कार में स्थापित हो सके। अभिभावकों ने भी कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम की जमकर सराहना की और साथ ही स्वच्छता के मूल्यों को दैनिक जीवन में अपनाने का प्रण भी लिया।




# बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी : ऑस्ट्रेलिया टीम को सता रहा अश्विन और जडेजा का डर



**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि उनके बल्लेबाज भारत की स्पिन जोड़ी, अश्विन और जडेजा से कैसे निपटते हैं। भारत ने पिछले दोनों दौरों में ऑस्ट्रेलिया को उनकी धरती पर हराकर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी और अब टीम इंडिया तीसरी बार यह उपलब्धि हासिल करने की तैयारी में है।

मैक्सवेल ने कहा कि अक्सर अश्विन और जडेजा की जोड़ी ही खेल का नतीजा तय करती है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से इन दोनों गेंदबाजों का सामना करने के बाद ऐसा लगता है कि उनके खिलाफ हमारा प्रदर्शन मैच का परिणाम तय करता है। हालांकि मैक्सवेल खुद ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट क्रिकेट की योजना का हिस्सा नहीं हैं, लेकिन उन्होंने यह साफ कहा कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को भारत के अनुभवी स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अश्विन और जडेजा की जोड़ी ने मिलकर अब तक 330 पारियों में 821 विकेट लिए हैं और 50 बार पांच विकेट लेने का कारनामा कर दिखाया है। मैक्सवेल के मुताबिक यदि ऑस्ट्रेलिया इन दोनों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन कर पाती है, तो टीम जीत की अच्छी स्थिति में होगी।

**मैक्सवेल बोले- ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को स्पिनरों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना होगा**

मैक्सवेल ने गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी तारीफ की, जिन्हें वह 2013 में आईपीएल के दौरान पहली बार नेट्स में गेंदबाजी करते हुए देख चुके हैं। मैक्सवेल ने कहा कि अब बुमराह को इस तरह शानदार तरीके से आगे बढ़ते हुए देखना अद्भुत है। वह तीनों प्रारूपों में शायद सबसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। अश्विन और जडेजा की कुशल स्पिन और बुमराह की तेज गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना ऑस्ट्रेलियाई टीम की जीत की संभावनाओं को काफी हद तक प्रभावित करेगा।

### अश्विन एशिया के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे खिलाड़ी बने, कुंबले को छोड़ा पीछे, मुरलीधरन के रिकॉर्ड पर है नजर

**नई दिल्ली।** रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में एक और कामयाबी हासिल कर ली है, जब उन्होंने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। यह विकेट अश्विन के लिए खास था क्योंकि यह एशिया में उनका 420वां विकेट था, जिससे उन्होंने अनिल कुंबले के 419 विकेट लेने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया और अब एशिया में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर आ गए हैं। इस सूची में सबसे ऊपर श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन हैं, जिन्होंने एशिया में सबसे ज्यादा 612 विकेट लिए हैं। अश्विन की नजर अब इस रिकॉर्ड की ओर हैं, लेकिन इसे तोड़ने के लिए अभी काफी लंबा रास्ता तय करना है।

## न्यूज ब्रीफ


### पूर्व दिग्गज हॉकी खिलाड़ी हरबिंदर सिंह व जफर इकबाल भारत-जर्मनी मैच को लेकर उत्साहित

**नई दिल्ली।** पूर्व दिग्गज हॉकी खिलाड़ी हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद



नेशनल स्टेडियम में भारतीय हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ खेलते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं। इस आयोजन में पूर्व हॉकी सितारों सहित कई गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। भारतीय टीम 23 और 24 अक्टूबर को पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेताओं से भिड़ेगी। पेरिस ओलंपिक में हॉकी फाइनल में जर्मनी की टीम नीदरलैंड से हार गई थी और रजत पदक अपने नाम किया था। वहीं भारतीय टीम ने जर्मनी का सामना पेरिस ओलंपिक के सेमीफाइनल में किया था, जहां जर्मनी ने 3–2 से जीत दर्ज की थी। भारत ने ओलंपिक में तीसरे स्थान के मैच में स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता था। शनिवार को जारी एक बयान में हॉकी इंडिया ने बताया कि पद्मश्री हरबिंदर सिंह ने कहा कि 1972 में मैंने आखिरी बार दिल्ली में राष्ट्रीय टीम के लिए हॉकी खेली थी। मुझे याद है कि शिवाजी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक हमारे लिए चीयर कर रहे थे। मेरा मानना ??है कि भारतीय टीम और जर्मनी के लिए भी बहुत से प्रशंसक उत्साह दिखाने आएंगे। आखिरकार, वे एक दशक के बाद एक उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय मैच देखेंगे। वर्ष 1980 के मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता और दिल्ली में 1982 के एशियाई खेलों में रजत जीतने वाली टीम के कप्तान जफर इकबाल ने कहा कि हमारे जमाने में हॉकी के बहुत से प्रशंसक थे। नेहरू गोल्ड कप, एशियाई खेल और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैच जैसे आयोजनों में बहुत सारे समर्थक आते थे और हम जिन विशाल स्टेडियमों में खेलते थे, उनमें हमेशा उत्साह देखने को मिलता था। उन्होंने कहा कि जर्मनी एक मजबूत टीम है, हमने टोक्यो ओलंपिक में उन्हें हराकर कांस्य पदक जीता और हाल ही में पेरिस में सेमीफाइनल में उनसे हार गए थे। मुझे यकीन है कि भारतीय दर्शक हमें उन पर जीत हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

### इंग्लैंड दौरे से बाहर हुए चोटिल कैमरन ग्रीन



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी कैमरन ग्रीन पीठ की चोट के कारण मौजूदा इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गए हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में उनकी भागीदारी पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा कि ग्रीन की चोट की पूरी गंभीरता उनके पर्थ पहुंचने पर आकलन के बाद निर्धारित की जाएगी। भारत के खिलाफ पहला टेस्ट लगभग दो महीने दूर है, पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने चेस्टर–ले–स्ट्रीट में तीसरे वनडे के बाद दर्द की शिकायत की, जहां उन्होंने गेंद से 45 रन देकर 2 विकेट लिए और बल्ले से 45 रन बनाए। प्रारंभिक स्कैन में पीठ की चोट का पता चला, जिससे उन्हें भारत के खिलाफ आगामी महत्वपूर्ण श्रृंखला से पहले घर लौटना पड़ा। ग्रीन को उनके कार्यभार को प्रबंधित करने के लिए इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में दूसरे वनडे से आराम दिया गया था, लेकिन उन्होंने स्कॉटलैंड के खिलाफ सभी तीन टी20 मैच खेले थे। चोटों के मामले में ऑस्ट्रेलिया का अब तक ब्रिटेन का दौरा निराशाजनक रहा है और नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, रिले मेरेडिथ और बेन ड्वारशुइस के बाद ग्रीन पांचवें खिलाड़ी हैं जो चोटिल हुए हैं।

### आर्चर ने फेंकी ऐसी गेंद मार्श को नहीं दी दिखाई और लौटे पवेलियन

**लंदन।** जोफ्रा आर्चर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने से पहले ही तेज गेंदबाज बन गए हैं। कैरेबियन



देश में जन्मे आर्चर ने 2019 में इंग्लैंड के लिए डेब्यू किया था। वर्ल्ड कप 2019 के फाइनल में सुपर ओवर डालकर अपनी टीम को जीत दिलाई। फिर उसी साल एशेज सीरीज अपनी पेस बॉलिंग कर हर बल्लेबाज में अपना डरा बैठा दिया, लेकिन फिर चोट के कारण आर्चर मैदान से दूर हो गए। बीच–बीच में वापस लौटे लेकिन फिटनेस ने उनका साथ नहीं दिया। अब आर्चर ने फिर वापसी की है और पूरी लय में नजर आ रहे हैं। इंग्लैंड टीम अपने घर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज खेल रही है। जोफ्रा आर्चर भी इस सीरीज में इंग्लैंड टीम में शामिल हैं। लॉर्ड्स पर खेले गए चौथे मुकाबले में जोफ्रा आर्चर ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श को बोल्ड मार कर पवेलियन रवाना कर दिया। आर्चर की गेंद इतनी तेजी से अंदर आई कि मार्श को लाइन में जाने का भी मौका नहीं मिला। गेंद उन्हें छकाती हुई विकेट में जा लगी। मार्श अच्छी बैटिंग कर रहे थे और 34 गेंद पर 28 रन बनाकर आउट हुए। मार्श के आउट होने के बाद मार्नस लाबुशेन मैदान पर आए। आर्चर ने करीब 149 की स्पीड से गेंद फेंकी। यह गेंद लाबुशेन के हाथ पर लगी और वह दर्द से कराह उठे।

## आईएसएल सीजन–2024–25

# बोरा हेरारा की पहली हैट्रिक की बदौलत एफसी गोवा ने ईस्ट बंगाल को हराया

**कानपुर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

एफसी गोवा के स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर बोरा हेरारा ने इंडियन सुपर लीग 2024–25 सीजन की पहली हैट्रिक जमाई। उनकी इस हैट्रिक की मदद से गौर्स ने शुक्रवार रात विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए आईएसएल 2024–25 सीजन मुकाबले में ईस्ट बंगाल एफसी को 3–2 से हरा दिया। एफसी गोवा की सीजन की पहली जीत में हेरारा ने 13वें, 30वें और 71वें मिनट में गोल किए। हेरारा को शानदार हैट्रिक के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

गोवा की इस जीत से स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज निश्चित रूप से राहत महसूस कर रहे होंगे। एफसी गोवा तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रा और एक हार से चार अंक लेकर तालिका में दसवें से पांचवे स्थान पर आ गई है। वहीं, रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड की लगातार तीसरी हार से स्पेनिश हेड कोच कार्लेस कुआड्राट बेहद निराश होंगे। ईस्ट बंगाल एफसी तीन मैचों में तीन हार के कारण खाता खोले बिना तालिका में 12वें स्थान पर बनी हुई है।

मैच का पहला गोल 13वें मिनट में आया, जब स्पेनिश मिडफील्डर बोरा हेरारा ने एफसी गोवा को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1–0 कर दिया। बायीं तरफ से सर्बियाई विंगर डेजान ड्रैजिक ने क्रॉस डालकर गेंद को बॉक्स के अंदर डाला, जिसको ईस्ट बंगाल के गोलकीपर देबजीत मजूमदार ने आगे की ओर डाइव लगाकर को क्लीयर जरूर किया लेकिन गेंद ज्यादा दूर नहीं गई और सामने पहुंचे हेरारा ने दाहिने पैर से गेंद को बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर भेज दिया।



20वें मिनट में स्पेनिश मिडफील्डर बोरा हेरारा ने अपना दूसरा गोल करके एफसी गोवा की बढ़त को 2–0 कर दिया। गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टीमनी ने अपने बॉक्स ठीक बाहर से एक एरियल थ्रू–पास मैदान के अकैटिंग थर्ड पर खेला, जहां विंगर बोरिस सिंह ने ईस्ट बंगाल के सेंटर–बैक हेजारी माहेर से गेंद छीनी और फिर बॉक्स के अंदर घुसने के बाद उन्होंने गोललाइन के करीब से गेंद को माइनस करके सेंटर किया जहां मौजूद हेरारा ने इस बार बाएं पैर से गेंद को हल्का सा लॉब करके बॉटम लेफ्ट कॉर्नर के अंदर भेज दिया जबकि गोलकीपर देबजीत मजूमदार अपने दाहिनी तरफ डाइव लगाकर भी बचाव नहीं कर पाए।

29वें मिनट में फ्रेंच मिडफील्डर मादिह तलाल ने पेनल्टी किक पर गोल करके ईस्ट बंगाल को कुछ राहत पहुंचाते हुए स्कोर 1–2 कर दिया। ईस्ट बंगाल को पेनल्टी किक के रूप में यह सुनहरा मौका 28वें मिनट में मिला, जब सेंटर–बैक निंगदोर्जी तमांग ने अपने बॉक्स के अंदर तलाल को पीछे से गिरा दिया और रैफरी ने तुरंत लंबी सीटी बजाकर पेनल्टी किक का इशारा किया। इसके बाद तलाल ने करारा राइट फुटर शॉट लगाकर गेंद को लेफ्ट कॉर्नर के अंदर गोलजाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर लक्ष्मीकांत कट्टीमनी गलत अनुमान के साथ विपरीत दिशा की तरफ डाइव लगा बैठे। 71वें मिनट में स्पेनिश मिडफील्डर बोरा हेरारा ने हैट्रिक पूरी करके एफसी गोवा की बढ़त को 3–1 कर दिया। राइट–बैक उदांता सिंह ने दाहिनी तरफ टच लाइन के करीब से थ्रू–पास बॉक्स के ठीक बाहर निकाला, जिस पर हेरारा गेंद लेकर बॉक्स के अंदर घुसे और फिर करारा लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को सीधे गोलजाल में उलझा दिया जबकि गोलकीपर देबजीत मजूमदार अपने से निकले बुलट शॉट पर बायां हाथ भी नहीं लगा पाए।

85वें मिनट में स्थानापन्न फॉरवर्ड डेविड लालहलनसांगा ने गोल करके ईस्ट बंगाल को कुछ राहत पहुंचाते हुए स्कोर 2–3 कर दिया। सेंटर–बैक अनवर अली ने लगभग तीस गज की दूरी से करारा शॉट लगाया, जिसे गोलकीपर कट्टीमनी ने ब्लॉक जरूर किया लेकिन रिबाउंड पर आगे गिरी गेंद को डेविड ने बाएं पैर से गोल जाल में उलझा दिया।

गोवा की खुशी ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि उनके आयरिश सेंट्रल मिडफील्डर कार्ल मैकह्यू को रैफरी ने 81वें मिनट में दूसरा येलो कार्ड यानी रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर किया। लिहाजा मैच के अंतिम समय में एफसी गोवा को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। मैकह्यू को पहला येलो कार्ड 43वें मिनट में दिखाया गया था।

पहले हाफ में दबदबा एफसी गोवा का रहा, क्योंकि स्पेनिश मिडफील्डर बोरा हेरारा के दो गोलों की मदद से गौर्स ने बढ़त बनाई और उसे बरकरार रखा। लिहाजा, एफसी गोवा 2–1 की बढ़त के साथ हाफ टाइम ब्रेक गई। गेंद पर ज्यादा नियंत्रण ईस्ट बंगाल एफसी का 56 फीसदी रहा लेकिन उसकी ओर केवल चार प्रयास किए गए जिनमें से एक शॉट टारगेट पर था और पेनल्टी किक पर गोल करके मादिह तलाल ने मेजबान टीम को कुछ राहत पहुंचाई। वहीं, गेंद पर 44 फीसदी कब्जा रखने वाली एफसी गोवा की ओर से 11 प्रयास किए गए, जिनमें से तीन शॉट टारगेट पर थे और दो पर गोल आए।

# कानपुर टेस्टः बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल रद्द, एक भी गेंद फेंकी नहीं जा सकी



**कानपुर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

भारत और बांग्लादेश के बीच कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में चल रहे दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल बारिश के कारण रद्द कर दिया गया है। दूसरे दिन शनिवार को एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। सुबह से ही मैदान कवर्स से ढके थे।

शुरुआती दिन का खेल भी बारिश से प्रभावित रहा था, जिस कारण पहले दिन केवल 35 ओवर ही फेंके जा सके। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 3 विकेट पर 107 रन बना लिये थे। मोमिनुल हक 40 और मुश्फिकुर रहीम 6 रन बनाकर खेल रहे थे।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम के लिए दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने दो विकेट लिये। उन्होंने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन (0) और शादमान इस्लाम (24) को आउट किया, जिससे बांग्लादेश का स्कोर 29 रन पर 2 विकेट हो गया। इसके बाद कप्तान नजमुल हुसैन शान्तो और मोमिनुल हक के बीच 51 रन की साझेदारी हुई, जिसे रविचंद्रन अश्विन ने तोड़ा। अनुभवी ऑफ स्पिनर ने शान्तो को 31 रन पर आउट किया। इसके बाद मोमिनुल और मुश्फिकुर रहीम ने बांग्लादेश की पारी को 100 के स्कोर पर पहुंचाया। 35वें ओवर के बाद खराब रोशनी के कारण खेल को रोका गया और फिर बारिश आ गई। इसके बाद पहले दिन के खेल को समाप्त घोषित कर दिया गया। चेन्नई में पहला टेस्ट 280 रनों से जीतने के बाद मेजबान टीम दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 1–0 से आगे चल रही है। भारतीय टीम वर्तमान में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला के बाद न्यूजीलैंड तीन टेस्ट मैचों के दौरे के लिए भारत आएगा।

### वर्ल्ड चैम्पियन कमल चावला का भोपाल में जोरदार स्वागत

**भोपाल/इन्दौर।** वर्ल्ड 6 रेड स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के बाद वर्ल्ड चैम्पियन कमल चावला आज अपने गृह नगर भोपाल लौटे। राजधानी के राजा भोज एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। मंगोलिया में सम्पन्न वर्ल्ड चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले में कमल ने पाकिस्तान के असजाद इकबाल को हराकर वर्ल्ड चैम्पियन बनने की उपलब्धि अर्जित की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 52 स्पर्धाओं में कमल का यह 15वॉं पदक है।

# बांग्लादेशी प्रशंसक ने लिया यू टर्न कहा-अस्वस्थ महसूस कर रहा था




**कानपुर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

यहां ग्रीन पार्क में शुक्रवार को भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन कथित विवाद के केंद्र में रहे एक बांग्लादेशी प्रशंसक को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बांग्लादेशी सुपरफैन रॉबी ने शुरू में कहा था कि उन्हें अन्य प्रशंसकों से कुछ हिंसा का सामना करना पड़ा है, लेकिन बाद में अस्पताल में उन्होंने यू टर्न लेते हुए कहा कि वह कानपुर की गर्मी में निर्जलीकरण से पीड़ित होने के बाद अस्वस्थ महसूस कर रहे थे। लंच ब्रेक के दौरान रॉबी को अपने चेहरे पर बाघ की धारियां रंगे हुए गेट से बाहर निकलते हुए और मीडिया कर्मियों के लिए बनाए गए गेट के पास आता हुआ दिखाई दिया। सुरक्षा अधिकारियों और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अधिकारियों ने उन्हें कुर्सी दी, उन्हें पानी की पेशकश की और जल्द ही उन्हें चिकित्सा सुविधा तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की। उस समय रिकॉर्ड किए गए वीडियो में रोबी को बेचैनी में दिखाया गया था, और जबकि उसके शब्द अस्पष्ट थे, उसने संकेत दिया कि उसकी पीठ के निचले हिस्से में पीछे से मुक्का मारा गया था, और पसलियों में कोहनी मारी गई थी। वह बेदम और संघर्ष करता हुआ दिखाई दिया।

यह सब तब हुआ जब बांग्लादेश के कानपुर में टेस्ट मैच खेलने का विरोध जारी रहा। मैच की पूर्व संध्या की तरह, कुछ राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को स्टेडियम से बमुश्किल एक किलोमीटर की दूरी पर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन उन रिपोर्टों की प्रतिक्रिया है, जिसमें पिछले डेढ़ महीने में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के सदस्यों के खिलाफ हमले हुए हैं। जुलाई के बाद से बांग्लादेश में उथल–पुथल का दौर चल रहा है, जब छात्रों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के कारण शेख हसीना की अवामी लीग सरकार का अंत हो गया।

# पाकिस्तान टीम को पेशेवर रुख के साथ ही एकजुट होकर खेलना होगा : कर्स्टन

**लाहौर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान की सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम के कोच गैरी कर्स्टन ने कहा है कि पाकिस्तान की टीम के खराब प्रदर्शन का कारण पेशेवर रुख की कमी के साथ ही गुटबाजी का माहौल है जिससे टीम एकजुट होकर नहीं खेलती। कर्स्टन की टिप्पणी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक कार्यक्रम को लेकर है। इसमें प्रबंधन को पाकिस्तानी क्रिकेट किस दिशा में जा रहा है ये देखने को कहा गया था। इसलिए टीम को जीत के लिए पेशेवर रुख के साथ ही एकजुट होकर खेलना होगा।



### बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली घरेलू टेस्ट सीरीज हारी पाकिस्तान

पाकिस्तान का पिछले काफी समय से प्रदर्शन शर्मनाक रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पहली घरेलू टेस्ट सीरीज हारी और वह एकदिवसीय और टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। कर्स्टन ने कहा, सभी चाहते हैं कि पाकिस्तान की टीम सभी प्रारूपों में यथासंभव सफल हो। इसी लिए हमने सभी चीजों पर विचार किया है जो हमारी मदद कर सकती हैं और टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने में मदद कर सकती हैं।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टीम और खिलाड़ियों के पेशेवर स्तर के संदर्भ में एक चीज जिसके बारे में हमने बात की वह वास्तव में अहम थी। मुझे लगता है कि यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्धता है। देश के लिए खुद को सर्वश्रेष्ठ तरीके से पेश करें और पाकिस्तान क्रिकेट में फिर से गौरव लाएं। हर कोई चाहता था कि उनकी क्रिकेट टीम जीते, लेकिन खेल, श्रृंखला और टूर्नामेंट जीतने से पहले कुछ उपाय किए जाने की आवश्यकता है।

### सभी प्रारूपों में एक बहुत ही प्रतिभाशाली टीम है हमारी

कर्स्टन ने कहा, मुझे लगता है कि हम सभी एक सफल टीम चाहते हैं और ऐसा न हो पाने का कोई कारण नहीं है। यह सभी प्रारूपों में एक बहुत ही प्रतिभाशाली क्रिकेट टीम है, लेकिन कुछ प्रक्रियाएं हैं जिन्हें आपको लागू करने की आवश्यकता है। और मुझे लगता है कि हम इसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

# इंग्लैंड की बड़ी जीत : हैरी ब्रूक ने उतारा ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का भूत

**लाहौर्स, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

**हैरी ब्रूक, बेन डकेट और लियाम लिविंगस्टोन की तूफानी फिफ्टी के बाद गेंदबाजों के कमाल से इंग्लैंड ने चौथे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह से रौंद दिया। बारिश के कारण 39 ओवर के हुए खेल में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 312 रन का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 24.4 ओवर में ही 126 रन बनाकर सिमट गई, जिससे मेजबान इंग्लैंड ने मैच को 186 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। इस तरह सीरीज अब 2-2 से बराबर हो गया है।**

**लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज ने कंगारू गेंदबाजों पर ऐसी तबाही मचाई कि बॉल को फोड़ डाला**

लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलिया का यह फैसला उनके गेंदबाजों के लिए काल बन गया। इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज कंगारू




गेंदबाजों पर ऐसी तबाही मचाई कि उनकी हालत खराब हो गई। खास तौर से आस्ट्रेलिया की रीढ़ माने जाने वाले मिचेल स्टार्क, सीन एबट और एडम जम्पा की जमकर पिटाई की।

### हैरी ब्रूक ने तबाही मचा कर रख दी

इंग्लैंड की तरफ से बल्लेबाजी में कप्तान हैरी ब्रूक ने तबाही मचा कर रख दी। ब्रूक ने अपनी टीम के लिए 58 गेंद में 87 रनों की पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। हैरी ब्रूक के साथ–साथ बेन डकेट और लिविंगस्टोन भी खूब बरसे। डकेट ने 62 गेंद में 62 रन बनाकर आउट हुए। वहीं लिविंगस्टोन ने सिर्फ 27 गेंद में 7 सिक्स और 2 फोर के साथ नाबाद 63 रन कूट दिए।

गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे ज्यादा पिटाई मिचेल स्टार्क को पड़ी। स्टार्क ने 8 ओवर में 70 लुटाए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। इसके अलावा सीन एबट ने भी 7 ओवर में 62 रन खर्च किए और उन्हें भी खाली हाथ रहना पड़ा। वहीं एडम जम्पा ने 8 ओवर में 66 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा मिचेल मार्श और जोश हेजलवुड ने भी एक–एक विकेट हासिल किए।

### ताश के पत्तों की तरह ढेर हो गई ऑस्ट्रेलियाई बैटिंग

इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया की बैटिंग ताश के पत्तों की ढेर हो गई। ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने जरूर एक तेज तर्रार शुरुआत की थी, लेकिन इन दोनों के आउट होते ही पूरी टीम बिखर गई। वहीं बॉलिंग में इंग्लैंड की तरफ से मैथ्यू पॉट ने अपना कहर बरपाया। मैथ्यू पॉट ने 8 ओवर में 38 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए।

इसके अलावा ब्रायडन कारसे ने भी 6 ओवर में 36 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। वहीं तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दो और आदिल राशिद के खाते में एक–एक विकेट आया। इस तरह अब सीरीज का निर्णायक और अंतिम मुकाबला रविवार, 29 सितंबर को खेला जाएगा।

# कर लो तैयारी पूरी!!!



अभी कुछ दिनों पहले ही तो क्लासेज शुरू हुईं थीं और अब एग्जाम का भूत आ गया है। अरे भई! ये यूनिट टेस्ट के नाम से तो गुस्सा आता है। है न। पर यह सब तो आपकी तैयारी के लिए ही लिए जाते हैं। तो फिर घबराना कैसा? जैसे बूंद-बूंद से सागर भरता है, वैसे ही थोड़ी-थोड़ी तैयारी से पूरा सिलेबस याद हो जाता है। मालूम है आप सबने कर ही ली होगी तैयारी। पर दोस्तो, थोड़ा रिवीजन करना तो बनता है न। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा...



**परीक्षाओं** का डर तो मन से जाता ही नहीं। वैसे आप सब जानते हैं, बच्चे से लेकर बूढ़े तक सबके मन में इस शब्द ने डर भर रखा है। तो आपका डरना लाजिमी ही है। वैसे अब तक टेस्ट में पूछा जाने वाला सिलेबस आपने रट ही लिया होगा। क्या?...अभी रिवीजन बाकी है। हम्मम...वैसे रिवीजन करने का समय भी तो आ ही गया है। पर रिवीजन करते क्यों है? आखिर क्या जरूरत है इसकी?...अरे! समझ गए भई। रिवीजन करना चाहिए। हम भी यही कह रहे हैं। पर रिवीजन के रीजन को समझने की कोशिश करते हैं और इसे सही तरीके से करने के बारे में भी कुछ बातें करेंगे।

**रिवीजन के कायदे**

1. **इंटरैक्टिव स्टडी-** रिवीजन करने बहुत सारे तरीके हैं। जो सबसे ज्यादा लोग करते हैं वो है, नोट्स को कई दफा पढ़ना। सबसे कारगर तरीकों में से एक है, इंटरैक्टिव स्टडी। यानी की एक टॉपिक पर दो या फिर दो से ज्यादा लोग चर्चा कर के उस टॉपिक को तैयार करें।

2. **डायग्राम और थ्योरी-** इसके अलावा जिन विषयों में डायग्राम बनाए जाते हैं, उनकी भी तैयारी की जाती है। इन विषयों में सबसे पहले नाम आता है- विज्ञान और गणित का। पर इनके अलावा अन्य विषयों में भी चार्ट आदि बनाने की तैयारी की जाती है। वहीं हेडिंग और अंडरलाइन होने वाले बिन्दुओं को भी याद करना चाहिए। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के थ्योरियों को भी बारीबारी याद करना चाहिए।

3. **टाइम-टेबल बनाएं-** रिवीजन की शुरुआत में ही सब टाइम-टेबल बनाते हैं। इससे समय के अनुसार विषयों का विभाजन हो जाता है और सभी विषयों को समय दे पाते हैं। इस बार जब आप टाइम टेबल बनाएं तो उसे बड़े आकार की शीट पर बनाएं। इससे आपके साथ घर के अन्य लोग भी आपकी रूटीन से परिचित हो जाएंगे। और चूंकि सब जान जाएंगे, तो आप भी उसे पूरा करने के प्रति ज्यादा सजग होंगे।

4. **जल्दी से जल्दी-** रिवीजन की शुरुआत सुबह जितनी जल्दी कर सकें, करनी चाहिए। एक अंग्रेजी कहावत के अनुसार सबसे जल्दी उठने वाली चिड़िया को सबसे अच्छा भोजन मिलता है। इसका मतलब आप जितनी जल्दी अपनी तैयारी शुरू करेंगे, उतनी जल्दी ही इसे खत्म कर पाएंगे। दिन का टार्गेट पूरा हो जाएगा, तो बड़ी संतुष्टि मिलेगी।

इन सबके अलावा आप खेल के साथ भी कुछ तैयार कर सकते हैं। नहीं आया समझ में। कोई बात नहीं। इतिहास को याद करते वक्त आप दिन और वर्ष भूल जाते हैं। सच है न। इसे याद करने के लिए आप एक इतिहास के उस हिस्से का मंचन कर लीजिए। याद नहीं रहता। इसलिए जरूरी है ये मंचन का खेल। तो फिर कोई बाबर बन जाए और कोई लोधी का किरदार निभाए। इससे आप सबका मनोरंजन होने के साथ-साथ आपकी तैयारी भी हो जाएगी। है न कारगर उपाय।

तो फिर बैठिए मत। तैयारी कीजिए।

**इसके फायदे**

आपने जितना भी और जो भी पढ़ा है, वो आपको याद है भी या नहीं, इसकी जांच करना बेहद जरूरी है। इस जांच में आप अपने भाई-बहनों या फिर दोस्तों की भी मदद ले सकते हैं। अपने सिलेबस के किसी एक सब्जेक्ट का चयन करें और फिर अपने दोस्त या फिर भाई-बहन से कहें कि वो आपका छोटा-सा टेस्ट लें। इस टेस्ट में सफल होने पर आपके अंदर आत्मविश्वास खुद-ब-खुद ही आ जाएगा। वहीं कुछ टॉपिक्स को हम बहुत पहले पढ़ चुके होते हैं, तो यह सोच कर रह जाते हैं कि वो तो हमें याद ही है। लेकिन रिवीजन करते समय उन टॉपिक्स को भी दोहरा लिया जाता है। इससे आपकी तैयारी पुख्ता हो जाती है। इस तरह करने से आपकी परीक्षा के लिए तैयार रहने की आदत पनप जाएगी और आप वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में सफर रहेंगे।





**एक केला हो जाए**

टेनिस प्लेयर्स को जब ब्रेक मिलता है तो वो क्या करते हैं? कभी ध्यान दिया है। नहीं! कोई बात नहीं, वो झट से एक केला खा लेते हैं। दरअसल, केले में पोटैशियम की बहुत ज्यादा मात्रा पाई जाती है। और विशेषज्ञों का मानना है कि पोटैशियम से ऊर्जा का स्तर बढ़ता है। इसका मतलब जब भी आपको लगे कि आप थक से रहे हो तो फिर आप भी झट से एक केले का सेवन कर लें।

## कविता

### पेड़ की पुकार



मेरे हैं उपकार बहुत,
कुछ तो सोच-विचार करो।
पेड़ कहता मेरे ऊपर,
न तुम अत्याचार करो।
बचपन में मां ने तुम्हें,
मुझसे बने झूले में झुलाया।
मेरी कलम से तुमने,
कापी पर अ-आ बनाया।
मैं हूं तेरा सच्चा साथी,
न यह मारा-मार करो।
छोटी उम्र में रहे,
खेलते तुम पेड़ों पर चढ़कर।
बड़ा होते ही उठाई आरी,
और मुझे लहुलुहान किया।
मेरे कारण तुम्हारा जीवन,
बुरा न व्यवहार करो।
मीठे फल मैं देता,
तुमको साथ में ठंडी छांव।
ऐसे करता सेवा तुम्हारी,
जैसे करती है मां।
सुंदर प्यारे फूल देखकर,
सुख का इजहार करो।
मेरी टहनी पर बैठे पंछी,
करते हैं विनती।
हमारा घर न उजाड़ो,
न हमें बेहाल करो।
मानव अपने सुख के,
लिए जीवन ना दुश्वार करो।
पेड़ कहता मेरे ऊपर,
न तुम अत्याचार करो।

## ज्ञान बढ़ाओ

### बूझो तो जानें!!!

1. भारत की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर का नाम बताइए।
2. भारतीय प्रधानमंत्री जिनका कार्यकाल के दौरान ही देहांत हुआ।
3. भारतीय थलसेना के प्रथम प्रमुख का नाम बताइए।
4. भारत के सबसे बड़े पुरस्कार का नाम बताइए।
5. भारत की पहली जनगणना किस वर्ष हुई थी?
6. भारत के पहले अंग्रेजी अखबार का नाम बताइए।
7. भारत की पहली पंचवर्षीय योजना किस वर्ष से शुरू किया गया।
8. भारत का पहला सिनेमा हॉल कब बनाया गया था?
9. भारत की वह पहली फिल्म जिसमें सारी महिला कलाकार थीं।
10. भारत की पहली बिना गीत की फिल्म का नाम बताइए।
11. भारत की प्रथम महिला राजदूत कौन थीं?
12. भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री का नाम बातइए।
13. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम महिला अध्यक्ष का नाम बताइए।
14. प्रथम फिल्म अभिनेता जो मुख्यमंत्री बने।
15. भारतीय राष्ट्रपति जिनका कार्यकाल के दौरान देहांत हुआ।

**उत्तर**-1. किरण बेदी 2. इंदिरा गांधी 3. एस राजेन्द्र सिंह 4. भारत रत्न 5.-वर्ष 1901 6. बंगाल गेजेट(1790) 7. वर्ष1951 8. 1907 में कोलकाता में जेएफ मदन ने बनवाया था। 9. बिंदहस्त(मराठी फिल्म) 10. जेबीएच वाडिया की नौजवान (1937) 11. विजयलक्ष्मी पंडित 12. सुचेता कृपलानी (उत्तर प्रदेश) 13. सरोजिनी नायडू 14. एम.जी. रामचंद्रन 15. जाकिर हुसैन

# खुद से किया वादा

स्कूल से आते ही बस्ता फेंककर सोनू खेलने भाग जाया करता था। सोनू की इस आदत से उसकी मां बहुत परेशान रहती थी। फिर अचानक एक दिन सोनू को कुछ ऐसा भुगतना पड़ा, जिसकी वजह से उसने खुद से एक वादा किया। वह वादा था सभी कार्यों को नियत समय पर करने का...

**सोनू** स्कूल से आता और अपना स्कूल बैग उतार कर बिना पानी पिए खेलने के लिए चला जाता। मां आवाज लगाती, पानी तो पी ले, स्कूल के कपड़े तो बदल ले, लेकिन सोनू किसी की भी नहीं सुनता और अभी आता हूं कह कर चला जाता और कितनी देर तक वापस नहीं आता। यह उसकी रोज की आदत बन गई। इसके कारण उसका कोई भी काम समय से पूरा नहीं होता। वह आराम करने के समय में खेलता और खेलने के समय स्कूल का काम करता। उसका कोई भी काम समय पर न होने के कारण उसका स्कूल का काम भी अधूरा रह जाता। जब वह रात को स्कूल का काम करने के लिए बैठता तो लाइट चली जाती। जिस कारण काम पूरा नहीं होता और उसे रोज स्कूल में अध्यापकों से डांट पड़ती। सोनू की मां रोज उसे समझाती कि जिन बच्चों के साथ वह खेलता-कूदता है वे बच्चे खुद तो पढ़ते नहीं और उसकी पढ़ाई भी खराब करते हैं। उसे स्कूल से आते ही उन बच्चों के साथ खेलना नहीं चाहिए। उसे पहले अपना काम करना चाहिए और फिर खेलना चाहिए। लेकिन सोनू किसी की भी न सुनता।

आज भी वह खेल कर देर से घर वापस आया और आते ही कहने लगा कि उसके सिर में दर्द हो रहा है। मां ने देखा तो उसका सारा शरीर बुखार के कारण तप रहा था। मां ने कहा, 'मैंने तुम्हें मना किया था खेलने से और कहा था कि तुम पानी पीकर आराम करके फिर खेलने जाना, लेकिन तुम किसी की भी नहीं सुनते हो।'

'मेरा सिर दबा दो, बहुत दर्द हो रहा है' सोनू ने कहा। वो दर्द से कराह रहा था। 'रुक पहले तेरा बुखार देख लूं थर्मामीटर से', मां ने कहा।

थर्मामीटर लगा कर देखा तो सोनू का बुखार 102 से भी ज्यादा था। मां गुस्से में बोली 'तुझे कितनी बार कहा था कि स्कूल से आने के बाद कुछ देर आराम कर लिया कर आराम शरीर के लिए बहुत ही जरूरी होता है। लेकिन तू कभी नहीं सुनता। यह ले पानी पी' और मां सोनू के माथे पर ठंडे पानी की पट्टियां करने लगी और कहा कि 'हम थोड़ी देर बाद दवाई लेने जाएंगे।'

'घर में कोई दवाई है तो वो ही दे दो।' सोनू ने कहा।

'घर में कोई भी दवाई नहीं है। अब तो डॉक्टर इंजेक्शन लगाएगा और पैसे जो लगेंगे सो अलग। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि इलाज से परहेज अच्छा लेकिन आजकल के बच्चे कहां किसी की मानते हैं।'

जब वे लोग डॉक्टर के पास पहुंचे तो वहां पर बहुत भीड़ थी। सोनू का खड़ा होना भी मुश्किल हो गया था। उन्होंने अपनी बारी की पर्ची बनवाई और अपनी बारी का इंतजार करने लगे।

अब सोनू बैठा सोच रहा था कि 'अगर मां की बात मानी होती तो वह आज बीमार न होता और उसे इंजेक्शन का भी डर न होता। अब पता नहीं डॉक्टर कितने दिनों के लिए आराम करने को कहेगा। भगवान करे कि अब ठीक हो जाऊं और इंजेक्शन भी न लगे। आगे से कभी भी ऐसा नहीं होगा।' सोनू ने खुद से वादा किया कि शरीर को जितना आराम चाहिए वो उसे देगा और सभी काम समय से करेगा।


सोनू अंदर आओ। अंदर से आवाज आई। आवाज सुनते ही सोनू इंजेक्शन के डर से घबराता हुआ डॉक्टर के पास गया। नब्ज देखकर डॉक्टर ने कहा कि 'बुखार अब कम है।' शायद मां के घरेलू नुस्खे से सोनू का बुखार कम हो गया था। डॉक्टर के पीछे खड़ी एक नर्स सिरींज में दवाई भर रही थी। सोनू ने सोचा कि शायद अब डॉक्टर नर्स से कहेगा कि इसको लिटाओ इंजेक्शन लगाने के लिए, लेकिन नर्स तो दूसरे कैबिन में चली गई। यह देखकर सोनू ने चैन की सांस ली। कैबिन से जब बच्चे की रोने की आवाज आई तो सोनू न सोचा कि 'अब मेरी बारी आएगी।' तभी डॉक्टर ने सोनू की तरफ देखते हुए कहा, 'हां, जी तो आपका नाम क्या है?'

'जी सोनू।'


'पढ़ते हो, कौन से स्कूल में, कौन सी कक्षा में?' डॉक्टर ने पूछा।

सोनू ने सभी सवालों के जवाब दिए, लेकिन उसका ध्यान टीके की तरफ ही था। 'यह बुखार सिर्फ थकावट के कारण हुआ है। इंजेक्शन की जरूरत नहीं है। यह तो दवाइयों से ही ठीक हो जाएगा।' डॉक्टर ने पीठ थपथपाते हुए कहा। इंजेक्शन न लगने की खुशी से सोनू बहुत खुश था। उसने सोचा शायद उसने खुद से जो वादा किया था उसे भगवान ने सुन लिया।

सोनू घर आया और आराम किया। अगले दिन वह स्कूल गया पर वापस आने के बाद यूनीफॉर्म बदलकर खाना खाया और आराम किया। सोनू में आए इस बदलाव को देखकर उसकी मां बहुत खुश हुईं।




## अंतर ढूढ़ों



*यहां आपको एक जैसी दो तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। पहली बार देखने में तो आपको अंतर समझ में नहीं आएगा, लेकिन जरा गौर से देखने पर आपको सात अंतर दिखाई देंगे। तो जमाइए नजरें और खोज निकालिए वे अंतर भी।*




# बीएसई और एनएसई ने ट्रांजेक्शन फीस स्ट्रक्चर में किया बदलाव, 1 अक्टूबर से लागू होगी नई व्यवस्था

**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**
मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के निर्देश के अनुसार बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने कैश तथा फ्यूचर्स एंड ऑप्शंस (एफएंडओ) ट्रेडिंग के लिए ट्रांजेक्शन फीस में बदलाव करने का ऐलान किया है। ट्रांजेक्शन फीस की नई दरें 1 अक्टूबर से लागू हो जाएंगी। सेबी ने एक सर्कुलर जारी करके शेयर बाजार समेत मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (एमआईआई) के सभी सदस्यों के लिए एक समान फीस स्ट्रक्चर को अनिवार्य कर दिया है। दरअसल, जुलाई के महीने में ही सेबी ने एक सर्कुलर जारी करके मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस (एमआईआई) की ओर से लगाए जाने वाले ट्रांजेक्शन चार्ज के संबंध में निर्देश जारी किया था कि एमआईआई के पास सभी सदस्यों के लिए एक समान फीस स्ट्रक्चर होना चाहिए। ये फीस स्ट्रक्चर मौजूद वॉल्यूम बेस्ड स्लैब सिस्टम को रिप्लेस करेगा। सेबी के सर्कुलर में ये भी साफ किया गया था कि ट्रेडिंग मेंबर्स की ओर से अपने क्लाइंट्स से वसूले जाने वाले चार्जेज और मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस को ट्रेडिंग मेंबर्स द्वारा दिए जाने वाले चार्जेज में परस्पर समानता होनी चाहिए, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। सेबी के निर्देश के अनुरूप ही बीएसई और एनएसई ने अलग-अलग सर्कुलर जारी करके ट्रांजेक्शन फीस में होने वाले बदलाव की जानकारी दी है। बीएसई के सर्कुलर के मुताबिक इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में सेंसेक्स और बैंकेक्स ऑप्शंस कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए ट्रांजेक्शन फीस को रिवाइज करके 3,250 रुपये प्रति करोड़ प्रीमियम टर्नओवर कर दिया गया है। हालांकि सर्कुलर में स्पष्ट किया गया है कि इक्विटी डेरिवेटिव्स सेगमेंट में दूसरे कॉन्ट्रैक्ट्स के लिए ट्रांजेक्शन चार्ज में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारत और भूटान ने बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का निर्णय लिया



**नई दिल्ली।** भारत और भूटान ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कुछ सीमा पार बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास में तेजी लाने के लिए चर्चा की। इनमें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक एकीकृत जांच चौकी की स्थापना का मुद्दा भी शामिल रहा। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल और भूटान के उद्योग, वाणिज्य एवं रोजगार मंत्रालय (एमओआईसीई) के सचिव दाशो ताशी वांगमो के बीच थिम्पू में हाल ही में हुई बैठक में इन मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उन्होंने बैठक की सह-अध्यक्षता करते हुए सीमापार और संपर्क के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने का निर्णय लिया। इसमें जयगांव-फुंटशोलिंग में एक एकीकृत जांच चौकी की स्थापना और कोकराझार-गेलेफू और बानरहाट-समात्से के बीच रेल संपर्क शामिल है। बयान के अनुसार दोनों सचिवों ने भूटान से भारत में कबाड़ के आयात के लिए एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) जयगांव की अधिसूचना, भारत-भूटान सीमा पर सीमा हाट की स्थापना, व्यापारियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने और भूटान से भारत में बोल्डर के आयात पर विचार-विमर्श किया। इसके अलावा भूटान से भारत में आयात के लिए लकड़ी की तीन अतिरिक्त किस्मों को शामिल करने पर भी चर्चा हुई। साथ ही मार्च 2024 में हस्ताक्षरित भूटान खाद्य एवं औषधि प्राधिकरण (बीएफडीए) द्वारा प्रयोग किए जाने वाले आधिकारिक नियंत्रण को भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा मान्यता देने के लिए समझौते के शीघ्र परिचालन पर विचार-विमर्श किया गया।

### सीडीएससीओ द्वारा एकत्र नमूने नकली, अल्केम द्वारा निर्मित नहीं: अल्केम लैबोरेटरीज

ALKEM
Alkem Laboratories

**नई दिल्ली।** मुंबई की दवा कंपनी अल्केम लैबोरेटरीज ने उन दावों का खंडन किया जिसमें कहा गया था कि उसके उत्पाद पैन डी और क्लैवम 625 केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की जांच में विफल रहे हैं। कंपनी ने बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) को नियामकीय फाइलिंग में यह जानकारी दी है। कंपनी ने मूल्यांकन रिपोर्ट के साथ सीडीएससीओ को एक जवाब भी भेजा है, जिसमें पुष्टि की गई है कि सीडीएससीओ द्वारा एकत्र किए गए नमूने नकली हैं और अल्केम द्वारा निर्मित नहीं हैं। कंपनी का खंडन सीडीएससीओ द्वारा इस साल अगस्त में पैन-डी और क्लैवम 625 के एक-एक बैच सहित 50 से अधिक दवाओं को मानक गुणवत्ता (एनएसक्यू) के अनुरूप नहीं पाए जाने के बाद आया है। पैन-डी प्रिस्क्रिप्शन दवा है जो एसिड रिफ्लक्स, अपच और गैस की शिकायत होने पर मरीज को दी जाती है और क्लैवम 625 एक एंटीबायोटिक है, जो फेफड़ों, कान, नेजल साइनस, यूरिनरी ट्रैक्ट, त्वचा और सॉफ्ट टिश्यू के जीवाणु संक्रमण के उपचार के लिए किया जाता है। आंतरिक जांच के आधार पर कंपनी ने कहा कि केंद्रीय औषधि नियामक ने जांचे के लिए जो नमूने लिए थे वे नकली थे और हमारा द्वारा निर्मित नहीं थे। इस खंडन के साथ अहमदाबाद की टॉरंट फार्मा के बाद अल्केम दूसरी ऐसी कंपनी बन गई है जिसने सीडीएससीओ द्वारा परीक्षण किए गए नमूनों को नकली बताते हुए अपनी दवाओं के गुणवत्ता परीक्षण में विफल होने के दावों का खंडन किया।

### सिस्को ने चेन्नई में अपना पहला मैन्युफैक्चरिंग प्लांट शुरू किया, इस परियोजना से तमिलनाडु में 1,200 नौकरियां मिलने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारत में अपनी उत्पादन क्षमता में विस्तार करने के लिए सिस्को ने चेन्नई में अपने पहले मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की शुरुआत कर दी है। इससे सिस्को का लक्ष्य सालाना 1.3 अरब डॉलर से ज्यादा का उत्पादन करना है, जिससे निर्यात और घरेलू उत्पादन दोनों बढेगा। इस परियोजना से तमिलनाडु में 1,200 नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है। सिस्को ने इस प्लांट को स्थापित करने के लिए फ्लेक्स के साथ साझेदारी की है। इस यूनिट में शुरू में सिस्को के नेटवर्क कन्वर्जेंस सिस्टम (एनसीएस) 540 सीरीज राउटर्स पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। कंपनी ने साइट पर उन्नत राउटिंग और स्विचिंग उत्पादों का उत्पादन करने की योजना बनाई है ताकि बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। सिस्को ने कहा कि यह अत्याधुनिक प्लांट भारत और दुनिया भर में संगठनों की तेजी से बढ़ती प्रौद्योगिकी जरूरतों को पूरा करने के लिए सिस्को के बेहतरीन राउटिंग और स्विचिंग उत्पादों की एक सीरीज का उत्पादन करेगी।

# गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटा चावल की दूसरी किस्मों की एक्सपोर्ट ड्यूटी घटाई गई

**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**
केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। इसके साथ ही उसना चावल (बॉयल्ड राइस) पर एक्सपोर्ट ड्यूटी में बदलाव कर इसे आधा कर दिया गया है। पहले बॉयल्ड राइस पर 20 प्रतिशत एक्सपोर्ट ड्यूटी लगती थी, जिसे घटा कर 10 प्रतिशत कर दिया गया है।

इस संबंध में सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक ब्राउन राइस पर भी एक्सपोर्ट ड्यूटी घटकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह व्हाइट राइस पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी शून्य कर दी गई है। ड्यूटी में हुई ये कटौती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। बताया जा रहा है कि फिलहाल देश में अनाज का भंडार पर्याप्त मात्रा में मौजूद है। इसके साथ ही किसानों ने नई फसल की कटाई भी शुरू कर दी है। आने वाले हफ्तों में ये कटाई और तेज होगी। जिससे देश में अनाज के भंडारण में कमी होने या अनाज की उपलब्धता घटने की आशंका खत्म हो जाएगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस साल देश में भरपूर मानसूनी बारिश होने की वजह से किसानों ने 41.35 मिलियन हेक्टर खेत में चावल की फसल लगाई है, जबकि पिछले साल देश में 40.45 मिलियन हेक्टर खेत में चावल की खेती हुई थी। इस वजह से भी नए सीजन में चावल के उत्पादन में बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। ऐसे में एक्सपोर्ट ड्यूटी में कमी लाने या एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध जारी रखने का अब कोई औचित्य नहीं रह गया है। इसके पहले पिछले साल केंद्र सरकार ने बॉयल्ड राइस के निर्यात पर 20 प्रतिशत की ड्यूटी लगाई थी, क्योंकि उसके पहले के सीजन में सामान्य से कम




बारिश होने की वजह से चावल की फसल प्रभावित हुई थी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने पिछले साल जुलाई में चावल की घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए और चावल की कीमत को नियंत्रण में रखने के लिए गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। लेकिन अब एक्सपोर्ट ड्यूटी में कमी होने से भारत से निर्यात किए जाने वाले चावल के निर्यात मूल्य में कमी आएगी। साथ ही शिपमेंट में भी तेजी आएगी। गैर बासमती सफेद चावल के एक्सपोर्ट पर लगे प्रतिबंध और चावल की अन्य किस्मों पर लगने वाली एक्सपोर्ट ड्यूटी में की गई कमी का राइस एक्सपोर्टर्स ने स्वागत किया है। मून राइस एक्सपोर्ट्स के सीईओ नरेश गुप्ता का कहना है कि निर्यात पर लगे प्रतिबंध को हटाने का फैसला कृषि क्षेत्र को मजबूती देगा और इससे किसानों की आय में भी बढ़ोतरी होगी।

हालांकि कुछ जानकारों का कहना है की गैर बासमती सफेद चावल के निर्यात से प्रतिबंध हटाने का सीधा असर परमल धान की कीमत पर होगा। चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध के समाप्त होने के बाद बाजार में तेजी आने की संभावना है। बाजार में धान की मांग तुलनात्मक तौर पर और अधिक बढ़ेगी, जिससे सरकारी खरीद शुरू होने के पहले भी किसानों को अपनी उपज के एवज में ज्यादा कीमत मिल सकेगी।

### जीएसटी के दायरे में आएंगे पेट्रोल - डीजल, 20 रुपए होगा सस्ता: पुरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने हाल ही में पेट्रोल और डीजल को वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने की संभावना पर चर्चा की। पुरी ने कहा कि यह कदम देश की ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए जरूरी है और इसके लिए आम सहमति बनानी होगी। अगर ऐसा होता है तो पेट्रोल और डीजल की कीमत में 20 रुपए लीटर तक की कमी देखने को मिल सकती है। पुरी ने पुणे इंटरनेशनल सेंटर के 14वें स्थापना दिवस पर एक व्याख्यान में कहा कि वह लंबे समय से इस मुद्दे का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी वरिष्ठ सहयोगी, वित्त मंत्री, ने भी इस दिशा में सकारात्मक बातें की हैं। मंत्री ने कहा कि पेट्रोल और डीजल राज्यों के लिए महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत हैं और इसलिए सभी राज्यों की सहमति आवश्यक होगी। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए ईंधन की खोज और उत्पादन को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने यह भविष्यवाणी की कि अगले दो दशकों में भारत दुनिया की कुल ऊर्जा खपत में 25 प्रतिशत का योगदान देगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पेट्रोल और डीजल राज्यों के लिए महत्वपूर्ण राजस्व स्रोत हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी राज्यों की सहमति की आवश्यकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि सभी राज्यों का इसमें शामिल होना कठिन है, क्योंकि शराब और ऊर्जा जैसे उत्पादों पर राज्य करों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। पुरी ने केरल हाईकोर्ट के उस सुझाव का भी उल्लेख किया, जिसमें जीएसटी परिषद में इस मुद्दे पर चर्चा करने की बात कही गई थी। लेकिन केरल के वित्त मंत्री ने इससे असहमति जताई, क्योंकि गैर-भाजपा शासित राज्य पेट्रोल और डीजल पर लगने वाला अतिरिक्त वैट छोड़ने को तैयार नहीं हैं। इस स्थिति में, पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए सहमति स्थापित करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा, लेकिन यह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

# इस साल आईपीओ बाजार रहेगा तेज, दिसंबर तक 1 लाख करोड़ जुटा सकती हैं कंपनियां




**मुंबई, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

**इस साल का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार में भी शेयर बाजार की तरह तेजी बनी रहने का अनुमान है। बताया जा रहा है कि कंपनियां दिसंबर तक एक लाख करोड़ रुपए से ज्यादा जुटा सकती हैं। इससे पहले 2021 में 63 आईपीओ के जरिए 1.20 लाख करोड़ रुपए जुटाने का रिकॉर्ड बनाया था। इस साल के अंत तक कई बड़ी कंपनियां आईपीओ लेकर आ रही हैं।**

एक्सचेंजों के आंकड़ों के अनुसार इस साल अब तक कुल 62 आईपीओ आए हैं, जिन्होंने 64,513 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इसके मुकाबले 2023 में 57 कंपनियों ने 49,437 करोड़ और 2022 में 40 कंपनियों ने 59,939 करोड़ रुपए जुटाए थे। सितंबर में 10 आईपीओ के जरिये 11,826 करोड़ रुपए जुटाए गए हैं, और दो और कंपनियां 500 करोड़ रुपए जुटाने के लिए बाजार में उतरने वाली हैं। इस साल के अंत तक कई बड़ी कंपनियां आईपीओ लेकर आ रही हैं, जिससे बाजार और गर्म हो सकता है। ह्युंडई मोटर 25,000 करोड़ रुपए के सबसे बड़े इश्यू के साथ अक्टूबर के अंत या नवंबर के पहले सप्ताह में आ सकती है। स्विगी 11,000 करोड़ रुपए के आईपीओ के साथ नवंबर में बाजार में उतरने की तैयारी में है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी 10,000 करोड़ रुपए और अफकॉन्स इन्फ्रा 8,400 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही हैं। ये चार कंपनियां मिलकर 54,000 करोड़ रुपए जुटा सकती हैं। इसके अलावा वॉरी एनर्जी 3,000 करोड़ और वन मोबिक्विक 700 करोड़ रुपए जुटाने के लिए अक्टूबर में बाजार में आएंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### हवाई हमले में ...

इससे पहले इज़राइली हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल यूनिट के प्रमुख मोहम्मद अली इस्माइल और उसके डिप्टी हुसैन अहमद इस्माइल के मारे जाने की खबर आई थी। साथ ही हसन नसरल्ला की बेटी जैनब नसरल्ला की भी मौत होने का दावा किया गया। बीते दिनों लेबनान में हुए हमलों में हिजबुल्ला की मिसाइल और रॉकेट फोर्स का प्रमुख मोहम्मद कबीसी भी कई अन्य शीर्ष कमांडर्स के साथ मारा गया था। इज़राइली सेना जहां एक तरफ गाजा में हमास के साथ लड़ाई लड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ इज़राइली सेना ने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ भी मोर्चा खोला हुआ है। जहां एक तरफ हिजबुल्ला के प्रमुख हसन नसरल्ला की मौत की खबर सामने आई है, वहीं इज़राइल ने सीरिया में हमास के एक शीर्ष नेता को भी मार गिराया है। सीरिया में किए गए हवाई हमले में मारे गए हमास के शीर्ष कमांडर की पहचान अहमद मोहम्मद फहद के रूप में हुई है, जो कि इज़राइल के गोलन हाइट्स में हुए रॉकेट हमलों के पीछे था।

### ये नया ...

तो उधर वालों के होश ठिकाने आ गए। श्री मोदी ने कहा कि लोग नहीं चाहते कि पुराने बुरे दिन लौटें, जब भ्रष्टाचार अपने चरम पर था, पिछले दरवाजे से नियुक्तियां की जा रही थीं। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग नहीं चाहते कि आतंकवाद, अलगाववाद और खून-खराबा वापस आए। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जम्मू-कश्मीर के लोग शांति चाहते हैं। उन्होंने कहा, वे भाजपा के शासन के माध्यम से बेहतर भविष्य चाहते हैं। पिछले दो चरणों में लोगों का मूड बताता है कि उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। श्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनेगी। उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक फैसला होगा। यह चुनाव ऐतिहासिक फैसला देगा। पहली बार जम्मू के लोगों को अपनी पसंद की सरकार मिलेगी।श्री मोदी ने कहा, यह मंदिरों का शहर है, आपको यह आखिरी मौका नहीं गंवाना चाहिए। भाजपा सरकार आपकी चिंताओं को दूर करेगी। उन्होंने कहा कि जम्मू में असमानता और अन्याय था जिसे केवल भाजपा ही दूर कर सकती है। कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए श्री मोदी ने कहा कि जम्मू का बड़ा हिस्सा केवल इस पार्टी की गलतियों के कारण ही कट गया। उन्होंने कहा, एक समय था जब यहां गोलियां और गोले आम बात थी। हमने गोली का जवाब तोप के गोले से दिया और इससे संदेश गया। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इस पार्टी ने शहीद सैनिकों का अपमान किया और कभी भी वन रैंक वन पेंशन की अनुमति नहीं दी। उन्होंने कहा, देश की बागडोर संभालने के तुरंत बाद मैंने सैनिकों और उनके परिवारों के लिए वन रैंक वन पेंशन की घोषणा की।उन्होंने कहा कि हाल ही में सैनिकों के परिवारों को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए इस योजना को बढ़ाया गया है। आज की कांग्रेस शहरी नक्सलियों के नियंत्रण में है। प्रधानमंत्री ने कहा, जब विदेशी घुसपैठिए भारत आते हैं, तो कांग्रेस को अच्छा लगता है। उन्हें उनमें वोट बैंक दिखाई देता है, लेकिन उन्हें हमारे अपने लोगों की बिल्कुल भी परवाह नहीं है।श्री मोदी ने कहा, कांग्रेस, पीडीपी और नेकां भारतीय संविधान के सबसे बड़े दुश्मन हैं। वे ही हैं जिन्होंने बी आर अंबेडकर के संविधान को लागू नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी द्वारा दिए गए घावों को भाजपा ही भरेगी। उन्होंने कहा, हमने कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए टीका लाल टपलू योजना की घोषणा की है, जिसे जम्मू-कश्मीर में सरकार बनने के तुरंत बाद लागू किया जाएगा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आठ अक्टूबर को मां के नवरात्रि के दिन नतीजे आएंगे और हम सब तो माता वैष्णों देवी के साए में पले हैं और 12 अक्टूबर को विजयादशमी है। इस बार की विजयादशमी हम सभी के लिए शुभ शुरूआत वाली होगी। जम्मू हो, सांबा हो, कठुआ हो, चारो तरफ एक ही नारा गूंज रहा है, जम्मू की यही पुकार, आ रही है भाजपा सरकार। पीएम मोदी ने कहा कि आज की जो कांग्रेस है वो पूरी तरह से शहरी नक्सलियों के कब्जे में है। जब विदेशों से घुसपैठिए यहां आते हैं तो न जाने क्या कारण है कि कांग्रेस को अच्छा लगता है। उनमें इनको अपना वोट बैंक दिखता है। लेकिन अपने ही लोगों की पीड़ा पर वे उनका भद्दे तरीके से मजाक उड़ाते हैं।

**जो पार्टी खुद एकजुट नहीं, वह हरियाणा में स्थिरता कैसे लाएगी: मोदी**

**हिसार, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को हरियाणा के हिसार में चुनावी रैली में कांग्रेस की ओर इशारा करते हुए कहा कि जो पार्टी अपने नेताओं के बीच एकता नहीं ला सकती, वह राज्य में स्थिरता कैसे लाएगी।श्री मोदी ने रैली को संबोधित करते हुये हरियाणवी में कहा, इबकी बार पूरा हांगा ला दियो, सारी कसर पूरी कर दियो.. फिर से बीजेपी की सरकार बनाणी सै। आपने सबनै मनाकै लाइयो और बीजेपी को वोट कराइयो। उन्होंने मंच से चौधरी भजनलाल, बंसीलाल और बिश्नोई समाज के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि चौधरी भजनलाल के साथ काम करने का मौका मिला था। वह उन्हें महर्षि दयानंद के बारे में बताते थे। उन्होंने बिश्नोई समाज के बारे में कहा कि एक वर्ग ऐसा है जो पेड़ों और वन्य प्रणियों को बचाकर प्रशंसा का पात्र बना है।उन्होंने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा, अभी जब मैं सबसे नीचे मिल रहा था, तो सब पुरानी बातें याद करा रहे थे। एक साथी ने याद कराया, मैं जब यहां चुनाव लड़वाता था, तब एक मंत्र जरूर देता था सबसे मजबूत हमारा पोलिंग बूथ। हिसार में ये सार्वजनिक रूप से कहता हूं। आप कागज पर पांच परिवार के नाम लिख दीजिए, ये तय कीजिए इन पांच परिवारों के सबके सब वोट पड़ेंगे। श्री मोदी ने कहा कि हरियाणा में भी राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह कांग्रेस के सरकार बनाने का गुब्बारा फूटेगा। हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस ने झूठ बोलकर सरकार बनाई।

### कुलगाम मुठभेड़ में ...

इससे पहले पुलिस ने बताया था कि शनिवार को जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में कम से कम चार सुरक्षा बलों के जवान और एक यातायात पुलिस अधिकारी घायल हो गए। सुरक्षा बलों द्वारा घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू करने के बाद जिले के देवसर इलाके के आदिगाम गांव में गोलीबारी शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के पास आवारा गोली लगने से अतिरिक्त एसपी (यातायात) मुमताज अली को मामूली चोटें आईं। उन्होंने बताया कि आतंकवाद विरोधी अभियान में शामिल चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। घायलों का सैनिक अस्पताल में इलाज चल रहा है। दूसरी तरफ, पुलिस ने शुक्रवार, 27 सितंबर को पुलवामा के अवंतीपोरा में टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया। पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के 6 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार कियाख ये युवाओं को आतंकवाद की ट्रेनिंग देते थे। इनके पास से 5 आईईडी, 30 डेटोनेटर, आईईडी की 17 बैटरी, 2 पिस्टल, 3 मैगजीन, 25 राउंड, 4 हैंड ग्रेनेड और 20 हजार कैश बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि जैश-ए-मोहम्मद के पाकिस्तान स्थित कश्मीरी आतंकी उन युवाओं की तलाश में हैं, जिनका ब्रेन वॉश किया जा सकता है। जांच में सामने आया कि आतंकी ने जेल में एक ओवर ग्राउंड वर्कर की मदद से कई युवाओं की पहचान की, जिन्हें अवंतीपोरा के त्राल क्षेत्र में आतंकवाद में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया था। पुलिस के मुताबिक, पाकिस्तान के आतंकी हैंडलर ने इन युवाओं की मदद से आईईडी लगाने के लिए कुछ जगहों को सिलेक्ट भी कर लिया था। हैंडलर और आईईडी बनाने के लिए उन युवाओं को पैसे भी दिए थे, जिससे वे इसके लिए सामान ला सकें। युवाओं को पिस्तौल, ग्रेनेड, आईईडी भी दी गई थी। युवाओं को टारगेट किलिंग, सुरक्षाबलों, सार्वजनिक जगहों, गैर कश्मीरी मजदूरों पर ग्रेनेड फेंकने और आईईडी ब्लास्ट करने जैसी टेररिस्ट एक्टिविटी को अंजाम देने का निर्देश दिया गया था। इससे पहले 12 अगस्त को सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक चरवाहा मॉड्यूल पकड़ा था, जिसमें 9 सदस्य थे। ये लोग ऊंचे पर्वतीय इलाकों में ढोंक (मिट्टी के झोपड़े) बनाकर रहते थे। ये लोग सांबा और कठुआ बॉर्डर से घुसपैठ करने वाले आतंकियों को ढोंक में रुकने-खाने और पहाड़ों-जंगलों में छिपने की ट्रेनिंग देते थे।

### महाराष्ट्र विधानसभा...

उन्होंने यहां विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके अलावा उन्होंने शिवसेना, शिवसेना यूबीटी, मनसे, बसपा, आपा समेत 11 पार्टियों से मुलाकात की। सभी पार्टियों ने मांग की है कि दिवाली, देव दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों को ध्यान में रखकर चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाए।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव में शहरी मतदाताओं की उदासीनता पर चिंता जताते हुए कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुंबई और उसके आसपास के कोलाबा-कल्याण जैसे क्षेत्रों में लोकसभा चुनावों में सबसे कम मतदान हुआ था। इसके लिए दैनिक वेतन भोगियों और असंगठित क्षेत्र के अन्य लोगों को प्रशासन को बताना चाहिए कि उनको मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास यह तय करना होगा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अधिकतम नामांकन और मतदान हो। हमने महाराष्ट्र सरकार से उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए कहा है जिन्होंने वर्तमान पोस्टिंग में तीन साल से अधिक समय तक सेवा की है। इसकी अनुपालन रिपोर्ट मांगी है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि यह जानना मतदाताओं का अधिकार है कि क्या किसी उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठभूमि है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को लोगों को ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का कारण भी बताना चाहिए। महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के दौरान उपयोग किए जाने वाले सभी हेलीकॉप्टरों की जांच की जाएगी।

### जो भारत को ...

से भाजपा प्रत्याशी चौधरी बलवंत सिंह के लिए कमल खिलाने की अपील की। सीएम ने रादौर में कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल के कार्यों की भी तारीफ करते हुए इस संसदीय क्षेत्र की सभी सीटों पर विजयश्री दिलाने का आह्वान किया।सीएम योगी ने कहा कि पांच सौ वर्ष के बाद रामलला अपनी जन्मभूमि अयोध्या में देव विग्रह के रूप में 22 जनवरी 2024 को विराजमान हुए हैं। राम मंदिर के लिए हिंदुओं ने 76 बड़ी लड़ाई लड़ी। संत, निहंग, वैरागी, सन्यासी, सद्गृहस्थ, राजे-रजवाड़े, महिलाएं, युवाओं समेत लाखों हिंदुओं ने प्रभु राम के चरणों में खुद को बलिदान कर दिया था। मुगलों, अंग्रेजों के शासन में हिंदुओं के साथ न्याय नहीं हो सकता, लेकिन 1947 में आजादी के बाद कांग्रेस सरकार चाहती तो राम मंदिर का निर्माण कराती पर उसने विवाद खड़ा करवाया। राम मंदिर के निर्माण में कांग्रेस ही सबसे बड़ी बाधा थी। कांग्रेस जिस समस्या का समाधान नहीं कर पाई, 2014 में मोदी जी के पीएम और 2017 में उप्र में भाजपा सरकार आने के बाद 2019 में वह समस्या समाप्त हो गई। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस देश की समस्या और भाजपा समाधान है। कांग्रेस ने देश को सारी समस्या दी है। कांग्रेस ने विभाजन की त्रासदी, जाति-क्षेत्र, भाषा के नाम पर कमजोर किया। देश को आतंकवाद, उग्रवाद, नक्सलवाद, अराजकता की भट्टी में ढकेला। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, परिवारवाद भी कांग्रेस की देन है। सीएम योगी ने कहा कि यूपी में साढ़े सात वर्ष में किसी ने दंगे का नाम नहीं सुना होगा, लेकिन इसके पहले आए दिन दंगे होते थे। मुजफ्फरनगर, बरेली, अलीगढ़ दंगे, मथुरा के जवाहरबाग की घटना होती थी। 2017 के बाद यूपी में दंगा दफन हो गया। दंगाई अब जेल में हैं या जहन्नुम की यात्रा पर चले गए हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस के रहते धारा-370 नहीं हट सकती थी, लेकिन भाजपा ने हटा दिया। इससे आतंकवाद समाप्त हो गया और भारत का वर्तमान सुरक्षित और भविष्य बेहतर हो गया। सीएम योगी ने कहा कि हरियाणा भी दस वर्ष पहले कांग्रेस के भ्रष्टाचार, लूट-खसोट से परेशान था। खनन, वन, गो, पशु, भूमाफिया, संगठित अपराध में लिप्त माफिया कांग्रेस के शागिर्द थे। हरियाणा का शोषण कर रहे थे। दस वर्ष में हरियाणा ने विकास की नई यात्रा प्रारंभ की। कांग्रेस सरकार कहती थी कि देश के संसाधन पर केवल मुसलमानों का अधिकार है, लेकिन भाजपा व मोदी जी सबका साथ, सबका विकास की बात करती है। सुरक्षा, राष्ट्रीय एकता-अखंडता, विकसित भारत के लिए भाजपा आवश्यक है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा भी विकास के नए प्रतिमानों की तरफ बढ़ रहा है, इसलिए डबल इंजन सरकार के विकास की गति को बाधित नहीं होने देना है। सीएम योगी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, इनेलो व आम आदमी पार्टी विकास नहीं चाहती, क्योंकि विकास होने से इनकी दुकानें और बांटने की राजनीति बंद हो जाएगी।सीएम योगी ने कहा कि विकसित भारत की शुरुआत गांव, किसान, युवा, महिला से होती है। 2029 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम प्रभावी हो, उससे पहले अटेली आरती सिंह राव को विधानसभा में भेजकर बता दें कि हमने हमेशा नारी शक्ति को सम्मान दिया है। एक तरफ हरियाणा में मेट्रो, रोजगार, निवेश, रोड कनेक्टिविटी मिल रही है, भारत में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन मिल रहा है तो दूसरी तरफ पाकिस्तान में एक रोटी के लिए छीनाझपटी हो रही है। पीएम मोदी का नेतृत्व देश को समृद्ध कर रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में जब डबल इंजन सरकार चलती है तो स्पीड और लाभ भी डबल मिलता है। दुनिया में भी वही देश ताकतवर होगा, जिसके साथ भारत खड़ा होगा।सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस अफवाह पैदा करना चाहती है। इनेलो का इतिहास ही गड़बड़ है, इसलिए वे अच्छा काम कर ही नहीं सकते। झाड़ू लगाने वाले लोगों ने दिल्ली को गंदगी के ढेर में बदल दिया है, जबकि भाजपा मोदी जी के नेतृत्व में सुरक्षा, विकास, रोजगार, सुशासन की गारंटी और आस्था को सम्मान देती है। सीएम योगी ने कहा कि राहुल गांधी एक राज्य में जाते हैं तो दूसरे राज्य की और विदेश जाते हैं तो भारत की बुराई करते हैं। देश के संकट के समय उन्हें भारत नहीं, बल्कि इटली में नानी याद आती हैं। हरियाणा के नौजवानों को समझना होगा कि बांटने वाली कांग्रेस की राजनीति देश के हित में नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि मथुरा-वृंदावन को सजाने का कार्य शुरू हो गया है। शाकंभरी मंदिर का भव्य स्वरूप आने वाला है। करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण हो चुका है। कांग्रेस पं. नेहरू के जन्मदिन पर, लेकिन पीएम मोदी के निर्देशन में अब गुरु गोबिंद सिंह के चार-चार साहिबजादों के नाम पर वीर बाल दिवस मनाया जाता है। सीएम ने विश्वास जताया कि कमल लक्ष्मी जी का प्रतीक बनकर हरियाणा की समृद्धि का कारक बनेगा। जनसभाओं के दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कृष्णपाल गुर्जर, सांसद नवीन जिंदल, उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री सुरेश राणा, यूपी के विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह सैनी, हिमाचल प्रदेश के विधायक सुखराम चौधरी आदि मौजूद रहे।

### डेंगू बुखार...

परीक्षण के लिए देशभर में 10 हजार 335 स्वस्थ व्यक्तियों का चयन किया गया है। इन सभी को डेंगू का टीका दिया जाएगा। प्रत्येक केंद्र पर 545 व्यक्ति हैं। संबंधित चिकित्सकों और अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि इस परीक्षण में कम्युनिटी मेडिसिन, माइक्रोबायोलॉजी,बायोकैमिस्ट्री,पैथॉलाजी और मेडिसिन विभाग शामिल हैं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 29 सितंबर, 2024

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# शिव कथा में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा पण्डाल

## शिव कथा में हर्षोल्लास से मनाया गया गणपति महोत्सव






**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दिव्य जाग्रति संस्थान की ओर से मुन्नूरु कापु भवन (म्याडम अंजय्या हॉल), काचीगुड़ा हैदराबाद में आयोजित भगवान शिव कथा के अंतिम दिवस कथा पंडाल में गणपति महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सारा पंडाल गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। भक्तजनों ने खूब नृत्य कर छक-छक कर उत्सव का आनंद लूटा। गुरुदेव आशुतोष महाराज जी के शिष्य कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर जी ने उपस्थित शिव भक्तों को श्री गणेश उत्पत्ति प्रसंग सुनाया। भगवान शिव और माता पार्वती की परिक्रमा को संपूर्ण ब्रह्मांड की परिक्रमा के समान बताते हुए गणेश जी ने मातृ देवो भव व पितृ देवो भव का सुंदर संदेश दे इस समाज को भारतीय संस्कारों से सुसज्जित होने की प्रेरणा दी। आज हमारे समाज को अपनी भारतीय संस्कृति के अनुसार पुन: नैतिक मूल्यों व संस्कारों से सज्ज होने की आवश्यकता है, जिन संस्कारों के अभाव में हमारे समाज का स्वरूप विकृत होता चला जा रहा है। भारत के पुनरुत्थान के लिए हमें अपने भारतीय संस्कृति की ओर अग्रसर होना होगा और भारतीय संस्कृति के प्राण तो बसते ही आध्यात्मिकता में हैं। अत: दम तोड़ती हुई मानवता के उत्थान का मार्ग केवल अध्यात्म के पास ही है। अध्यात्म को अपनाकर ही हम प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को सुंदर संस्कारों से सुसज्जित कर एक सभ्य मानव के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। आशुतोष महाराज आज समाज में प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को विभिन्न नैतिक मूल्यों यथा प्रेम, दया, सहिष्णुता,मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, अतिथि देवो भव इत्यादि से सुसज्जित करने के लिए ब्रह्मज्ञान प्रदान कर एक संस्कारित समाज की रचना कर रहे हैं। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान इसी ब्रह्मज्ञान के लिए समाज के हर वर्ग का आह्वान करता है जिससे समाज में पुनः ऐक्य, शांति, प्रेम व संस्कारों की स्थापना हो सकती है।

पंडाल में देव दीपावली पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुदेव सर्व आशुतोष महाराज के शिष्य कथा व्यास डॉ. सर्वेश्वर जी ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व दीपावली की तरह ही विशेष महत्त्व रखता है। जिस प्रकार हम सब कार्तिक मास की अमावस्या को दीपावली का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाते हैं, उसी प्रकार कार्तिक मास की पूर्णिमा को देवता स्वर्ग में दीपावली का पर्व मनाते हैं। इस दिन देवाधिदेव महादेव ने त्रिपुरारी रूप धारण कर त्रिपुर दहन किया था और देवताओं को त्रिपुरासुर के आतंक से मुक्त किया था। इसी प्रसन्नता में देवों ने उस दिन स्वर्ग में दीपावली पर्व मनाया, जिसे देव दीपावली पर्व के नाम से जाना जाता है। कथा व्यास जी ने बताया कि ये त्रिपुर प्रतीक हैं सत्व, रज, और तम के त्रिगुणों के, जिन्होंने हमारी देह राज्य पर आधिपत्य स्थापित कर सद्गुणों को निष्कासित कर दिया है। पूर्ण सतगुरु वो क्रोधाजित महायोगी होते हैं जो साक्षात शिव रूप धारण कर हमारे भीतर आदि नाम के सुमिरन बाण से इन तीनों गुणों का अंत कर अपने शिष्य को त्रिगुणातीत अवस्था प्रदान करते हैं। उसके बाद साधक के भीतर भी सद्गुणों के दीप जगमगाते हैं और वह पूर्ण ब्रह्म में स्थित हो जाता है। अतः देव दीपावली का पर्व यहीं सन्देश देता है कि हम भी अपने जीवन में एक ऐसे सद्गुरु का आश्रय ग्रहण करें जो हमारी श्वांसों के भीतर उस आदिनाम का सुमिरन प्रकट कर हमें ब्रह्म में स्थित कर दें।कथा के मुख्य यजमान स्व. सीता देवी व श्री बगदाराम जी कुमावत एवं लक्ष्मी देवी व ओंकार राम चौधरी हैं। सप्तम दिवस की कथा के उत्सव यजमान रितेश संगी, सुलोचना एवं रामुलु जी नाथमाडीवाल, वंदना चौहान एवं रणविजय चौहान तथा दैनिक यजमान नेहा शर्मा जी एवं वरुण शर्मा जी रहे। कथा स्थल पर मेघारानी अग्रवाल, बहुराम चौधरी, मेघराज चौधरी, जुंजर कुमावत, सोहन लाल, मोहन लाल, राम एवं ओमप्रकाश कुमावत की विशेष उपस्थिति रही।



**नगर पधारे सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर को स्मृति चिन्ह भेट कर गौमाता को राष्ट्रीय प्राणी घोषित कराने की अपनी मांग के संदर्भ मे भेंट करते हुए लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमेन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, साथ मे भाजपा नेता विजय सुराणा, सोहनलाल कडेल, मुकेश चौहान, अविनाश देवडा, सुनील सिरवी, जसवंत जैन, आनंद बोरा जैन।**

# विवेक वर्धिनी महाविद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया



**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विवेक वर्धिनी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में एनएसएस प्रोग्राम आफ़िसर मोनिका ने बताया है कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राजेश अग्रवाल एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. रेखा शर्मा उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विवेक वर्धिनी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी विद्याधर ने की।

कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके किया है। तदुपरांत विवेक वर्धिनी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने एनएसएस गीत प्रस्तुत किये। राष्ट्रीय सेवा योजना की अधिकारी मोनिका एवं अंग्रेज़ी विभाग की प्राध्यापिका हिमजा ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी विद्याधर ने अपने स्वागत भाषण में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में सेवा का अत्यधिक महत्व है। साथ ही विवेक वर्धिनी शिक्षण संस्था का परिचय देते हुए अतिथियों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया है।

विशेष अतिथि डॉ रेखा शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में एनएसएस के कार्यों का विशेष महत्व रहता है। इसके माध्यम से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है। मुख्य अतिथि डॉ राजेश अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से ही विद्यार्थियों में जीवन के मूल्यों को सरलता के साथ समझाया जा सकता है। अग्रवाल ने एनएसएस की महत्ता को सूचित करते हुए कहा कि ये हमें समाज एवं परिवार के प्रति जागरूकता पैदा करता है। देश के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी को जागृत करता है। विद्यार्थियों के लिए एनएसएस शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों के कर्तव्यों की जानकारी दी जाती है। मानव सेवा ही माधव

# भारत की भाषाई पहचान हिंदी से है : प्रो. हरिबंडी लक्ष्मी

## ईफ्लू में हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित

**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अंग्रेज़ी एवं विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, हैदराबाद के हिंदी विभाग एवं हिंदी प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी पखवाड़ा (9-25 सितंबर) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकेत्तर वर्ग के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं को संपन्न कराया गया, जिसमें भाषण, काव्य-पाठ, स्लोगन, पेन्टिंग, निबंध लेखन, सुलेख लेखन, अंत्याक्षरी आदि शामिल हैं। इसके अलावा ऑनलाइन मोड में राष्ट्रीय (अंतर-विश्वविद्यालयी और अंतर-राज्यीय) और अंतरराष्ट्रीय (विदेशी छात्रों के लिए) स्तर पर काव्य-पाठ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें इटली, जापान, मारिशस, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, श्रीलंका, कज़ाकिस्तान, आदि देशों के पचास से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लेकर हिंदी के भौगोलिक विस्तार का परिचय दिया ।




25 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के अंतर्गत विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा रानी द्वारा समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के रूप में भूमिका निभाने वाले सदस्यों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय की कुलपति (प्रभारी) प्रो. हरिबंडी लक्ष्मी ने अपनी विदेश यात्राओं का ज़िक्र किया और कहा कि भारत की भाषाई पहचान हिंदी से है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव (प्रभारी) प्रो. के. नरसिम्हा राव ने वाल्मीकि रामायण से उद्धरण देते हुए कहा की भाषा चाहे कोई भी हो अगर आप में बेहतर वक्ता के गुण है तो आप अपने भावों को बेहतर ढंग से व्यक्त कर सकते हैं और हिंदी भाषा में यह क्षमता है। विशेष अतिथि के रूप में प्रो. माणिक्याम्बा मणि उपस्थित थीं, उन्होंने हिंदी के विकास में हिंदीत्तर रचनाकारों की भूमिका पर व्याख्यान देते हुए कहा कि हिंदी में कृष्ण भक्ति वल्लभाचार्य परंपरा से होती है, जो दक्षिण से थे तथा भक्ति आंदोलन की आधार भूमि तैयार करने वाले रामानुजाचार्य को भी रेखांकित किया और स्पष्ट किया की भाषाई अस्मिता के समय में भी भाषाओं के बीच एक भाषाई सह अस्तित्व का भाव होना जरूरी है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित, पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक डॉ. साकेत सहाय ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कृत्रिम मेधा की भूमिका (भाषाओं के संदर्भ) विषय पर प्रकाश डालते हुए कृत्रिम मेधा के प्रयोग और उसके महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा तब मजबूत होगी जब अन्य भारतीय भाषाओं के साथ संबंध स्थापित करते हुए उनसे संवाद स्थापित होगा। अपने व्याख्यान में उन्होंने कृत्रिम मेधा शब्द के जगह यांत्रिक बुद्धि के शब्द का प्रयोग का प्रस्ताव रखा। संकायाध्यक्ष प्रो. सोनबा साल्वे ने इस कार्यक्रम की सफलता, विजेता प्रतिभागियों एवं विभाग के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के उद्घाटन सत्र का संचालन शोधार्थी आद्याशा पाढ़ी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन स्नातकोत्तर विद्यार्थी आदर्श मिश्रा ने किया। वहीं व्याख्यान सत्र का संचालन शोधार्थी अंजना जोशी टोप्पो और धन्यवाद ज्ञापन अतिथि व्याख्याता (इफ्लू) डॉ. पंकज सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर विभाग के सभी आचार्यगण, शोधार्थी, विद्यार्थी, प्रतिभागी एवं शिक्षकेत्तर वर्ग सभागार में उपस्थित रहे। इस समारोह के सफल आयोजन का संयोजन डॉ. मालोबिका और डॉ. पंकज सिंह यादव ने किया।

# स्वर्गीय सूरजभान अग्रवाल की स्मृति में किया गया अन्नदान

**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के सौजन्य से जारी नित्य अन्नदान कार्यक्रम में शनिवार को स्वर्गीय सूरजभान अग्रवाल की पुण्य स्मृति में अन्नदान किया गया।



यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय कि जानकारी देते हुए बताया कि राधे राधे ग्रुप द्वारा जारी नियमित अन्नदान के अंतर्गत आज की सेवा स्वर्गीय सूरजमल अग्रवाल (फर्म: श्री मुन्नालालजी सूरजभानजी अग्रवाल, आदर्शनगर) परिवार की और से कई गई।

उल्लेखनीय है कि राधे राधे ग्रुप द्वारा गांधी अस्पताल मेट्रो स्टेशन, पिलर-1028 , सिकंदराबाद में जरूरतमंद लोगों को नाश्ता करवाया जाता है। इस अवसर पर रामप्रकाश अग्रवाल, सतीश गुप्ता,मनीष अग्रवाल, सुशील गुप्ता,संजय अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, भगतराम गोयल,दिनेश गोयल, पद्मा अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, आशा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, आराध्या, अन्नन्या, पियांशी, मितांश आदि उपस्थित थे।

# गीत चांदनी की मूल्यांकन कवि गोष्ठी में हिंदी मासिक पत्रिका सूर्यप्रभा पर चर्चा आज

**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगरद्वय के कवियों की सक्रिय और लोकप्रिय संस्था गीत चांदनी द्वारा संचालित सीता युद्धवीर पुस्तकालय और शोध संस्थान हैदराबाद की प्रतिमास अंतिम रविवार को आयोजित होने वाली मूल्यांकन कवि गोष्ठी क्रम-323 का आयोजन रविवार, को दोपहर 1 बजे से आर्य कन्या पाठशाला, प्रगति महाविद्यालय के बाजू, कंदास्वामी लेन, हनुमान व्यायामशाला रोड, हैदराबाद में संपन्न होगा। मिलिंद प्रकाशन के संचालक व हिंदी सेवी श्री श्रुतिकांत भारती, राज्य कर्मचारी जीवन बीमा निगम के सेवानिवृत्त वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी ठाकुर दिनेश सिंह और गीत चांदनी के अध्यक्ष व गीतकार चंपालाल बैद बतौर विशेष अतिथि मंच पर उपस्थित रहेंगे। गीत चांदनी के कार्यदर्शी, गोलकोण्डा दर्पण के संपादक व कवि गोविंद अक्षय कार्यक्रम का संचालन करेंगे और संस्था की गतिविधियों से अवगत करायेंगे।आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए गीत चांदनी के कार्यदर्शी व संचालक गोविंद अक्षय ने बताया कि इस मूल्यांकन कवि गोष्ठी में सुल्तानपुरी, नई दिल्ली से संस्थापक एवं प्रधान संपादक डॉ. महेंद्र शर्मा सूर्य और संपादक डॉ. नीलिमा शर्मा सूर्यजा के संपादन में प्रकाशित होने वाली साहित्य-संस्कृति-समाज-शोध और ज्ञान-विज्ञान की मासिक पत्रिका सूर्यप्रभा के संयुक्तांक जून-सितंबर, 2024 अंक : 6-9 अगस्त, 2024 में प्रकाशित सामग्री पर हैदराबाद के विद्वान साहित्यकार चर्चा करेंगे। यह पत्रिका विगत 45 वर्षों से प्रकाशित हो रही है। इस अवसर पर आयोजित होने वाली कवि गोष्ठी में कविगण कवि देश की समसामयिक समस्याओं और जीवन के विभिन्न विषयों पर अपने गीत, ग़ज़ल और हास्य-व्यंग्य की कविताओं का पाठ करेंगे।कार्यक्रम की संयोजिका व कवयित्री रत्नकला मिश्र ने और गीत चांदनी के पदाधिकारियों ने सभी कवियों और हिंदी प्रेमी श्रोताओं से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को गौरवान्वित करने का अनुरोध किया है। कार्यक्रम के आरंभ में कवयित्री शोभा देशपांडे की ओर से जलपान की व्यवस्था रहेगी।

# देश में सेवा कार्यों में मारवाड़ी समाज का अमूल्य योगदान : ओम प्रकाश माथुर



**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सिक्किम के राज्यपाल बनने के बाद हैदराबाद पहुंचे राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर का प्रवासी राजस्थानी कारोबारियों ने गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने तेलंगाना में बसे प्रवासी राजस्थानी कारोबारियों और बुद्धिजीवियों से प्रसिद्ध उद्यमी महेश बल्दवा के निवास स्थान पर मुलाकात की। उद्योगपतियों के साथ सीमावर्ती राज्य सिक्किम में हो रहे विकास कार्यों से लेकर देश में मारवाड़ी समाज के समक्ष आ रही कारोबारी चुनौतियों और उनके सेवा कार्यों पर विस्तृत चर्चा की।इस मौके पर राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने कहा कि मारवाड़ी समाज सेवा कार्यों में सदा से ही आगे रहा है और आज भी यह परंपरा लगातार कायम है। देशभर में चल रही अधिकांश गौशालाएं, धर्मशालाएं मारवाड़ी समाज के सहयोग से चल रही हैं। इस मौके पर सिक्किम में चल रही मोदी सरकार की योजनाओं बात करते हुए ओम माधुर ने कहा कि सिक्किम के बॉर्डर एरिया में 4 हजार 8 सौ करोड़ रुपये की लागत से वाइब्रेंट विलेज प्रोजेक्ट चल रहा है। इन गांवों को प्रधानमंत्री मोदी ने प्रथम गांव कहा है, जिनसे माइग्रेशन नहीं हो, इसके लिये हर तरह की सुविधाएं इनमें पहुंचाई गई हैं। सिक्किम में ऐसे 46 गांव शामिल हैं। जिनमें से 42 गांव चीन बॉर्डर पर हैं। देश की रक्षा केवल सेना ही नहीं करती है, आमजन पर भी देश की सुरक्षा की उतनी ही जिम्मेदारी है। अगर हमारा हरावल गांव यानी जो बॉर्डर गांव है, वो अगर सुरक्षित रहेगा, तो सब अच्छा रहेगा। आज तक बॉर्डर एरिया में सड़कों के बारे में ठीक से सोचा नहीं गया। लेकिन मोदी सरकार ने 36 हजार करोड़ रुपये की लागत से भारतमाला परियोजना बनाई है। जिससे सीमावर्ती गांवों तक सड़क पहुंच रही है। इस और अब तक ध्यान नहीं दिया गया था। लेकिन अब यह बड़ा काम हो रहा है।

इस मौके पर प्रसिद्ध महिला उद्यमी और समाजसेवी भगवती बल्दवा ने हैदराबाद के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों और उनके सेवा कार्यों से राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर को अवगत करवाया। इस मौके पर बोलते हुए भगवती बल्दवा ने कहा कि राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर जी का जीवन हर किसी के लिए अनुकरणीय है। पिछले 35 सालों में विभिन्न उच्च पदों पर रहने के बावजूद आमजन के जुड़ाव उतना ही गहरा है। बल्दवा ने दक्षिण भारत में मारवाड़ी समाज को लेकर कहा कि मारवाड़ी समाज ने हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किये हैं। यहां चल रहे सेवा प्रकल्पों में मारवाड़ी समाज का योगदान 90 फीसदी से भी ज्यादा है। इस अवसर पर उद्य-ोगपति महेश बल्दवा ने भी अपने विचार रखे।

इस दौरान संपत्ति देवी बल्दवा ने राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर को आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान उद्योगपति महेन्द्र कुमार चौरड़िया, महावीर लोहिया, कैलाश डालिया, अरुण भांगड़िया, चंद्रकांत अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, बुद्धिप्रकाश तोष्णीवाल, अमित सारड़ा, श्रीनिवास बल्दवा, कार्तिकेय बल्दवा, हर्ष चौरड़िया, मानस बल्दवा, डॉ खुशबु एवं मुकेश सैनी सहित कई लोग उपस्थित थे।




सॉलफुल थ्रेड्स द्वारा सोमवार 30 सितम्बर को काचीगुडा में आयोजित पोचमपल्ली इक्कत प्रदर्शनी संबंधी पोस्टर का विमोचन करती हुई प्रमुख समाजसेविका जया रमेश जागीरदार, साथ में गीता शाह, डॉ. लेखा माथुर, तोरल लोडाया, दिप्ती शाह आदि।

# अयोध्या-काशी पुण्य क्षेत्र यात्रा भारत गौरव पर्यटक ट्रेन सिकंदराबाद से अपने गंतव्य को हुई रवाना



**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत गौरव एक थीम-आधारित पर्यटक सर्किट ट्रेन है, जिसे भारतीय रेलवे द्वारा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शानदार ऐतिहासिक स्थानों को प्रदर्शित करने के लिए लॉन्च किया गया था, जो रेल यात्रियों के बीच एक बड़ी सफलता रही है। भारत गौरव की एक और यात्रा, अयोध्या-काशी: पुण्य क्षेत्र यात्रा आज यानि 28 सितंबर को सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू कर चुकी है। 24वीं भारत गौरव ट्रेन को के. पद्मजा, प्रधान मुख्य वाणिज्यिक प्रबंधक, एससीआर ने सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अयोध्या-काशी पुण्य क्षेत्र यात्रा, भारत गौरव ट्रेन ने आज अपनी यात्रा शुरू की और पुण्य क्षेत्र यात्रा के इन 09 दिनों के दौरे में गया, वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज के दिव्य/तीर्थ स्थानों को कवर करेगी। पुण्य क्षेत्र यात्रा: अयोध्या-काशी तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के रेल यात्रियों को नवनिर्मित राम जन्मभूमि (अयोध्या) और आध्यात्मिक ज्ञान के लिए ज्योतिर्लिंग (काशी विश्वनाथ मंदिर) में से एक के दर्शन करने या अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गया में पिंडदान अनुष्ठान करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। एससीआर के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन एससीआर ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेन के लिए यात्रियों से मिली अच्छी प्रतिक्रिया पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत गौरव ट्रेनें देश में आध्यात्मिक पर्यटन के विकास को प्रमुख प्रोत्साहन दे रही हैं। उन्होंने रेल उपयोगकर्ताओं से सांस्कृतिक रूप से प्रमुख और ऐतिहासिक स्थानों की यात्रा करने के अवसर का उपयोग करने की अपील की।

# हिन्दी महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान आयोजित





**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हिन्दी महाविद्यालय में प्रबंधन विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में प्रो. वाई. जहाँगीर विभागाध्यक्ष उस्मानिया विश्वविद्यालय उपस्थित थे।

उन्होंने ब्रांड प्रबंधन विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपनी इच्छाओं को सीमित रखने की आवश्यकता है और व्यक्ति को अपने जीवन में एक निश्चित उद्देश्य लेकर चलना चाहिए, इसके आलावा उन्होंने कहा कि ग्राहकों को संतुष्ट करने के लिए मार्केटिंग की जरूरतों को पहचान कर उनका संचार करना चाहिए। ब्रैंड मैनेजमेंट में ग्राहकों की संतुष्टि, प्रोडक्ट की लागत और स्टोर प्रेज़ेंटेशन जैसी बातों पर ध्यान देना चाहिए। प्रस्तुत वक्तव्य को छात्रों तथा स्टॉफ द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. के. बाला, डॉ. वसंता, श्रीमती एन. भावना, श्री बी.टी. मधुसुदन, श्रीमती एस. संतोषी, श्री जे. प्रणीत, डॉ. जगतकांत आदि उपस्थित थे। श्रीमती नमिता जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।हिन्दी महाविद्यालय में दि. 26 सितंबर को वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा जीएसटी एवं कर प्रबंधन विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया।

अतिथि वक्ता के रूप में श्रीमती हरि कल्याणी सेंट फ्रांसिस कॉलेज फॉर वुमेन, बेगमपेट की सहायक प्रोफेसर उपस्थित थीं। इस आयोजन का उद्देश्य जीएसटी तथा करदान के बारे में सभी को जानकारी प्रदान करना था। व्याख्यान का प्रारंभ करदान के बुनियादी इतिहास के साथ हुआ, जिसमें उसकी प्रासंगिकता आज के संदर्भ में बताई गई। श्रीमती कल्याणी जी ने विषय की महत्वपूर्ण अवधारणाओं को साझा किया और यह भी बताया कि जीएसटी और करदान के व्यावहारिक अनुप्रयोग का महत्व क्या है।

उपस्थित सभी छात्रों तथा स्टॉफ ने इस विषय का गहराई तथा गहनता से समर्थन किया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. के. बाला, डॉ. पी.एस.एम.एल. वसंता, श्रीमती ज्योर्तिमणि, श्रीमती ऊषा, श्रीमती एम. भावना, श्री बी.टी. मधुसूदन, श्रीमती ए. संतोषी, श्री जे. प्रणीत, श्री वकील पांडेय, श्रीमती नमिता जायसवाल, श्री कन्हैया कुमार, श्री के. जगनकांत एवं श्रीमती यशस्विनी उपस्थित थीं।

# मीट एंड ग्रीट कार्यक्रम आयोजित




**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** रिमैक्स टाइटेनम सिकंदराबाद द्वारा शनिवार को एक दिवसीय मीट एंड ग्रीट तथा प्रॉपर्टी एक्सपो का आयोजन बंजारा हिल्स रोड नं 1 स्थित होटल हयात पेलेस मे किया गया।

आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में ललीत बोहरा जैन ने बताया कि शनिवार को सुबह 10 से रात्रि 7 बजे तक आयोजित प्रॉपर्टी एक्सपो मे मुख्य रूप से एन. एस. पटेल एजेन्सीस ग्रुप के चेयरमेन जसमत पटेल, आल इंडिया जैन माईनोरिटी फेडरेशन तेलंगाना विभाग संयोजक रिद्धीश जागीरदार ने भाग लिया।

अवसर पर जसमत पटेल ने कहा कि मीट एन्ड ग्रीट तथा प्रॉपर्टी एक्सपो के माध्यम से एक ही छत के नीचे शहर ही नही देश विदेश के विभिन्न लोकेशन की प्राईम पोजीशन की प्रॉपर्टी की जानकारी शहर वासीयों को मिल रही है यह एक सराहनिय प्रयास है। उन्होने आयोजको को प्रॉपर्टी एक्सपो को ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने का आह्वान किया। रिद्धीश जागीरदार ने भी एक्सपो की सफलता के लिए आयोजको को शुभकामनाये दी तथा आगामी समय मे बडे पैमाने पर ऐसे कार्यक्रमो का आयोजन करने का सुझाव दिया।

ललित बोहरा ने कहा कि सपनों का घर बनाने की सोच रहे लोगो के लिए एक दिवसीय प्रॉपर्टी एक्सपो के साथ साथ भव्य मीट एन्ड ग्रीट का आयोजन रखा गया। एक मंच पर प्रॉपर्टी से जुडी सभी तरह की जानकारी और सेवाए उपलब्ध कराई जा रही है। शनिवार को एक्सपो के शुरू होते ही लोगों की भीड उमड पडी। अवसर पर नीम्स ब्रो ग्रुप, ऐस वेन्चर, साकेत, महावीर क्रिसटल, जैन कन्सट्रक्शन, होम लेन्ड डेवलपर, रुबीक कंसट्रक्शन, भानोदया क्रिसटल, दानुबे दुबई, हरीया प्रोपर्टीस आदि ने अपने प्रॉजेक्ट प्रस्तुत किये। शापुर पालोनजी, गोदरेज प्रापर्टीस, अडानी रियालटी, डीमैक दुबई, रामकी, महावीर हैदराबाद, मैपल हैदराबाद, डी.एन. होमस, अर्बनाईस, वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर नोईडा सी.बी.डी., पटाया प्रोपर्टी आदि भी रिमेक्स के साथ अपने प्रॉजेक्ट के माध्यम से जुडे है।

इस प्रॉपर्टी एक्सपो मे रियल एस्टेट के प्रमुख ब्रांड मैजूद रहे। एक्सपो मे कई एक्सक्लूसिव स्कीम भी रही। आयोजन मे कामर्शियल, रेजीडेंशियल और प्लाट की विभिन्न कैटेगिरी दी गई है। ग्राहको के लिए यहाँ ऑन द स्पाट बुकिंग मिल रही है। अवसर पर महेन्द्र मारू, कुनाल हरिया, पवन, नेहल अग्रवाल, तुषारसालवानी, इरशाद, सुप्रभात राय चौधरी, पुरुशोत्तम पटेल, शरद राठी व अन्य उपस्थित थे।



एग्जीबिशन समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपाध्यक्ष के. निरंजन, मंत्री बी. सुरेंद्र रेड्डी, कोषाध्यक्ष डॉक्टर बी. प्रभाशंकर, सह मंत्री डी. मोहन का रामायण मेला समिति की ओर से स्वागत करते हुए प्रधान संयोजक गोविंद राठी, कोषाध्यक्ष गिरधारी लाल डागा, मनोज जायसवाल एवं सुमित राठी।

# डांडिया और गरबा में सांस्कृतिक महत्व का सम्मान करें : बजरंग सेना



**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नवरात्रि पर आयोजित होने वाले डांडिया और गरबा कार्यक्रमों पर चर्चा के लिए शनिवार को काचीगुड़ा कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष एन.आर. लक्ष्मण राव ने त्यौहारों से जुड़े सांस्कृतिक और पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित करने के महत्व के बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

अवसर पर महिला विभाग की अध्यक्ष श्रीमती रजनी श्रीरामोजू और सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रूबी मिश्रा ने उपाध्यक्ष संजय कुमार के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि डांडिया और गरबा कार्यक्रमों के आयोजकों को इन समारोहों के सांस्कृतिक महत्व का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए एक संयुक्त अपील की कि इन कार्यक्रमों में केवल हिंदू समुदाय के सदस्य ही भाग लें और आयोजकों से त्यौहार की भावना को बनाए रखने के लिए हिंदू बाउंसर, डीजे और अन्य कर्मचारियों को नियुक्त करने का आग्रह किया। इस अवसर पर श्रीमती काजल, श्रीमती सबिता, रामेश्वर मिश्रा, वद्देती रविंदर, नरेश और अन्य गणमान्य व्यक्ति अपना समर्थन दिखाने के लिए मौजूद थे।

# अक्टूबर के पहले हफ्ते में होगा एक शाम गौमाता के नाम विशाल जागरण

**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बालाजी नगर जवहार नगर स्थित श्री आईजी गौशाला में एक शाम गौमाता के नाम विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। श्री आईजी गौशाला अध्यक्ष मंगलाराम पंवार सचिव हुक्माराम सानपुरा ने बताया आगामी 04 अक्टूबर शुक्रवार को ग्यारहवां विशाल जागरण एवं डांडिया नृत्य व माह प्रसादी कार्यक्रम रखा जाएगा। राजस्थान प्रसिद्ध भजन गायक राम कुंवार सैनी रामकुमार मालूणी नागौर एण्ड पार्टी द्वारा भजन प्रस्तुति किये जाएंगे। बीआरएस राजस्थानी मिडिया द्वारा लाईव प्रसारण होगा। सभी गौभक्तों से निवेदन है कि सपरिवार पधार कर दान-पुण्य कर, गौ दर्शन, भजनों व महाप्रसादी का लाभ लें और 02 अक्टूबर को अमावस्या के उपलक्ष्य में गौमाता के नाम से विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक जागरण आयोजन बीआरएस राजस्थानी मिडिया भगवान राम राठौड़, बबूल प्रजापत और भजन गायक संदीप सेजू, भौराराम सैणचा, रमेश सीरवी, रमेश प्रजापत द्वारा भजन प्रस्तुति किये जाएंगे। सभी गौभक्तों से निवेदन है कि सपरिवार पधार कर दान-पुण्य कर, गौ दर्शन, भजनों व महाप्रसादी का लाभ लेवें।



शहीद भगत सिंह को उनके 117वें जन्मदिवस पर गौलीगुड़ा स्थित गुरुद्वारा के समीप स्थित स्मारिका पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए ते-देपा राज्य वाणिज्य सेल के संगठन सचिव केडी दिनेश, चंदन सिंह, हरदीप सिंह, अवतार सिंह, अनमोल सिंह, हरनाम सिंह, प्रदीप सिंह, पूर्व एसआई सोमा शेखर एवं लड्डू सोडी।

# डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव इंडियान डायमंड डिग्निटी पुरस्कार के लिए चयनित



**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद की हिंदी और संस्कृत की विद्वान साहित्यकार डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव को भव्या फ़ाउण्डेशन, जयपुर (राजस्थान) की ओर से इंडियन डायमंड डिग्निटी पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार फाउण्डेशन की ओर से 29 सितंबर को सुरेश ज्ञान विहार विवि जयपुर के कालिंदी सभागार में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन के दौरान उन्हें सम्मानित किया जाएगा।

यह पुरस्कार उन्हें शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया जाएगा।

ज्ञातव्य है कि इस समय डॉ. प्रेमलता श्रीवास्तव के तीन कहानी संग्रह : दर्द के रिश्ते, वह सब झूठ था और तुम भी.. देश में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

# आज से मानसून की बारिश शुरू होने की उम्मीद

**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** थोड़े समय की शांति के बाद, हैदराबाद में बारिश की वापसी की उम्मीद है, मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले 48 घंटों में बारिश की गतिविधि में वृद्धि होगी। शहर में रविवार से भारी बारिश होने की संभावना है, जिससे शहर के उन हिस्सों को राहत मिलेगी, जहां सूखे की स्थिति थी। तेलंगाना विकास योजना सोसाइटी पर मौसम अनुसंधान और पूर्वानुमान मॉडल मानचित्रों के अनुसार, बारिश की तीव्रता बढ़ने वाली है, खासकर रविवार 29 सितंबर को।

# अखंड अग्र ज्योति रथ यात्रा का ज्ञानबाग़ कॉलोनी महिला एवं पुरुष शाखा ने किया स्वागत



**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महाराजा अग्रसेन जी की 5148वीं जयंती के संदर्भ में अग्रवाल समाज द्वारा अखंड अग्र ज्योति रथ यात्रा का आयोजन किया गया है।

जो समाज की सभी शाखाओं मैं भ्रमण कर समाज के सभी अग्र बंधुओं को लाभान्वित कर रही है। इसी क्रम में 27 सितंबर 2024 को अग्र ज्योति रथ यात्रा ज्ञानबाग़ कॉलोनी स्थित के एन एन्क्लेव पहुंची।

जिसका सभी ने भव्यता के साथ स्वागत कर दर्शनों का लाभ लिया।

इस अवसर पर ज्ञानबाग़ कॉलोनी महिला एवं पुरुष शाखा के सभी पदाधिकारी एवं शाखा के सदस्य उपस्थित थे।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**ज्योतिष ASTROLOGY**

नाकोड़ा भैरव ज्योतिष

(जय जिनेन्द्र) मारवाड़ी, गुजराती महाराज, माजिशा भक्त हस्तरेखा, जन्माक्षर, पूजा-पाठ, संतान प्राप्ति, शारीरिक पीड़ा, मानसिक पीड़ा, व्यापार, सगाई, लग्न विलंब, शत्रुनिवारण, प्रेम समस्या, कर्ज मुक्ति, गृहक्लेश आकर्षण प्रयोग, पतिवश, सास-बहू झगड़ा, एकतरफा प्रेम (वशीकरण के जानकार) जीवन की जटिल समस्याओं का A+Z समाधान। बेगम बाजार, हैदराबाद. संपर्क : 9032460847.

**CHANGE OF NAME**

I, Krishna Kumari W/O Santhosh.P. R/o Krishna nilayam, Mariyapadam (H), Elavampadam (PO), Alathur (Teh), Palakkad (Dt), Kerala (St) pin-678684 have changed my name from **KRISHNA KUMARI** to **KRISHNAKUMARI. P R.** Vide affidavit dt:27-09-2024 Before judicial magistrate court Hyderabad, Telangana

**CHANGE OF NAME**

I, P BINDU Spouse of Service No. 14627913Y Ex Hav J M STALIN, R/o.H.No.37-70/A/5, Street No.3, Beside Durgamata Temple, Jagjivanram Nagar, Neredmet, Secunderabad-500094 have changed my name from **P BINDU** to **BINDU STALIN** vide affidavit dt:27-9-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Service No.JC 733264N Sub SANTOSH KUMAR RAI of AdmBn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana India hereby declare that my daughter Name is Changed From **KRITI** to **KRITI RAI**.

# हेमंत सोरेन ने झारखंड की प्रत्येक बहन के 1,20,000 रुपए खाकर उन्हें धोखा दिया :शिवराज

**रांची, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को झारखंड के पलामू जिले स्थित डालटनगंज में परिवर्तन महासभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री चौहान ने कहा कि, पलामू प्रमंडल में 1 हजार किलोमीटर की परिवर्तन यात्रा हुई है और इस यात्रा में आप लोगों का उत्साह देखते हुए मैं कह सकता हूं कि, झारखंड में परिवर्तन सुनिश्चित है, हेमंत सोरेन की सरकार जाना तय है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार आना भी तय है। वहीं श्री चौहान ने झारखंड की जेएमएम और कांग्रेस गठबंधन सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि, ये गठबंधन नहीं ठगबंधन है, इन्होंने मिलकर जल संपदा, वन संपदा और खनिज संपदा से भरपूर, सुंदर प्रदेश को खोखला कर दिया है। जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तो यहां ऐसे विकास के काम हुए थे कि, जनता आज भी याद करती है। इसलिए अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही झारखंड को विकास के पथ पर ले जाएगी।



केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने हेमंत सोरेन सरकार की मइयां सम्मान योजना को लेकर कहा कि पांच साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान जेएमएम ने महिलाओं से वादा किया था कि, उन्हें हर महीने चूल्हा खर्च के लिए 2 हजार रूपए दिए जाएंगे, लेकिन 4 साल 10 महीने हेमंत सोरेन को माताओ-बहनों की याद नहीं आई और अब चुनाव के नजदीक आते ही उनके खाते में महज़ 1 हजार रूपए डाले जा रहे हैं। श्री चौहान ने कहा कि, अगर एक महिला हितग्राही को 2 हजार रूपए प्रति माह के हिसाब से 1 साल राशि मिलती तो सालाना 24 हजार रूपए होते हैं, और पांच साल के हिसाब से हर महिला हितग्राही के खाते में अब तक 1 लाख 20 हजार रूपए मिलने चाहिए थे, लेकिन मिले कितने, केवल 2 हजार रूपए। यानी कि, धोखेबाज सोरेन सरकार महिलाओं के हक के 1 लाख 18 हजार रूपए भी डकार गई। अगर हेमंत सोरेन मइयां सम्मान की बात करते हैं तो चुनाव से पहले महिला हितग्राहियों के खाते में 1 लाख 18 हजार रूपए दें। वहीं शिवराज ने बताया कि, हमारी सरकार मध्यप्रदेश में है, लाड़ली बहना योजना चल रही है, हमारी सरकार महाराष्ट्र में है तो वहां भी लाड़की बहन योजना चल रही है, हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में है तो वहां भी महतारी वंदन योजना के तहत बहनों को राशि दी जा रही है। ओडिशा में अभी-अभी सरकार बनी है और वहां भी बहनों के खातों में पैसा डालना शुरू कर दिया गया है। श्री चौहान ने कहा कि, भाजपा की सरकार बनते ही झारखंड की बहनों के खातों में भी 2100 रूपए की राशि हर महीने डाली जाएगी।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि, सोरेन सरकार ने युवाओं को 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन किसी को भी नौकरी नहीं मिली। अब चुनाव नजदीक आ गए हैं तो सिपाही भर्ती के नाम पर युवाओं को कड़ी धूप में 10-10 किलोमीटर तक दौड़ा दिया। जिससे कई बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। हेमंत सोरेन जवाब दो आज तक देश में किस फिजिकल परीक्षा में युवाओं की मौत हुई है, ये हादसा नहीं हत्या है। उन्होंने कहा कि, भाजपा की सरकार बनते ही हम इस पूरे मामले की जांच कराएंगे, दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में 2 लाख 87 हजार से ज्यादा खाली पड़े सरकारी पदों को भरा जाएगा। कैलेंडर बना कर तय करेंगे कि, किस तारीख को परीक्षा होगी, कब रिजल्ट आएगा और किस दिन जॉइनिंग होगी।

उन्होंने कहा कि, जेएमएम सरकार युवाओं के साथ छल कर रही है, यहां 17 बार पेपर लीक हुए हैं, और परीक्षाएं रद्द हुई है। ये झारखंड मुक्ति मोर्चा नहीं, पेपर लीक मोर्चा बन गया है। पेपर लीक की भी जांच की जाएगी। पेपर लीक करने वालो को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। साथ ही शिवराज सिंह ने कहा कि, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं को 2 साल तक 2 हजार रूपए की राशि दी जाएगी, ताकि वह अच्छी नौकरी के लिए तैयारी कर सकें। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि, झारखंड की बहनें मेरे पास पोटली में माटी और अक्षत लेकर आ रही हैं और कह रही है कि, झारखंड में माटी संकट में है, बेटी संकट में है और रोटी भी संकट में है। माटी, बेटी और रोटी को केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही बचा सकती है। श्री चौहान ने कहा कि, माटी इसलिए खतरे में हैं क्योंकि, झारखंड से कोयला बंगाल के रास्ते बांग्लादेश जा रहा है। बेटी इसलिए सुरक्षित नहीं है क्योंकि, झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठिए आ रहे हैं और हमारी बेटियों से शादी कर जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और सोरेन सरकार विदेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है उनके आधार कार्ड बनवा रही है और रोटी इसलिए खतरे में हैं क्योंकि जेएमएम सरकार, नौकरी और बेरोजगारी भत्ते का वादा करने के बाद भी पिछले पांच सालों में एक भी नौकरी और भत्ता नहीं दे सकी है। युवाओं का भविष्य बर्बाद करने की कोशिश की जा रही है। श्री चौहान ने कहा कि, भाजपा की सरकार बनते ही विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकालेंगे और झारखंड में माटी, बेटी और रोटी को सुरक्षित करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसान हितैषी हैं। झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने कभी भी किसानों के विकास और कल्याण के लिए कुछ नहीं किया है। जबकि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही मोदी जी ने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की राशि जारी की। श्री चौहान ने कहा कि, झारखंड के पलामू इलाके में भरपूर अरहर पैदा होती है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार अरहर का एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदेगी। वहीं शिवराज सिंह ने कहा कि, पहले जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तो विकास के ऐसे काम हुए थे कि, आज भी जनता याद करती है। उस समय भाजपा की सरकार, किसानों को प्रति एकड़ पर 5 हजार रूपए की राशि देती थी, लेकिन सोरेन सरकार ने किसानों को मिलने वाली राशि भी बंद कर दी। शिवराज सिंह ने कहा कि, झारखंड में कमल खिलने के बाद फिर से किसानों के हित की ये योजना प्रारंभ की जाएगी। किसानों की जिंदगी बदलना भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प है।

# डीयू के छात्र संघ चुनाव के परिणाम शीघ्र घोषित किये जाएं: अभाविप



**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव (डूसू) चुनाव के परिणाम को शीघ्र घोषित करने की शनिवार को मांग की।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने आज यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि डूसू चुनाव के परिणाम को शीघ्र घोषित किए जाने चाहिए, क्योंकि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ शिक्षा क्षेत्र तथा युवाओं के मुद्दों को उठाने का सशक्त माध्यम रहे हैं। श्री शुक्ल ने कहा, डूसू चुनाव को लेकर उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई के दौरान इससे संबंधित विभिन्न हितधारकों को पक्ष रखने के लिए नहीं बुलाया गया था।

छात्रसंघ चुनाव संबंधी विषय में विभिन्न पक्षों में वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप बदलाव होने चाहिए, दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे विशाल छात्रसंघ चुनाव में जहां लगभग डेढ़ लाख वोटर हैं, वहां पांच हजार रुपए में चुनाव लड़ने का नियम बिल्कुल तर्कसंगत नहीं है। साथ ही, चुनाव के विभिन्न अन्य नियमों में भी वर्तमान समय की अपेक्षाओं के अनुसार बदलाव होने चाहिए। आम आदमी पार्टी का छात्र संगठन डीयू में दो बार छात्र संघ चुनाव लड़कर बुरी तरह हार चुका है, उसी खीझ में इसे बदनाम करने की कोशिश कर रहा है।

अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा, छात्रसंघ चुनाव में जो सुधार का पक्ष है, उसके लिए पूर्व कुलपतियों, शिक्षाविद, छात्रसंघ के पदाधिकारियों, छात्र संगठनों के प्रतिनिधि तथा अन्य विशेषज्ञों सम्मिलित उच्च स्तरीय समिति गठित की जानी चाहिए, जिससे सभी हितधारकों के पक्ष सम्मिलित हो सकें।

व्यवस्थाओं में सुधार बिना हितधारकों के पक्ष को सम्मिलित किए नहीं हो सकता है। अभाविप की दिल्ली इकाई के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि एक ओर पूरे देश में जहां विभिन्न निकायों तथा समूहों के चुनाव हो रहे हैं, वहां अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में छात्रसंघ चुनाव बंद करवाने के लिए साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा, छात्रसंघ चुनाव में जो आवश्यक परिवर्तन होने हैं, उस दिशा में प्रयास होने चाहिए, न कि समस्याएं दिखाकर छात्र संघ ही बंद कर दिया जाए। छात्रों को उनका प्रतिनिधि चुनने का पूरा लोकतांत्रिक अधिकार है, उसे किसी भी तरह छीना नहीं जा सकता।

# न्यायाधीशों से संबंधों को लेकर नेहरू इंदिरा का इतिहास विवादास्पद: हरिवंश

**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में मुख्य न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ के घर में गणपति पूजन पर विवाद खड़ा करने का कोई आधार नहीं था, लेकिन विवाद खड़ा किया गया।



श्री हरिवंश ने कहा कि विवाद खड़ा करने वाले यदि पूर्व की कांग्रेस सरकारों का इतिहास देख लेते तो विवाद नहीं करते। न्यायाधीशों और न्यायपालिका से संबंधों को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी का इतिहास सनसनीखेज और विवादास्पद किस्सों से भरा रहा। उन्होंने कहा कि कई पूर्व प्रधानमंत्रियों ने तो न्यायाधीशों से निजी लाभ तक लेने की कोशिश की। उन्होंने कहा, जो लोग सेपरेशन ऑफ पावर की बात करते हैं, उन्हें ये किस्से याद कर लेने चाहिए। ऐसे अनेक किस्से हैं, जो यह बताते हैं कि निजी निष्ठा, संबंध, और अन्य कारणों के आधार पर कांग्रेस की पूर्व की सरकारों ने उच्चतम न्यायालय तक में न्यायाधीशों को नियुक्त किया। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के 10 साल के शासन काल के दौरान मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहते हुए तब के मुख्य न्यायाधीशों को अपनी इफ्तार पार्टी में हमेशा बुलाते रहे थे, उस समय तो किसी ने सवाल नहीं खड़े किए।

राज्य सभा के उप-सभापति ने संसद टीवी के साथ संवाद कार्यक्रम में गणेश उत्सव के मौके पर श्री मोदी और मुख्य न्यायाधीश धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ की मुलाकात के संबंध में कहा कि जो लोग संवैधानिक पदों पर बैठे प्रमुखों के मेल मिलाप पर सवाल उठाते हैं, उन्हें जानना चाहिये कि भारतीय संविधान यह नहीं कहता कि कार्यपालिका और न्यायपालिका के प्रमुख एक-दूसरे से नहीं मिलेंगे। सिर्फ विरोध के नाम पर विरोध करने वाले अपनी प्रामाणिकता को कम करते हैं।

इस संवाद कार्यक्रम में श्री हरिवंश ने मीडिया की स्वतंत्रता और जवाबदेही के बारे में विस्तार से बात करते हुए कहा कि आज मीडिया स्वतंत्र है। एक प्रमुख समाचार पत्र की हेडिंग दिखाते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे हेडिंग लगाए जाते हैं, जैसे आपातकाल में नहीं लगे और इसके बाद भी लोग मीडिया की स्वतंत्रता को लेकर सवाल उठाते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों पर अमर्यादित हेडिंग लगाना उचित हैं ? प्रेस की आजादी और जवाबदेही दोनों महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा की पत्रकारिता आदर्शों से दूर हो रही है। पत्रकारिता का धर्म लोगों को जागरूक करना है। राष्ट्र धर्म मीडिया के लिए हमेशा से पहले रहा है। पश्चिमी मीडिया ने कई बार भारत को लेकर भ्रामक खबरें फैलाई। भारत को लेकर पश्चिमी मीडिया की धारणायें गलत साबित हुईं। कोरोना को लेकर भी गलत साबित हुई। उन्होंने कहा कि आज भारत का तेजी से विकास हो रहा है, आर्थिक तरक्की कर रहा है। कुछ विदेशी शक्तियां विकास की इस रफ्तार को रोकना चाहती हैं। ऐसी शक्तियां भारत की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करना चाहती हैं। भारत विरोधी शक्तियां सोशल मीडिया को जरिया बना रही हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को विदेशों से प्रभावित करने की कोशिश की गयी। इसको देखते हुये सावधान रहना होगा।

## हमारे विमान को शिलांग में नहीं उतरने दिया गया : स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद

**शिलांग, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

देश भर में गोवध पर पाबंदी लगाने के आंदोलन कर रहे ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंदजी महाराज ने शनिवार को कहा कि उनके विमान को शिलांग हवाई अड्डे पर अधिकारियों ने उतरने की अनुमति नहीं दी और उन्होंने वहां मेघों के बीच उड़ते विमान में ही गौप्रतिष्ठा ध्वज फहराया। शंकराचार्य के मीडिया प्रभारी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में ज्योतिषीठाधीश्वर को विमान में ध्वज फहराते दिखाया गया है। उन्हों ने कहा कि वह आज सुबह शिलांग पहुंचकर गौप्रतिष्ठा ध्वज की स्थापना करना चाहते थे, लेकिन राज्य सरकार की ओर से उनके विमान को उतरने की अनुमति नहीं दी गयी। उनके एक प्रवक्ता ने बयान में कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अगरतला एयरपोर्ट पर पहुँचने के बाद मेघालय की राजधानी शिलांग जाने को तैयार हुए तो पता चला कि मेघालय सरकार ने शिलांग हवाई अड्डे का परिचालन कर रहे भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों को उनके विमान को शिलांग में न उतरने देने के आदेश दिये हैं।

# कोरिया के एचडब्ल्यूपीएल ने भारत में मनाई विश्व शांति सम्मेलन की 10वीं वर्षगांठ

**नई दिल्ली, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

दक्षिण कोरिया के गैर सरकारी संगठन हेवनली कल्चर, वर्ल्ड पीस, रिस्टोरेशन ऑफ लाइट (एचडब्ल्यूपीएल) ने 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यहां भारत में एकता के माध्यम से विश्व शांति समुदाय का निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया। संयुक्त राष्ट्र के वैश्विक संचार विभाग से सम्बद्ध यह संगठन विश्व शांति और सांस्कृतिक मेलजोल बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करता है।

संगठन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार राजधानी में आयोजित कार्यक्रम में संगठन द्वारा भारत में विभिन्न संगठनों से किए गए समझौतों के अंतर्गत एक दशक की प्रमुख उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया। विभिन्न देशों के साथ इन समझौतों में संगठन ने शांति सुनिश्चित करने के लिये कानूनी साधनों को लागू करने, धार्मिक सद्भाव का निर्माण और सरकारी नुमाइंदों और नागरिकों द्वारा शांति संबंधी गतिविधियों के आयोजन की प्रतिबद्धता शामिल है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि एचडब्ल्यूपीएल के 170 देशों में 500,000 सदस्य हैं । संगठन 105 देशों में 1,014 संगठनों के साथ मिल कर शांति को बढावा देने की परियोजनायें चला रहा है।

पिछले साल तक यह आयोजन दक्षिण कोरिया में हुआ था लेकिन इस वर्ष इसे विश्व में विभिन्न जगहों पर आयोजित किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में भारत के सभी राज्यों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम में भारतीय सर्वधर्म संसद के राष्ट्रीय संयोजक गोस्वामी सुशील महाराज ने विश्व भर में शांति को बढ़ावा देने में एचडब्लूपीएल के अध्यक्ष की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना करते हुये कहा कि भारत अंतरधार्मिक संवाद इसका एक उत्कृष्ट उदाहरण है। हम जनवरी में सभी धर्मों की अंतरधार्मिक संसद का आयोजन कर रहे हैं और शांति को बढ़ावा देने के लिये दुनिया भर के सभी लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं।

अंतरधार्मिक नेता मार्गरेट रेबेलो ने कहा, अंतरधार्मिक परिवार की ओर से, मैं इसके संस्थापक और अध्यक्ष ली मैन ही को बधाई देता हूं, जो ईश्वरीय प्रेरणा से सभी धर्मों, सभी जातियों और पंथों के लोगों, सभी सद्भावना रखने वाले लोगों को इस दुनिया में शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने और इस तरह आने वाली पीढ़ियों के लिये शांति और सद्भाव की विरासत छोड़ने के काम में मदद कर रहे है।

भारतीय बार परिसंघ के प्रमुख प्रवीण एच पारेख ने कहा, एचडब्ल्यूपीएल के साथ सहयोग से, मुझे शांति पर एक नया दृष्टिकोण मिला है और हमारे साझा लक्ष्यों के लिए कानूनी नींव स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत में एचडब्ल्यूपीएल की महानिदेशक दीक्षा रंजन ने कहा, विश्व शांति प्राप्त करना सबकी जिम्मेदारी और सबका साझा लक्ष्य है जिसे हमें मिलकर हासिल करना चाहिए।

# तमिलनाडु में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**कृष्णागिरी, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले के नागमंगलम के पास उड्डनपल्ली में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (टीईपीएल) फैक्ट्री की मोबाइल फोन एक्सेसरीज यूनिट में शनिवार को भीषण आग लग गयी।



पुलिस सूत्रों ने कहा कि सुबह लगभग 05:45 बजे आग लगने की सूचना मिलने पर तुरंत कृष्णागिरी और धर्मपुरी जिलों से तमिलनाडु अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के 10 से अधिक दमकल को घटनास्थल की ओर रवाना किया गया। यूनिट में रात की पाली में कर्मचारी तैनात थे। उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि, काले धुएं के कारण दम घुटने की शिकायत करने वाले चार श्रमिकों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

इस घटना में फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भीषण आग के कारण यूनिट और उसके आसपास घना काला धुआं फैल गया। शुरुआती रिपोर्टों में कहा गया है कि आग टीईपीएल की मोबाइल पैनल पेंटिंग यूनिट में लगी।

घटनास्थल का दौरा करने वाले कृष्णागिरी के पुलिस अधीक्षक पी. थंगादुरई ने कहा कि आग बुझाने के अभियान में सहायता के लिए 100 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस बीच, एक प्रेस विज्ञप्ति में टीईपीएल ने कहा, तमिलनाडु के होसुर में हमारे संयंत्र में आग लगने की एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। संयंत्र में हमारे आपातकालीन प्रोटोकॉल ने सुनिश्चित किया कि हमारे सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। आग लगने के कारण की जांच की जा रही है, और हम अपने कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

# ओड़ीशा में बस पलटने से चार तीर्थयात्रियों की मौत, 45 घायल

## उत्तर प्रदेश से 57 यात्रियों को लेकर पुरी जा रही पर्यटक बस

**बालासोर, 28 सितंबर (एजेंसियां)।**

ओड़ीशा के जलेश्वर में राष्ट्रीय राजमार्ग 60 पर शुक्रवार देर रात बस के पलट जाने से एक महिला सहित चार तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और 45 अन्य घायल हो गए।




पुलिस ने शनिवार को बताया कि यह दुर्घटना जलेश्वर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत चलंती चक के पास देर रात करीब 12:45 बजे हुई। उत्तर प्रदेश से 57 यात्रियों को लेकर पुरी जा रही पर्यटक बस सड़क से फिसलकर लगभग 20 फीट नीचे एक खेत में गिर गई। घायलों को स्थानीय जीके भट्टर अस्पताल में भर्ती कराया गया, और उनमें से 14 को बाद में जिला मुख्यालय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनका सर्जरी और आर्थोपेडिक वार्ड में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय अधिकतर यात्री सो रहे थे। संदेह है कि चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह घटना हुई।

अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सुधाकर नायक ने बताया कि घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस कर्मियों द्वारा चालक का दरवाजा काटकर पलटी हुई बस से यात्रियों को बचाया गया। मामूली रूप से घायल तीर्थयात्रियों को उनके घर वापस भेजने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि चालक, सहायक कर्मी और ट्रैवल एजेंट को हिरासत में लिया गया है और जांच जारी है।

# सत्ता के सामने सच बोलना व्यक्ति को अधिक ताकतवर बनाता है : मुर्मू




**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कानूनी पेशेवरों के लिए ईमानदारी और साहस के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सत्ता के सामने सच बोलना व्यक्ति को अधिक शक्तिशाली बनाता है।श्रीमती मुर्मु शनिवार को यहां नालसार विधि विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने स्नातक छात्रों को बधाई दी और उन्हें अपनी शिक्षा का उपयोग सामाजिक न्याय और विकास के साधन के रूप में करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मैं इस दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को हार्दिक बधाई देती हूं।

मैं उन लोगों की खुशी में शामिल हूं, जिन्होंने अपनी असाधारण उपलब्धियों के लिए पदक प्राप्त किए हैं। छात्रों को उनके जीवन एवं करियर में महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल करने की दिशा में मार्गदर्शन करने के लिए विश्वविद्यालय के संकाय और कर्मचारियों के योगदान की भी सराहना की।राष्ट्रपति मुर्मू ने विकलांगता, न्याय तक पहुँच, जेल और किशोर न्याय तथा कानूनी सहायता से संबंधित मुद्दों को संबोधित करने में नालसार की पहल की सराहना की।

उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा पशु कानून केंद्र की स्थापना पर प्रकाश डाला तथा ओडिशा में मत्स्य पालन और पशु संसाधन विकास मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल को याद करते हुए अपनी प्रशंसा व्यक्त की।

उन्होंने कहा, लोगों को जानवरों की सुरक्षा और कल्याण के बारे में जागरूक करने के लिए व्यापक प्रयास किए जाने चाहिए। मैं युवा पीढ़ी से अपेक्षा करती हूँ कि वे मानवता की भलाई के लिए जानवरों, पक्षियों, पेड़ों और जल निकायों की रक्षा करें।राष्ट्रपति ने अध्ययन के क्षेत्र के रूप में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर विश्वविद्यालय के ध्यान को भी मान्यता दी। उन्होंने भावी कानूनी पेशेवरों से आग्रह किया कि वे न केवल व्यावसायिक विकास के लिए बल्कि सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के साधन के रूप में भी एआई का उपयोग करते हुए, तेजी से तकनीकी प्रगति के लिए तैयार रहें।

भारत की समृद्ध कानूनी विरासत का हवाला देते हुए, राष्ट्रपति मुर्मू ने चाणक्य के मअर्थ-शास्त्रफ और आपस्तंब सूत्र के योगदान सहित ऐतिहासिक संदर्भ साझा किए।

उन्होंने कहा, अतीत में हमारी सिद्ध उत्कृष्टता आपको हमारी सामूहिक प्रतिभा को फिर से खोजने के लिए प्रेरित करेगी। राष्ट्रपति ने चंपारण सत्याग्रह के दौरान न्याय की वकालत करने के लिए महात्मा गांधी द्वारा कानूनी कौशल के अनुकरणीय उपयोग का भी उल्लेख किया, जिसमें हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए कानूनी कौशल के साथ करुणा का मिश्रण किया गया।राष्ट्रपति मुर्मू ने देश में न्याय तक असमान पहुंच के मुद्दे पर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने आग्रह किया, दुर्भाग्य से, एक गरीब व्यक्ति को न्याय तक उतनी ही पहुंच नहीं मिलती जितनी एक अमीर व्यक्ति को मिलती है।

इस अनुचित स्थिति को बेहतरी के लिए बदलना होगा। मैं उम्मीद करती हूं कि आपकी पीढ़ी के कानूनी पेशेवर बदलाव लाने वाले एजेंट बनेंगे।महिला छात्रों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए, राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि महिला स्नातकों की कुल संख्या थोड़ी कम होने के बावजूद, पदक विजेताओं के रूप में महिला छात्रों की संख्या लड़कों से अधिक है।

उन्होंने अन्य महिलाओं और लड़कियों, विशेष रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आने वाली महिलाओं को सशक्त बनाने का आह्वान किया और नालसार और उसके पूर्व छात्रों से महिलाओं के खिलाफ अत्याचारों को रोकने की दिशा में काम करने के लिए महिला अधिवक्ताओं और कानून की छात्राओं का एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क बनाने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने स्नातकों को अपने करियर में आगे बढ़ने के साथ-साथ ईमानदारी और साहस के मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करते हुए अपने संबोधन का समापन किया।उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि आप नालसार में अपनी शिक्षा का उपयोग सामाजिक न्याय और विकास के एक प्रभावी साधन के रूप में करेंगे।

इस दृष्टिकोण के साथ, आप अपनी सफलता को सार्थक बनाएंगे और हमारे राष्ट्रीय लक्ष्यों में योगदान देंगे। मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूं। इस अवसर पर, सफल उम्मीदवारों को 57 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। सफल उम्मीदवारों को एलएलएम, बीए एलएलबी ऑनर्स, एमबीए और बीबीए पाठ्यक्रमों में डिग्री भी प्रदान की गई। पीएचडी, कानून और व्यवसाय प्रशासन में मास्टर डिग्री और कानून और व्यवसाय प्रशासन में स्नातक की डिग्री सहित 592 डिग्री भी प्रदान की गईं।

तेलंगाना के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा, भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश इस अवसर पर उपस्थित थे। नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के कुलाधिपति न्यायमूर्ति आलोक अराधे ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की।

# वक्फ बिल पर जेपीसी हैदराबाद में शिकायत बैठक आयोजित करेगी



**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति के सदस्य प्रस्तावित वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 पर शिकायतें प्राप्त करने के लिए हैदराबाद में बैठक कर रहे हैं।

राज्य सरकार का अल्पसंख्यक आयोग इस बैठक का आयोजन कर रहा है, जिसमें तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधि, दोनों राज्यों के वक्फ बोर्ड और राज्य अल्पसंख्यक आयोग अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।बैठक के दौरान हितधारक जेपीसी के साथ अपनी शिकायतों पर चर्चा कर सकते हैं।

जेपीसी सदस्य और महबूबनगर की सांसद अरुणा ने लोगों से भूमि विवादों की अपनी शिकायतें और वक्फ अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर अपनी राय प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले ही ईमेल और पत्रों के माध्यम से अपनी शिकायतें भेज चुके हैं, वे भी जेपीसी के सदस्यों से मिल सकते हैं।

# प्रसिद्ध लेखिका विजया भारती का निधन

**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

जानी मानी लेखिका बी विजय भारती का शनिवार को यहां निधन हो गया।

सुश्री भारती कवि, लेखक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता बोज्जा थारकम की पत्नी तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी बोज्जा राहुल की मां थी।




# रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद में हेरिटेज पर्यटन को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया

**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने घोषणा की है कि मूसी नदी के किनारे स्थित सभी ऐतिहासिक इमारतों को प्रसिद्ध पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। शहर में नदी के किनारे या उसके पास उस्मानिया अस्पताल, उच्च न्यायालय, जुबली हॉल और पुरानापुल ब्रिज जैसी उल्लेखनीय इमारतें स्थित हैं।

मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों से हैदराबाद की संस्कृति को दर्शाने वाली इमारतों के संरक्षण के लिए आगे आने का आग्रह किया।

उन्होंने उल्लेख किया कि सरकार ने पुराने विधानसभा भवन के जीर्णोद्धार की पहल की है और राज्य विधान परिषद को जल्द ही पुनर्निर्मित स्थल पर स्थानांतरित किया जाएगा। विधान परिषद का हाउस जुबली हॉल ऐतिहासिक महत्व रखता है और इसे विशेष तकनीक का उपयोग करके बनाया गया था, जिससे इसका संरक्षण ज़रूरी है।




सीएम रेवंत रेड्डी ने सुझाव दिया कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) जुबली हॉल को अपनाए और संरक्षित करे। उन्होंने पुराने उस्मानिया अस्पताल के संरक्षण की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला, जिसमें गोशामहल स्टेडियम में एक नया उस्मानिया अस्पताल बनाया जाना है। उन्होंने उच्च न्यायालय भवन की सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया और कहा कि सरकार ने राजेंद्र नगर में एक नए उच्च न्यायालय भवन के निर्माण के लिए पहले ही 100 एकड़ भूमि आवंटित कर दी है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पुरानापुल ब्रिज और हैदराबाद सिटी कॉलेज भवन जैसी ऐतिहासिक संरचनाओं के संरक्षण का आह्वान किया, जबकि उल्लेख किया कि चारमीनार संरक्षण परियोजना पहले से ही प्रगति पर है।

इस अवसर पर, राज्य पर्यटन विभाग ने हैदराबाद में कई प्राचीन बावड़ियों के जीर्णोद्धार के लिए सीआईआई के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। उद्योगपतियों ने इन बावड़ियों को बहाल करने और संरक्षित करने और उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

उन्होंने सीएम रेवंत रेड्डी को समझौते के दस्तावेज सौंपे, जिसमें इंफोसिस ने उस्मानिया विश्वविद्यालय में महलका बावड़ी के जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी ली, साई लाइफ ने मंचिरेवुला बावड़ी को गोद लिया, भारत बायोटेक ने सालार जंग और अम्मापल्ली कुओं को बहाल किया, डोडला डेयरी ने आदिकमेट बावड़ी का जीर्णोद्धार किया, टीजीआरटीसी ने फलकनुमा बावड़ी को संभाला और कोटि महिला कॉलेज ने रेजीडेंसी बावड़ी को बहाल किया। रेवंत रेड्डी ने कहा कि सरकारी स्कूलों के छात्रों को सरकार के तेलंगाना दर्शिनी कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के पर्यटक और ऐतिहासिक स्थलों की मुफ्त यात्रा करने का अवसर दिया जा रहा है ।

# रेवंत सरकार से मिलने वाला है दशहरा पर बड़ा तोहफा

**हैदराबाद, 28 सितंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना सरकार किसानों और अन्य वर्गों के लिए कई नई योजनाएं शुरू करके मदशहरा बोनसफ की घोषणा करने की तैयारी कर रही है।



रैयतु भरोसा, काश्तकारों को वित्तीय सहायता, पेंशन राशि में वृद्धि, सरकारी कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन, बढ़िया चावल योजना आदि शुरू करने की तैयारी चल रही है।दशहरा को पहला बड़ा शुभ अवसर मानते हुए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी शुक्रवार को आने वाले दिनों में शुरू होने वाली योजनाओं को अंतिम रूप देने में व्यस्त थे। मुख्यमंत्री कैबिनेट उप-समिति द्वारा दिए गए सुझावों के अनुसार वित्तीय सहायता को 5,000 रुपये प्रति एकड़ से बढ़ाकर 7,500 रुपये करके रैयतु भरोसा योजना की घोषणा करने की योजना बना रहे थे। योजना को लागू करने के तौर-तरीकों को पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया है। यह केवल गरीब और सीमांत किसानों पर लागू होगा, जबकि पिछली सरकार ने सभी किसानों को इसका लाभ दिया था। सूत्रों ने कहा कि अब रैयतु भरोसा योजना के तहत 10 एकड़ से अधिक भूमि न रखने वाले किसान भी इस योजना का लाभ उठाने के पात्र होंगे। काश्तकारों को सालाना 12 हजार रुपए देने का प्रावधान भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। काश्तकारों के लाभार्थियों की पहचान करना बड़ा काम है, इसलिए सरकार लाभार्थियों की पहचान के लिए किसानों से वचन लेने पर विचार कर रही है।बुजुर्गों और अविवाहित महिलाओं की पेंशन बढ़ाने पर भी विचार किया जा रहा है। कांग्रेस ने चुनाव घोषणापत्र में इन दोनों वर्गों की पेंशन राशि दोगुनी करने का वादा किया था। नए पेंशनभोगियों को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि डीए (महंगाई भत्ता), पुरानी पीआरसी का लाभ और पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग पिछले आठ महीने से लंबित है। उन्होंने बताया कि इनमें से कुछ मांगों के बारे में मुख्यमंत्री जल्द ही घोषणा करेंगे। सरकार ने सिंगरेनी कर्मचारियों के लिए त्यौहार बोनस की घोषणा की थी, इसलिए सरकारी कर्मचारी भी त्यौहार से पहले मिलने वाले बोनस का इंतजार कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि वित्त विभाग कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त धन की आवश्यकता के अनुमान को अंतिम रूप दे रहा है।







स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.